सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 33.0
न्यूनतम : 25.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-306 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 01 मई 2025
02 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## पीएम मोदी ने 14 लोगों की मौत पर जताया शोक

# राहत कोष से दो-दो लाख रुपए देने का किया एलान

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जांच के दिए आदेश

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकात के एक होटल में आग लगने और लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है तथा मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) को दो-दो लाख रुपये तथा जख्मी लोगों को 50,000-50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, कोलकाता में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति



संवेदना। जख्मी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएमएनआरएफ से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 02-02 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। जख्मी लोगों को 50,000-50,000 रुपये दिए जाएंगे। गौरतलब है कि मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार में फलपट्टी मछुआ के पास स्थित ऋतुराज होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गयी तथा कई अन्य जख्मी हुए हैं। आपको बचा दें कि होटल के 42 कमरों में कुल 88 लोग ठहरे हुए थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मृतकों की संख्या 14 होने की पुष्टि की और कहा कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किया, ''बुर्रा बाजार इलाके में एक निजी होटल (ऋतुराज) में आग लगने की घटना के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदना है। मैंने रात भर बचाव और अग्निशमन कार्यों की निगरानी की और इलाके में अधिकतम दमकल सेवाओं को भेजने का निर्देश दिया।

# जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार

- बिहार चुनाव से पहले केंद्र सरकार का बड़ा फैसला
- देश में आजादी के बाद पहली बार जातिगत जनगणना होगी
- प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होती है जनगणना

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया।



2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इसेक बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति की। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने महज खानापूर्ति का ही काम किया। उसने महज सर्वे कराना ही उचित समझा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है, जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और समाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी।

### देश में जातियों की स्थिति

| एससी जातियां | एसटी जातियां |
| --- | --- |
| 1270 | 748 |
| आबादी का 16.6 प्रतिशत | आबादी का 8.6 प्रतिशत |

आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार

### असम-मेघालय के बीच नया हाईवे

केंद्र सरकार ने असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाईवे सिलचर से शिलॉन्ग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। इसके अलावा गन्ने के एफआरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। गन्ने की नई एफआरपी 355 रुपए प्रति कुंटल की गई है। वहीं मोदी सरकार आगामी मूल जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का भी एलान किया है।

## दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए सीएम योगी

# ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने की कार्ययोजना बनाए गोरखपुर विश्वविद्यालय : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपनी 75 वर्ष की शानदार यात्रा का मूल्यांकन करते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय को अब शताब्दी वर्ष अर्थात आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना बनानी चाहिए। इस कार्ययोजना में उन बातों का जरूर ध्यान रखना होगा जिससे हमारा विश्वविद्यालय अच्छी ग्लोबल रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान वैश्विक बना सके।

सीएम योगी बुधवार अपराह्न दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हीरक जयंती



वर्ष के लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि एक मई 1950 को स्थापित इस विश्वविद्यालय की 75 वर्ष की यात्रा के विराम के बाद कल एक मई से अमृतकाल की यात्रा शुरू होगी। शताब्दी महोत्सव में गोरखपुर विश्वविद्यालय कहां होगा, इसकी कार्ययोजना आगामी छह माह से एक साल के भीतर बना लेनी होगी। और, फिर बिना रुके, बिना डिगे उस कार्ययोजना पर प्रयास करने की जरूरत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही विश्वविद्यालय ने अपनी अब तक की यात्रा में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन अब अच्छी और उल्लेखनीय ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने की दिशा में बढ़ने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की आगामी कार्ययोजना में सरकार हर संभव सहयोग करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना में विश्वविद्यालय को विशिष्टता के क्षेत्र में प्रयास करने चाहिए। इस दौरान ढेर सारे अवसर आएंगे। उन अवसरों को अपने अनुरूप जोड़ना और सामयिक निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था के लिए प्रत्येक क्षेत्र में आगे होना संभव नहीं है।

# आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों को कीमत चुकानी होगी : राहुल गांधी

- भारत ऐसी नापाक हरकत बर्दाश्त नहीं करेगा
- बिना किसी भ्रम के सख्त कार्रवाई करें प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए कायराना आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान, आतंकवादियों और आतंकियों के आकाओं को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग जोर पकड़ रही है।

ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, दहशतगर्दों को पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हमले की कीमत चुकानी होगी। उत्तर प्रदेश के कानपुर में रहने वाले शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर दिल्ली



लौटे राहुल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों के परिजनों की मांग है कि सरकार मृतकों को शहीद का दर्जा दे। आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील करते हुए राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्पष्ट और कड़ा संदेश देना चाहिए कि भारत ऐसी नापाक हरकत बर्दाश्त नहीं करेगा। पीएम मोदी को जैसा ठीक लगे, उस आधार पर वे कार्रवाई करने के लिए उचित समय का चुनाव कर सकते हैं, लेकिन उन्हें जल्द ही कोई कार्रवाई करनी होगी। बिना किसी भ्रम के सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। पीएम को टालमटोल कर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख के साथ अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से बात की। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

## गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत स्थित मां श्री गंगोत्री और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के मध्य, श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2025 का भी शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। श्री धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की पूजा

## रूस की यात्रा पर नहीं जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब रूस की यात्रा पर नहीं जाएंगे। पीएम मोदी 9 मई को मास्को के विजय दिवस पर आयोजीत कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। वह रूस में होने वाली विक्ट्री डे परेड में रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शामिल होने वाले थे, लेकिन उनकी ये यात्रा स्थगित कर दी गयी है। बता दें कि क्रेमलिन के प्रवक्ताता ने ये जानकारी देते हुए बताया है कि प्रधानमंत्री मोदी भले ही उपस्थित नहीं होंगे, लेकिन भारत का प्रतिनिधित्व एक अलग राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के जरिए किया जाएगा।

# अक्षय तृतीया पर देश में बिका 20 टन सोना



मुंबई में ही की गई 2350 करोड़ रुपये की खरीदारी

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के दिन सोने की कीमत 94361 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इस मौके पर देश में लगभग 20 टन सोना बिका। जिसका मूल्य 18000 करोड़ रुपये के करीब है। इस दौरान मुंबई में ही करीब 2.5 टन सोने की खरीदारी की गई। जिसका मूल्य 2350 करोड़ रुपये है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए ) के अनुसार अक्षय तृतीया के खास मौके पर लोगों ने सोना खरीदने में उत्साह दिखाया। जानकारों के अनुसार, अक्षय तृतीया के कारण दक्षिण भारत में आभूषणों की बिक्री बहुत अच्छी रही। लोग निवेश के नजरिए से सोने में बढ़-चढ़कर खरीदारी करते दिखे। खुदरा आभूषण विक्रेताओं का कहना है सोने की रिकॉर्ड कीमतों के कारण उपभोक्ताओं ने अक्षय तृतीया पर पुराने सोने की अदला-बदली कर भी खरीदारी की। आईबीजेए के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र मेहता ने अमर उजाला डॉटकॉम को बताया कि अक्षय तृतीया के दौरान दक्षिण भारत में आभूषणों की बिक्री बहुत अच्छी रही।

## सीआईएससीई 10वीं, 12वीं का रिजल्ट

# लड़कियों ने फिर मारी बाजी



### लखनऊ के होनहारों का भी रहा जलवा

**लखनऊ।** सीआईएससीई (काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) के रिजल्ट में एक बार फिर से राजधानी लखनऊ के मेधावियों की सफलता झूमकर बोली। राजधानी में 99 फीसदी से ज्यादा नंबर पाने वाले मेधावियों की लंबी फेहरिस्त है। एक-एक स्थान पर पांच से ज्यादा परीक्षार्थी हैं। काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) 10वीं के रिजल्ट में आद्या चौहान और पलक राज ने 99.6 फीसदी नंबर हासिल किए। इसी तरह इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आईएससी)-12वीं में वेदिका वत्स, त्वेशा गर्ग, समर्थ द्विवेदी, प्रणव सूरी, आशीष शुक्ला, श्रेया वर्मा, गौरिका लूथरा और आरुषि सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से 99.75 फीसदी अंक हासिल किए।

10वीं में 99.09 प्रतिशत तो 12वीं में 99.02 प्रतिशत हुए पास

**नई दिल्ली।** सीआईएससीई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के नतीजों में लड़किया लड़कियां एक बार से फिर से आगे रहीं। कक्षा 10वीं की परीक्षा में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 है। इसी तरह 12वीं कक्षा में भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 है। आईसीएसई परीक्षा (कक्षा 10) 67 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाएं और 14 विदेशी भाषाएं थीं और एक शास्त्रीय भाषा थी। आईएससी परीक्षा (कक्षा 12) 47 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 12 भारतीय भाषाएं, चार विदेशी भाषाएं और दो शास्त्रीय भाषाएं थीं। मुख्य कार्यकारी जोसफ इमैनुएल ने बुधवार को यह जानकारी दी। इमैनुएल ने कहा, ''उम्मीदवार और पक्षकार सीआईएससीई वेबसाइट या बोर्ड के करियर पोर्टल पर परिणाम देख सकते हैं। परिणाम डिजिलॉकर के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं।'' कक्षा 10 (आईसीएसई) और कक्षा 12 (आईएससी) के लिए सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी।


## City Montessori School

heartily congratulates its 3920 meritorious students who have secured 90% to 99.75 % marks in the ISC & ICSE Board Exams, 2025

8 students score 99.75% in ISC; 2 students score 99.60% in ICSE
72 students secured 99% to 99.75% agg. marks.

### ISC (Class XII) Achievers

99.75%

TWESHA GARG
Aliganj I

99.75%

VEDIKA VATS
Aliganj I

99.75%

SAAMARTH DWIVEDI
Gomti Nagar I

99.75%

GAURIKA LUTHRA
Mahanagar

99.75%

SHREYA VERMA
Mahanagar

99.75%

ASHISH SHUKLA
Mahanagar

99.75%

PRANAV SURI
Kanpur Road

99.75%


ARUSHI SINGH CHAUHAN
Rajajipuram


Note: 8 ISC students scored 99.75%, 9 students scored 99.50%, 18 students scored 99.25%, and 11 students scored 99%

### ICSE (Class X) Achievers

99.60%

ADYA CHAUHAN
Aliganj I

99.60%

PALAK RAI
Mahanagar


99.40%

SOMANSH K SINGH
Gomti Nagar I

99.40%

SARTHAK SINGH
Kanpur Road

99.40%

TAMREEN ZARA
Kanpur Road

99.40%

TEJAS SRIVASTAVA
Mahanagar

99.40%

ABHINAV JAIN
Rajajipuram I

99.40%

SHUBH BAJPAI
Rajajipuram I

Note: 2 ICSE students scored 99.60%, 6 students scored 99.40%, 10 students scored 99.20%, and 8 students scored 99%

### RESULTS THAT MAKE CMS EUPHORIC !

| S.No. | Highlights | Numbers | Percentage |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | CMS students who took the 2025 ICSE & ISC Exams | 6856 | - |
| 2. | CMS students who passed the 2025 ICSE & ISC Exams | 6856 | 100% |
| 3. | CMS students who secured 90% and above aggregate marks | 3920 | 57.2% |
| 4. | CMS students who secured 95% & above aggregate marks | 1555 | 22.7% |
| 5. | CMS students who secured 97% & above aggregate marks | 661 | 9.6% |
| 6. | CMS students who secured 98% & above aggregate marks | 330 | 4.8% |
| 7. | CMS students who secured 99% & above aggregate marks | 72 | 1.1 % |

These 3920 meritorious CMS students are invited to the
**Grand Victory March and Honouring Ceremony**
on Thursday, 1st May, 2025 at 7.45 am at CMS Gomti Nagar Extension Auditorium, Lucknow

Our honoured Chief Guest:
Shri Nand Gopal Gupta 'Nandi' Cabinet Minister, Industrial Development, Export Promotion, NRI and Investment Promotion, UP Govt.

Scan QR Code for the full result

# नीलनंदन एवं प्रियांशी वर्मा ने किया जिले में टॉप




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** आई.सी.एस.ई. (कक्षा 10) और आई.एस.सी. (कक्षा 12) की बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में विद्यालय का परचम लहराया आई.सी.एस.ई. परीक्षा में नीलनंदन की ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, आई.एस.सी. परीक्षा में प्रियांशी वर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया नीलनंदन के पिता राजेश कुमार सेरीकल्चर डिपार्मेंट में सीनियर असिस्टेंट है तथा माता आदित्य कुमारी बेसिक में शिक्षिका है। वह बड़े होकर डाटा एनालिस्ट बनना चाहता है। उल्लेखनीय है कि नीलनंदन ने विद्यालय की सभी ब्रांचो में टॉप किया है प्रियांशी वर्मा के पिता प्रदीप कुमार वर्मा बीएसएनल में ए.जी.एम.है तथा माता मीनू वर्मा गृहणी है। वह भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में दूसरे स्थान पर वैभवी ने 98त्र अंक प्राप्त किए हैं माता मुग्धा द्विवेदी बेसिक में शिक्षिका है। वह भविष्य में इसरो की साइंटिस्ट बनना चाहती है। आई.एस.सी. परीक्षा में मान्या अग्रवाल 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके पिता सुमित अग्रवाल एक व्यवसाय है। माता स्वीटी अग्रवाल एक गृहणी है। वह भविष्य में एक कुशल इंजीनियर बनना चाहती है सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया है इस वर्ष 139 छात्र-छात्राओं ने आई.सी.एस.ई. एवं 97 विद्यार्थियों ने आई.एस.सी. परीक्षा में सम्मिलित होकर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि आई.सी.एस.ई. में 28 एवं आई.एस.सी. में 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के परिचायक है विद्यालय के चेयरमैन व सांसद डॉ. एस.पी. सिंह, मुख्य प्रशासिका एवं पूर्व एम.एल.सी. श्रीमती कांति सिंह एवं प्रबंध निदेशक श्री सुशील सिंह ने सभी विद्यार्थियों को मोबाइल के माध्यम से बधाई प्रेषित की एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समर्पित मार्गदर्शन के साथ विद्यार्थी शीर्ष ऊँचाईयो को प्राप्त कर सकता हैं। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने मेधावी विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने उपस्थित अभिभावकों, सीनियर इंचार्ज प्रदीप रस्तोगी सहित समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

# जिले के तीन मेधावी युवाओं को क्स्ष्ट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पर किया गया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जब पुण्य अवसर हो अक्षय तृतीया का और संकल्प हो सफलता का, तो हर आयोजन प्रेरणा बन जाता है। ऐसा ही दृश्य आज लखीमपुर खीरी में उस समय साकार हुआ, जब जिले के तीन मेधावी युवाओं को क्स्ष्ट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पर सम्मानित किया गया स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सभागार में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस समारोह की शुरुआत विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने यूपीएससी में चयनित युवाओं और उनके परिवारजन के साथ दीप प्रज्वलन कर की। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।आकाश निगम और यथार्थ, दोनों लखीमपुर खीरी के मूल निवासी हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया।वहीं शुभेन्दु, जो वर्तमान में लखीमपुर खीरी में एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं, ने अपने दायित्वों के साथ-साथ आत्म-विकास की मिसाल पेश करते हुए यूपीएससी में सफलता अर्जित की। इन तीनों युवाओं ने मंच से न केवल अपने अनुभव साझा किए, बल्कि जिले के युवाओं को प्रेरणा और दिशा भी दी।

# जनजाति संस्कृति का संरक्षण और विकास मानवता के लिए बड़ा कदमः प्रो. सुभाष

*अवधनामा संवाददाता*




**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान एवं युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर के संयुक्त तत्त्वाधान में महाविद्यालय के गोल्डन जुबली हॉल में 23 से 29 अप्रैल 2025 तक सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन जनजातीय गायन एवं नृत्य ÷सृजन÷ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ 23-04-2025 को प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल तथा कार्यक्रम संयोजिका प्रो. ज्योति पन्त द्वारा किया गया।आज दिनांक 30-04-2025 को कार्यशाला के समापन समारोह में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यशाला के समापन समारोह के संचालक प्रो. सुभाष चन्द्रा ने थारू जनजाति गायन व नृत्य-कार्यशाला में विषय प्रवर्तन करते हुए सृजन कार्यक्रम की रूपरेखा से सभा को अवगत कराया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. ज्योति पन्त ने सृजन कार्यशाला के सम्बन्ध में विस्तार से बताते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय के प्रायः 45 थारू जनजातीय व गैर-थारू विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया इसी क्रम में मुख्य अतिथि अतुल द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय गायन, खानपान एवं वेशभूषा सहित विलुप्त हो रही संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हैं। भविष्य में थारू जनजाति को जनपदीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अधिक से अधिक अवसर देने के प्रयास किए जाएगें। निदेशक महोदय द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य-अतिथि एवं प्रतिभागियों के आभार व्यक्त करते हुए नई शिक्षा नीति के अनुसार जनजातीय उन्नयन हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों में महाविद्यालय पूर्ण सहयोग करेगा ऐसा आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रियांशी व उनके सहयोगियों ने ÷हम हैं आदिवासी÷ गीत पर, सोनी एवं वन्दना के समूह ने ÷होली नृत्य÷ तथा दृष्टि एवं अनिशा के समूह ने ÷राणा नृत्य÷ प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। प्रेरणा एवं कुन्ती ने उक्त कार्यक्रम में नृत्य एवं गायन प्रशिक्षण दिया कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी सहित अधिक संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पसगवां पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 30.04.2025 को मु0अ0सं0 130/25 धारा 70(2)/351(3)/352 बीएनएस व धारा 5(जी)/6 पाक्सो एक्ट में वांछित बाल अपचारी श्यामबाबू कुशवाहा पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी मो0 विजयनगर कस्बा बरवर थाना पसगवां एवं अभियुक्त शोहित कुशवाहा पुत्र गोपेंदर कुशवाहा निवासी मो0 बलरामनगर कस्बा बरवर थाना पसगवां को बसअड्डा चौराहा कस्बा बरवर से हिरासत पुलिस में लिया गया जिन्हे अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

## बाइकों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत दो युवकों की मौके पर मौत

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज मार्ग पर बुधवार की सुबह थाना नीमगांव क्षेत्र में भीषण हादसा हो गया। शिवाला के पर बाइकों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे दोनों युवकों की मौके पर ही जान चली गई जबिक बाइकों पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं जिन्हें सीएचसी से रेफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव लुकेपारा निवासी अशोक सिंह (51) की ससुराल थाना मैगलगंज के गांव बाईकुआं में थी उनके ससुर नरेश सिंह की मौत हो गई थी। वह उनके दसवां संस्कार में शामिल होकर ससुराल से बुधवार को घर वापस आ रहे थे। बाइक पर उनकी पत्नी उमा देवी (50) भी सवार थी। उधर सदर कोतवाली के कस्बा महेवागंज निवासी अमन निषाद थाना मितौली के गांव रतहरी स्थित अपने ननिहाल से अपनी मां उर्मिला को बाइक पर बैठाकर आ रहा था। दोनों की बाइकों में थाना नीमगांव क्षेत्र के करनपुर के शिवाला के पास दोनों की बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। बताते हैं कि दोनों की बाइकें काफी तेज रफ्तार से थीं। टक्कर इतनी तेज हुई कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। बाइक चालक और पीछए बैठी महिलाएं हाईवे पर काफी दूर तक घिसट गई। दोनों बाइक चालक हेलमेट भी नहीं लगाए थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल दोनों महिलाओं को एंबुलेंस 108 से सीएचसी बेहजम भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया है। हादसे में मौत की खबर मिलते ही दोनों के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

## डीएम आगरा ने किया लेडी लायल महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, कमियां मिलने पर की नाराजगी व्यक्त

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी द्वारा बुधवार को लेडी लायल महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला को निर्देश दिए गये कि सभी वार्डों में साफ-सफाई के साथ-साथ पुरूष व महिला शौचालयों में साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा पीने के पानी व ओआरएस काउन्टर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आगंतुकों को भीषण गर्मी में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वह स्वयं प्री-प्रसव वार्ड तथा पोस्ट प्रसव वार्ड के साथ साथ लेबर रूम का भी निरीक्षण कर उसकी आख्या उपलब्ध करायें। तत्क्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह द्वारा निरीक्षण कर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वार्डों में जो भी कमियां मिली हैं, उसके लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला को निर्देश दे दिए गये हैं साथ ही अनुपालन आख्या भी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये हैं। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा परीक्षण, जॉच एवं प्रसव आदि की जानकारी चाहने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 28 अप्रैल 2025 को 15, दिनांक 29 अप्रैल को 09 तथा दिनांक 30 अप्रैल को अब तक 20 प्रसव कराये जा चुके हैं।

# उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल द्वारा आयोजित आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव-शताब्दी समारोह संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन के स्टेशन महोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधार कर प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र उपाध्याय और डॉ. नवीन जैन के साथ स्टेशन महोत्सव पर आधारित पुस्तिका का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री बघेल ने कहा कि आगरा फोर्ट स्टेशन की 151 वर्षों की गौरवशाली यात्रा देश के रेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय है। यह स्टेशन न केवल आगरा का गौरव है, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक भी है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही अमृत भारत स्टेशन योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने का




ऐतिहासिक प्रयास है। साथ ही उन्होंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा रेलवे के सतत विकास हेतु किए जा रहे अथक प्रयासों की भी प्रशंसा की। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा नवीन जैन ने भी आगरा फोर्ट स्टेशन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह आगरा फोर्ट स्टेशन के लिए गौरवशाली क्षण है। केंद्रीय मंत्री बघेल व उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश उपाध्याय, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन ने उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, रेलकर्मियों और नागरिकों को इस ऐतिहासिक अवसर की शुभकामनाएँ दीं और आगरा फोर्ट स्टेशन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आपको बता दें, वर्तमान में आगरा फोर्ट स्टेशन का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत चल रहा है। लगभग 15.40 करोड़ रुपये की लागत से यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, डिजिटल डिस्प्ले और सुरक्षा में बड़े स्तर पर सुधार किए जा रहे हैं।

## ओकेंद्र राणा ने ली सपा सांसद सुमन के काफिले पर हमले की जिम्मेदारी

**आगरा।** रविवार 27 अप्रैल को अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर हमला किया गया। इस हमले की जिम्मेदारी क्षत्रिय करणी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने ली है। ओकेंद्र राणा ने एक वीडियो जारी करते हुए इस हमले की जिम्मेदारी स्वीकार की और हमले को लेकर अपनी रणनीति का खुलासा किया।

ओकेंद्र राणा ने कहा कि हमें कुछ मिनट पहले ही जानकारी मिली थी कि सुमन का काफिला गुजरने वाला है। जिसके बाद हमारी टीम को तुरंत एक्टिव किया गया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें एक-दो घंटे पहले जानकारी मिल जाती तो परिणाम कुछ और होता। ओकेंद्र ने हमले को लेकर अपनी रणनीति का विस्तार से वर्णन किया और यह भी कहा कि उनका एक ही मकसद है जब तक तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं।

## सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**सहारनपुर।** थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मौक पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि युवक की तीन माह पहले ही शादी हुई थी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार बेहट कस्बे की इंदिरा कालोनी निवासी युवक शाहजेब पुत्र अहसान राव मंगलवार को हरियाणा के लाडवा में अपनी ससुराल गया था। अपनी पत्नी को ससुराल छोड़कर देर रात करीब डेढ़ बजे वह वापस बेहट लौट रहा था। जैसे ही वह दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर कोतवाली देहात इलाके के गांव देवला के पास पहुंचा तो एक वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक शाहजेब की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नगरायुक्त ने लिया डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज सुबह शहर में भ्रमण कर अनेक वार्डो के कूड़ाघरों, एमआरएफ सेंटरों का निरीक्षण किया और मौहल्ला समितियों के लोगों से मुलाकात कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का जायजा लिया। उन्होंने अनेक स्थानों पर नाला सफाई का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगरायुक्त शिपू गिरि आज सुबह निगम अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 18 के आईटीसी रोड स्थित साहिब जी नगर पहुंचे और कॉलोनीवासियों से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की जानकारी लेते हुए कूड़ा संग्रह करने वाले कर्मचारियों द्वारा दी जा रही यूजर चार्ज की रसीदें देखी। कॉलोनी के कुछ लोगों ने नगरायुक्त को बताया कि वे कूड़े से कम्पोस्ट बनाकर स्वयं ही उसका निस्तारण कर रहे हैं। उन्होंने खाली प्लाट में पानी भरा देखकर प्लाट स्वामी नोटिस भेजने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने वार्ड 24 में कचहरी पुल के निकट बने कूड़ाघर का निरीक्षण करते हुए क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक अमर ज्योति से उनके फील्ड में आने का समय और आने के बाद क्या-क्या काम किया की जानकारी लेने के साथ ही मस्टररोल की जांच की। वार्ड 54 में पुराने घास कांटे के पास स्पेस सोसायटी द्वारा संचालित एमआरएफ सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सोसायटी के रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों की संख्या, हर दिन आने वाले कूड़े की मात्रा, कूड़ा पृथक्करण तथा गीले कूड़े का क्या करते है आदि की जानकारी ली।

संचालक मदन भारती ने बताया कि गीले कूड़े से कम्पोस्ट खाद तैयार की जा रही है। उन्होंने नवादा रोड स्थित वेद विहार कॉलोनी में भी मौहल्ला समिति के सदस्यों से बात कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की जानकारी ली।

इसके अलावा नगरायुक्त ने वार्ड 62 में जेबीएस इण्टर कॉलेज के पास मेन रोड पर नाला सफाई देखी और सड़क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड 68 में भी नाला सफाई का निरीक्षण किया और रोस्टर बनाकर नालों की सफाई कराने को कहा।

## नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ़ इंडिया के छात्र-छात्राओं ने आतंकवादी हमले की की कड़ी निंदा



**नजीबाबाद।** नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष व निहत्थे पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा कर शोक सभा का आयोजन किया गया। नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ़ इंडिया की नगर अध्यक्ष पारुल गौतम के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं एक कोचिंग सेंटर पर एकत्रित हुए। जहां उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष व निहत्थे पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए शर्मनाक कृत्य बताया। छात्र-छात्राओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिसके उपरांत दो मिनट का मौन धारण कर आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की? एवं घायल पर्यटकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। छात्र-छात्राओं ने सरकार से ठोस कदम उठाते हुए, आतंकवादियों को करारा जवाब देते हुए? आतंकवाद का जड़ से खात्मा किए जाने की मांग की। शोकसभा में पारुल गौतम, योगेंद्र, प्रीति, मनीष, रजत, शीतल, आयुषी, निशांत, राहुल, सौरभ, अमित आदि रहे।

## स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने आतंकवाद के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद** - स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन (नजीबाबाद) एवं इससे संबद्ध समस्त सहोदय संस्थाओं की ओर से तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया जिसमें सभी शिक्षकों द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले की कठोर निंदा की गई, यह कृत्य न केवल अमानवीय है, बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता पर एक कायरतापूर्ण हमला है। हम सभी विद्यालयों के प्रबंधकगण एवं शिक्षकगण इस दुखद घटना से आहत हैं, और राष्ट्र के साथ पूर्ण एकजुटता के साथ खड़े हैं। यह हमला हमारे देश की शांति, सुरक्षा और एकता को चुनौती देने वाला है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जापान में कहा गया कि हम आपके माध्यम से भारत सरकार, विशेष रूप से माननीय प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री महोदय से अनुरोध करते हैं कि दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, और राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। हम संपूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से यह भी आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम ऐसे किसी भी आतंकी प्रयास के विरुद्ध राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस दौरान विनोद मित्तल, सुनील चंदोला,विनय कौशिक,अवनीश अग्रवाल,राम कांत वालिया, दीपक राजपूत, एस के जौहर,आशा राजा, फादर साबू थॉमस,अनिल चौहान, खालिद अकील, नीरज जैन, शकील राजा, मोहम्मद अजमल, शमशुल इस्लाम, खुर्शीद अल्मा, अक्षर श्याम, श्याम तिवारी, सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे!

# पत्रकार शादाब ज़फर का जेब से गिरा पर्स लौटा युवा सचिन चौहान ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

**दुनिया में इंसानियत अभी जिंदा है जिसका नमूना सचिन चौहान जैसे लोग है**

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** पत्रकार शादाब ज़फर का जेब से गिरा पर्स लोटा कर गांव जुल्फुकारपुर गढी निवासी युवा सचिन चौहान ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर साबित किया की ईमानदार लोग आज भी इस जमाने में मौजूद है। बुद्धवार को नगर के वरिष्ठ पत्रकार शादाब ज़फर दोपहर एक शादी समारोह में शिरकत कर जब स्कूटर से मंडी समिति रोड़ स्थित अपने कार्यालय अल नजीब कंपनी पहुंचे तो रास्ते में जेब से उन का पर्स निकल गया। जिस में उनके जरूरी कागज़ात, पैसे, एटीएम कार्ड आदि चीजें मौजूद थी। उसी रोड़ से अपने घर जा रहे गांव जुल्फुकारपुर गढी निवासी युवा सचिन चौहान पुत्र हेतराम सिंह को पर्स रोड़ पर पडा मिला। सचिन चौहान ने पर्स उठाया और खोलकर देखा तो पर्स में शादाब ज़फ़र की प्रेस आईडी कार्ड आधार कार्ड, एटीएम, आधार, पेन कार्ड और रुपये थे। सचिन ने ईमानदारी का परिचय देते हुए प्रेस आईडी कार्ड पर लिखा पत्रकार शादाब जफर का नम्बर अपने मोबाइल से लगा उन से उनके पर्स के बारे में बताया की आप का पर्स मंडी समिति के सामने मुझे पडा मिला है। मैं यही पर खडा हूँ आप आ जाये और अपना पर्स ले जाये। सचिन की बात सुनकर शादाब ज़फ़र ने जेब में पर्स देखा तो वो गायब था। तभी शादाब जफर सचिन चौहान की जगह पर स्कूटर से पहुंचे तो सचिन ने उन्हें उनका पर्स लौटा दिया। पत्रकार शादाब ने सचिन चौहान को गले लगाकर धन्यवाद दिया। और उनके साथ सेल्फी लेकर कहा कि आज भी दुनियां मे आप जैसे ईमानदार लोग है। जिन्हें देखकर और उनसे मिलकर दिल खुश हो जाता है।

## मोबाइल गेहूँ खरीद करवाने गाँव पहुँचे ADM



**बिजनौर** - जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के मोअज्जमपुर सादात गाँव में खेतों पर गेहूँ कटने तथा किसानों के पास गेहूँ इकट्ठा होने की जानकारी मिलने पर अपर जिलाधिकारी बिजनौर अरविन्द कुमार सिंह मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों का गेहूँ क्रय करवाने अपनी टीम के साथ सीधे मोअज्जमपुर सादात गाँव पहुँचे। गौरतलब है कि वर्तमान में सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद प्रगतिशील है। गेंहू खरीद में प्रगति लाने तथा किसानों की सुविधा हेतु सरकार द्वारा मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से भी गेंहू क्रय किया जा रहा है। किसी गाँव में एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूँ उपलब्ध होने की सूचना पर समीपवर्ती गेहूँ क्रय केंद्र द्वारा मोबाइल क्रय केंद्र के रूप में इलेक्ट्रॉनिक काँटा आदि के साथ गाँव पहुँचकर सीधे गाँव से ही गेहूँ क्रय कर लिया जा रहा है। इससे न सिर्फ किसानों द्वारा केंद्र तक गेहूँ के परिवहन में आने वाले व्यय, समय एवं श्रम की बचत हो रही है, बल्कि किसान को घर बैठे 48 घंटे के अंदर गेहूँ का भुगतान भी प्राप्त हो रहा है। नजीबाबाद के मोअज्जमपुर सादात गाँव में किसानों से संपर्क किए जाने पर गेहूँ की कटाई होने की सूचना पर अपर जिलाधिकारी(विश/राश) अरविन्द कुमार सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, बिजनौर अमित द्विवेदी एवं लालचंद सिंह, ए एम ओ नजीबाबाद को साथ लेकर सीधे मोअज्जमपुर सादात गाँव पहुंच गए तथा किसानों ऋषिपाल सिंह के 70 कुंतल, अतेंद्र सिंह के 75 कुंतल तथा मुरारी सिंह के 105 कुंतल गेहूँ की खरीद मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से करवाई।

# डीएम द्वारा ग्राम चौपाल में सुनी गई ग्राम वासियों की समस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड कोतवाली के ग्राम तेलीपाड़ा में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत हो रहे टंकी निर्माण के कार्य को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर पूरा कराना सुनिश्चित करें तथा सड़कों पर किसी भी अवस्था में कोई पेयजल पाइप खुला हुआ पाया जाता है तो तत्काल उसको बंद कराएं। उन्होंने कहा कि तेलीपाड़ा गांव जिले के सीमावर्ती वाले गांव में शुमार होता है, इस गांव को शासन के निर्देशों के क्रम में सभी शासकीय योजनाओं से शत प्रतिशत संतृप्त कराया जाए। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि गांव में बने खेल के मैदान में जाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनको शारीरिक गतिविधियों, खेलों एवं व्यायाम के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामवासियों को सूचित करते हुए कहा कि शासन द्वारा ग्राम तेलीपाड़ा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हो गया है उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्र का यथाशीघ्र निर्माण करना सुनिश्चित करें। विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान गांव में अस्थाई आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, खेल के मैदान तथा नाली, सीसी रोड निर्माण आदि के काम मानक के अनुरुप पूर्ण पाए गए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अपने संबोधन में ग्राम वासियों को ओडीएफ, स्वच्छता तथा विकास के मानकों के अनुरुप विकसित होने पर बधाई देते हुए कहा कि गांव को एक मॉडल के रूप में विकसित करने का भी प्रयास करें जो देश प्रदेश में मिसाल कायम करे और तमाम लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने।

## बड़े ही धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड पाली क्षेत्र के तिलौरा गांव स्थित नगर पंचायत घघसरा के चेयरमैन प्रभाकर दुबे के पैतृक आवास पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दोपहर को सुंदरकांड का आयोजन हुआ जिसके पूर्णाहुति के बाद भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित सभी सम्मानित लोगो ने पुष्पांजलि अर्पित कर दीप जलाए जिसके बाद लोगो प्रसाद लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मण कुलभूषण भगवान परशुराम जी के जन्मदिवस को मनाया जा रहा है गुरु शिष्य की परंपरा को जीवंत रखने वाले भगवान शिव के अनन्य भक्त भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी को प्रणाम करते हैं जो हमेशा परशु यानी फरसे को धारण करते थे जिसके कारण इन्हें परशुराम नाम से जाना जाता है। ऐसे परम योद्धा हम सबके पूज्य है और कार्यक्रम को चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने संबोधित किया और कहा कि शास्त्र और शस्त्र के परम विद्वान भगवान परशुराम जी को प्रणाम स्वयं नारायण के अवतार भगवान परशुराम जी ऋषी, योद्धा के रूप में विख्यात हैं। हम सभी ब्राह्मण वंश के लोग उनको प्रणाम करते हैं और कार्यक्रम का संचालन त्र्यंबक उपाध्याय ने किया और कार्यक्रम में परमात्मा मिश्र, पूर्व प्रमुख राम प्रकाश शुक्ला,आलोक त्रिपाठी,रामेंद्र त्रिपाठी छोटकू, अखिलेदेव त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी,विनोद पाण्डेय,रम्मू दुबे, कर्नल ओमप्रकाश मिश्र, कृपा पाण्डेय, रविन्द्र त्रिपाठी,विनोद तिवारी,प्रदीप धर दुबे, बड़कू तिवारी, छैलू पांडेय, अनिल त्रिपाठी सहित आदि लोग रहे।

# इंटैक उरई द्वारा भव्य नृत्य एवं संगीत वीथिका का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



उरई (जालौन)। इन्टैक उरई अध्याय तथा बुन्देलखण्ड कानपुर प्रान्त धरोहर समिति संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में चूड़ी वाली गली स्थित श्रीमती सन्ध्या पुरवार के निज निवास पर नृत्य एवं संगीत वीथिका का शुभारम्भ हुआ।

शंख ध्वनि के मध्य वीथिका का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष सुश्री रेखा वर्मा ने प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वीथिका अवलोकन के समय उन्होंने कहा कि पाश्चात्य देश अब जो अपना रहे हैं, वह तो हमारी संस्कृति में प्रचीन काल से चला आ रहा है। इस वीथिका से नृत्य एवं संगीत का अपनी प्राचीन संस्कृति के साथ जो जुडाव प्रस्तुत किया गया है, वह अनुकरणीय है। इस अवसर पर डा हरी मोहन पुरवार ने बतलाया कि फ्रान्स के बैले डी एक्शन के निर्माता नर्तक जार्जेस नोवरे के जन्म को समर्पित है यह नृत्य दिवस। जार्जेस नोवरे का जन्म म9 अप्रैल 1727 को फ्रान्स में हुआ था। वर्ष +982 में आई टी आई की नृत्य समिति ने जार्जेस नोवरे को श्रद्धान्जलि देने के निमित्त इस दिवस की घोषणा की। इस नृत्य संगीत वीथिका में ढोलक, झांझ,मजीरा,शंख, सिंगारी,बांसुरी ,चटकोला, लुप्तप्राय फूंक वाद्य रमतूला, करताल,आदि संगीत वाद्य यन्त्रों के साथ साथ भक्ति भाव से भरपूर संगीत के माध्यम से ईश आराधना में लिप्त तमाम भक्त संतों के डाक टिकट, विभिन्न वाद्य यन्त्रों के डाक टिकट, विभिन्न नृत्य मुद्राओं से युक्त डाक टिकटों के अलावा विभिन्न भारतीय राज्यों के नृत्यों के चित्रों भी प्रदर्शित किये गये हैं। वीथिका में संगीत की देवी माँ सरस्वती का स्वरुप धारण किए अद्भुत शंख, 14 वीं शताब्दी की दुर्लभ बलुआ पत्थर से निर्मित मूर्ति एवं विभिन्न प्राचीन लघु चित्र विशेष रुप से आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की नृत्य मुद्राओं के ताड पत्र पर बने प्राचीन चित्रों के साथ साथ उनकी विभिन्न मूर्तियां भी मनमोहक ढंग से वीथिका में प्रदर्शित की गई है। वीथिका में विश्व को नृत्य से परिचित कराने वाले देवाधिदेव महादेव के ताण्डव नृत्य की नटराज मूर्तियां, डाक टिकट आदि भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। वीथिका में दक्षिण भारतीय रियायत मदुरै की दो मुद्रायें अति विशिष्ट रहीं जिनमें से एक पर नृत्यरत श्री शंकर व दूसरे पर नृत्यरत श्री कृष्ण के चित्र अंकित हैं। भगवान श्रीकृष्ण की नृत्यरत मुद्राओं की मूर्तियां इस वीथिका का अभिन्न अंग है। वीथिका में तमाम ऐसी मुद्रायें भी प्रदर्शित की गई हैं जिनपर विदेशी वाद्य यन्त्रों तथा नृत्यों का अंकन है। इस वीथिका में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्री मती सन्ध्या पुरवार व डा० हरी मोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई है।

## लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समन्वय बैठक



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 10 मई 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव के निर्देशन में जिले के पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न हुयी। प्रभारी सचिव जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अर्पित सिंह ने उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन/नोटिसों का तामीला शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, क्यों कि यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय थानों से सम्मन/नोटिसों का तामीला सही ढंग से नहीं कराया जाता है। इस सम्बन्ध में ढिलाई न बरती जाये। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त गाइड- लाइन्स के अनुपालन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/विधिक जागरुकता कार्यक्रमों में प्रशासन एवं अन्य विभागों का सहयोग बनाने तथा ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर्स को उनके कार्यों में आवश्यक सहयोग देने हेतु उपस्थित क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित जिले के क्षेत्राधिकारी पुलिस ने पूर्ण सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी जालौन श्री शैलेन्द्र बाजपेयी तथा प्रतिनिधि पुलिस क्षेत्राधिकारी कालपी श्री संजय सिंह उपस्थित रहे।

## जल शक्ति मंत्री ने किया हुंडई शोरूम का शुभारंभ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, जय हुंडई ने मोहद्दीपुर स्थित अपने अत्याधुनिक और पूर्ण सुविधा-युक्त शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद रवि किशन शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विधिवत रूप से फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ल, पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह, गोरखपुर ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। वहीं श्रीमती पद्मा मिश्रा (निदेशक), शैलेन्द्र मिश्र, अभिषेक मिश्र, एवं जनरल मैनेजर राजेश चन्द्र मिश्र और जय ह्युंडई परिवार के समस्त सदस्यों ने शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, हुंडई के वरिष्ठ अधिकारियों तथा आम जनमानस की वृहद उपस्थिति ने इस आयोजन को यादगार क्षण में परिवर्तित कर दिया।

## परिश्रम सफलता की कुंजी है : प्रधानाचार्य



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** कोआपरेटिव इंटर कॉलेज पिपराइच गोरखपुर में यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के रैंकर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश चंद्र वर्मा ने सफलता का मूल मंत्र दिया कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। 10वीं कक्षा में सूर्यांश विश्वकर्मा ने 91.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आलोक कुमार ने 88.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा में रोशन मौर्य ने गणित वर्ग में 87.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अभिषेक सिंह ने 86.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने रैंकर्स को माला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अप्रैल माह में 245 ई-रिक्शा चालान/सीज

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिलाधिकारी फर्रुखाबाद श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने चेकिंग अभियान चलाते हुये नगर में बस अड्डा, आईटीआई चौराहा, मसेनी चौराहा, सेन्ट्रल जेल चौराहा, आवास विकास व अन्य स्थानों पर ई-रिक्शा को चेक किया गया तथा 245 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर चालान/सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा 245 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर चालान/सीज करते हुये रू0 11.31 लाख जुर्माना तथा रू0 7.13 लाख टैक्स वसूला गया। उल्लेखनीय है कि मा0मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान दिनांक 01-04-2025 से 30-04-2025 तक संचालित किया गया है। अभियान के अन्तर्गत सघन चेकिंग की कार्यवाही की गयी है।

## दो पत्रावलियों में काउंसलिंग कर सुलह समझौता कराया

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** नौरंगाबाद अलीगढ़ की रहने वाली प्रभावती (बदला हुआ नाम) ने अपनी पुत्री अर्चना (बदला हुआ नाम) के पति प्रांजल(बदला हुआ नाम) तथा अन्य ससुरालीजनों पर अपनी बेटी के साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने तथा उत्पीड़न करने व अन्य आरोप लगाकर एक शिकायती प्रार्थना पत्र श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष दिया था। जिस पर दिनांक 30.04.25 को दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाकर वार्ता की गई तो अर्चना उपरोक्त ने बताया कि उसकी शादी प्रतिपक्ष प्रांजल के साथ वर्ष 2016 में हुई थी उनके दो बच्चे भी है। अर्चना ने बताया कि वह वर्तमान में डिप्रेशन से जूझ रही है तथा उनका इलाज भी चल रहा है।अर्चना उपरोक्त गांव में रहना नहीं चाहती है। दोनों पक्षों को सुना तथा समझाया गया प्रतिपक्ष को समझाया गया कि वर्तमान में उसकी पत्नी डिप्रेशन से जूझ रही है तो और उसका इलाज भी चल रहा है तो वह ऐसी स्थिति में अपनी पत्नी का पूरा ध्यान रखें उसे खुश रखने की पूरी कोशिश करें। ज्यादा से ज्यादा समय अपनी पत्नी के साथ बिताए यदि उनकी पत्नी चाहे तो उन्हें कोई एक्टिविटी करने में सहायता करे जैसे सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन आदि कोर्स कर सकती है साथ ही यह भी समझाया गया कि यदि उसकी पत्नी इस समय ग्रामीण परिवेश में नहीं रह पा रही है तो वह अपनी पत्नी के स्वास्थ्य में लाभ होने तक शहर में किराए पर रह ले। दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। इसके पश्चात प्रतिपक्ष प्रांजल इस बात पर सहमत हुआ कि वह अपनी पत्नी की खुशी के लिए अपनी पत्नी के साथ शहर में किराए पर रहेगा। इसके पश्चात अर्चना भी अपने पति के साथ खुशी खुशी रहने को तैयार हो गई। वही दूसरे प्रकरण में रोरावर अलीगढ़ की रहने वाली नफीसा (बदला हुआ नाम) ने अपने पति अरबाज (बदला हुआ नाम) तथा अन्य ससुराली जनों के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के संबंध में एक शिकायती प्रार्थना पत्र थाना रोरावर कर दिया था। जिन्हें दिनांक 30.04.25 को परिवार परामर्श केंद्र पुलिस कार्यालय अलीगढ़ पर बुलाकर दोनों से वार्ता की गई तो तथ्य इस प्रकार पाए गए कि आवेदिका तथा प्रतिपक्ष का निकाह दिसंबर 2022 में हुआ था। इनकी एक पुत्री भी है तथा वर्तमान में आवेदिका का नफीसा गर्भवती है। दोनों पति-पत्नी के बीच आपस में कोई मनमुटाव या बड़ा विवाद नहीं है। बस प्रतिपक्ष की एक बहन है जो अभी अविवाहित है उसकी वजह से दोनों के बीच झगड़ा होता है।दोनों पति-पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पहुंचे हाथरस



**अलीगढ़/हाथरस अवधनामा संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री /स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक ने मंत्री बेसिक शिक्षा संदीप सिंह, सांसद अलीगढ़ सतीश गौतम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सासनी के लैब, एक्स रे, दंत विभाग, नेत्र विभाग, ओपीडी, लेबर रूम , लेबर वार्ड एवं इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री द्वारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल जाना साथ ही मरीजों के साथ डॉक्टर एवं स्टाफ के व्यवहार के बारे में पूछा एवं सीएचसी सासनी पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। साथ ही मरीजों से पूछा कि क्या सभी दवा अस्पताल से ही मिलती हैं। उप मुख्यमंत्री मरीजों के जवाब से संतुष्ट नजर आये। अस्पताल निरीक्षण करने के बाद उपमुख्यमंत्री द्वारा विभागीय समीक्षा की गई। विभागीय समीक्षा में जिलाधिकारी , पुलिस अधीक्षक, अपर निदेशक एवं सयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अलीगढ़ मंडल, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बागला जिला अस्पताल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला अस्पताल हाथरस , समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। विभाग में डॉक्टरो एवं विशेषज्ञों डॉक्टरों की कमी के लिए महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य लखनऊ को पत्र भेजने को कहा। अंत में कहा के मरीजों को प्राइवेट जैसी सुविधा मिलनी चाहिए अगर उनको सरकारी अस्पताल में प्राइवेट जैसी सुविधा मिलेंगे तो वह प्राइवेट में नहीं जायेगा।

## सपा नेत्री ने कैंडल मार्च कर श्रद्धांजलि दी




**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के हमले में शहीद सैलानियों की नृशंस हत्या के विरोध में आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए समाजवादी पार्टी मलिहाबाद की उपाध्यक्ष विजयश्री गौतम ने कैंडल मार्च निकालकर शहीद सैलानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा नेता वीर सिंह यादव, आदित्य मिश्रा, अरविंद गौतम, आकाश धीरज गौतम, जगतपाल, डॉ लवकुश, मीरा गौतम, किरण देवी, अमरेन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 30 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा के नेतृत्व में सांसद मुकेश राजपूत भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार एवं सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर के चित्र से आधा चेहरा काट कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चेहरा लगाने का घोर निंदनीय कार्य किया है इसका विरोध करने के लिए सभी जेएनवी रोड भोलेपुर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके उपरांत सपा के इस घोर कृत का विरोध करते हुए पैदल मार्च किया। कार्यकर्ताओं ने स्लोगन लिखी हुई तखतिया पकड़ी हुई थी एवं समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए। अंबेडकर प्रतिमा पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा समाजवादी पार्टी ने डॉ आंबेडकर के चित्र को काटकर उसके स्थान पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चित्र लगाया जो कि यह सपा की एक ओछी मानसिकता को दर्शाता है। सामाजिक स्तर पर इसको कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है समाजवादी पार्टी का चेहरा दलित विरोधी है सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद को डॉ आंबेडकर के समकक्ष खड़ा करना चाहते हैं।

## डीएम ने किया गेहूं क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड कप्तानगंज के



ग्राम सड़वलिया में स्थित गौशाला एवं सहकारी संघ कप्तानगंज गेहूं क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम सड़वलिया में स्थित गौशाला के निरीक्षण में उन्होने पाया कि गौशाला पर दो कर्मचारी कार्यरत है, जिनको मार्च 2025 तक मानदेय मिला है। गौशाला केन्द्र पर 42 पशु है, जिनकी टैगिंग की गयी है। उन्होने दैनिक रजिस्टर को देखा, जो अद्यतन नहीं पाया गया। उन्होने पाया कि पानी पीने के लिए टंकी बनी हुई है एवं भूसा पर्याप्त है तथा बाउन्ड्रीवाल नहीं बनी है। इस परिसर से बाहर दो बीघा में हरा चारा बोया गया है। उन्होने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि परिसर के बगल स्थित बंजर भूमि में चारे को उगाये एवं दैनिक रजिस्टर को प्रतिदिन अपडेट करें तथा खण्ड विकास अधिकारी बाउन्ड्रीवाल बनाने की कार्यवाही करें। सहकारी संघ कप्तानगंज गेहूं क्रय केन्द्र के निरीक्षण में उन्होने पाया कि केन्द्र पर गेहूँ का तौल नहीं किया जा रहा है।

## आटो खड़ा करने को लेकर दो पक्ष भिड़े, पांच पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के जल्हेपार में ऑटो खड़ा करने को लेकर सगे पट्टीदार आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के जल्हेपार निवास सुभाष पुत्र रामदिहल के घर पर सोमवार को बहुभोज का कार्यक्रम था। उसका पट्टीदार ऑटो लेकर डीजे में टक्कर मार दिया। विरोध करने पर वह घर में घुस कर मारपीट करने के साथ घर में रखा सामान को तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी मनोज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के मनोज ने आरोप लगाया कि सोमवार को अपने हिस्से की जमीन में ऑटो खड़ा किया। तो भाई की लड़की विवाद करने लगी। विवाद की जानकारी मिलते ही पट्टीदार आ गए और मारना पीटना शुरू कर दिए बचाव करने आई पत्नी सोनी,भाभी उमा देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिए।

## जाति जनगणना पर लिया गया कदम सामाजिक न्याय की जीत है : प्रभात वर्मा

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** भारत की सामाजिक संरचना को समझने और उसे संतुलित करने के लिए लंबे समय से जाति जनगणना की मांग उठती रही है अब जब मोदी जी की कैबिनेट ने इस पर मोहर लगा दी है तो यह सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं बल्कि सामाजिक न्याय की और ऐतिहासिक छलांग है। लेकिन इस फैसले के पीछे जिस संगठन के चुपचाप मगर चल रही मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया सकता बह है लोधी समाज सेवा नायक (लोधी सेना) के राष्ट्रीय संयोजक लोधी प्रभात कुमार वर्मा बर्षो से वह सामाजिक समावेशन और ओबीसी अधिकारों की मांग को राष्ट्रीय और छोटे-छोटे मंचों पर प्रभावी रूप से उठते रहे हैं। आज जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना की घोषणा की है तो यह लोधी सेना की राजनीतिक प्रतिबद्धता और रणनीतिक कौशल का प्रतिफल भी माना जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से घोषणा की गई की



जातियों की गणना की जाएगी जिससे यह स्पष्ट है कि सरकार सामाजिक विविधता को आंकड़ों के जरिए स्वीकारने और नीति निर्माण को वास्तविक जमीनी आधार देने में बढ़ रही है। यह फैसला सिर्फ ओबीसी या वंचित समुदायों की पुरानी मांगों को संबोधित करने वाला नहीं है बल्कि यह एक डाटा आधारित पारदर्शी और समावेशी लोकतंत्र की दिशा में बढ़ा कदम है। बेशक इस पूरी प्रक्रिया में कुछ चुनौतियां भी होगी राजनीतिक स्वार्थ, सामाजिक ध्रुवीकरण और आंकड़ों का संभावित दुरुपयोग लेकिन यदि इसे पूरी ईमानदारी और गोपनीयता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ लागू किया गया तो यह निर्णय भारत के सामाजिक ताने-बाने को नई मजबूती देगा।

## स्वच्छ भारत मिशन पर बैठक संपन्न हुई

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डी पी आर ओ द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20642 का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष प्रथम किश्त हेतु 11753 माँग पत्र प्राप्त हुये है, 8889 माँग पत्र शेष है, जीरो पावर्टी के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय में चिन्हित 11597 परिवारों में से 2118 पात्र पाये गये व 9479 पूर्व से संतृप्त पाये गये, वेबसाइट पर व्यक्तिगत शौचालय हेतु आवेदनों में 5383 सत्यापन हेतु शेष है,जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि व्यक्तिगत शौचालय आवेदनों का गाँव गाँव जाकर सत्यापन कराया जाये, व्यक्तिगत शौचालय रेट्रो फिटिंग का भी सत्यापन कराया जाये,जनपद में 580 आर आर सी सेंटर का लक्ष्य है 553 सेंटर बन गये है,14 निर्माणाधीन है 13 अनारम्भ है, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन आर आर सी सेंटर का निर्माण पूर्ण हो गया है उनका संचालन सुनिश्चित किया जाये।

# जिला स्वास्थ्य समिति, जिला उद्योग, व्यापार एवं श्रम बंधु की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु व्यापार एवं श्रम बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में इन्वेस्टर समिट के इकाइयों के उद्यमियों को उद्योग स्थापना एवं संचालन में आने वाली कठिनाइयों की विस्तृत समीक्षा की गई। मेसर्स एनीड्रग्स फार्मा इंडस्टरीज, भैंसहां कुशीनगर के इकाई स्थल के सीमांकन संबंधी प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा आवेदक को शीघ्र ही गेहूं की फसल कटते ही तहसील कसया एसडीएम को सूचित कर पैमाईश कराने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में मेसर्स उपजाऊ भूमि फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड धर्मपुर बुजुर्ग कुशीनगर के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग को चौड़ा किए जाने विषयक संबंधी प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि स्थल का निरीक्षण कर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें। उक्त के अतिरिक्त यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में दाखिल एम ओ यू के सापेक्ष जी बी सी रेडी इकाइयों एवं इनमें क्रियाशील इकाइयों की विभाग बार समीक्षा की गई। इसी क्रम में में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य समिति की माह मार्च की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में किया। स्वास्थ्य समिति की बैठक में संस्थागत प्रसव, माह फरवरी एवं मार्च में आशा के पेमेंट भुगतान, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, मंत्रा पर डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार की स्थिति आदि पर समीक्षा हुई। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने, संस्थागत प्रसव में सुधार करने, सभी पीएचसी एवं सीएचसी पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी चिकित्सीय भवनों को चिकित्सीय उपकरणों से लैश कर सुविधाकृत कर जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने हेतु सभी एम.ओ.आई.सी. को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु जनपद में विभिन्न कैंपों का आयोजन करें, साथ ही सभी चिकित्सीय भवनों में इंफ्रास्ट्रक्चर गैप को पूर्ण करें। जो दवाएं चिकित्सालय में उपलब्ध है उसकी एक्सपायरी की जांच करें। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी सभी चिकित्सा अधिकारी के द्वारा रेफरल करने वाले मरीजों पर विशेष ध्यान रखें। बिना कोई ठोस कारण के मरीजों के रेफर कतई ना करें।

# वनटांगिया गांव में बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र

### सीएमओ ने गांव में एम्स गोरखपुर और चरगांवा पीएचसी के संयुक्त स्वास्थ्य शिविर में दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर और चरगांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफ से जंगल तिकोनिया नंबर तीन (वनटांगिया गांव) में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे जनपद के सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि गांव में शीघ्र ही एक स्वास्थ्य उपकेंद्र खोला जाएगा।

आगे चल कर इस उपकेंद्र को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भी अपग्रेड किया जाएगा। सीएमओ ने कहा कि किराये का भवन मिलते ही गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र शुरू करा दिया जाएगा। गांव के प्रधान ने केंद्र के लिए किराये का भवन दिलवाने में मदद का आश्वासन दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र खुलने से वनटांगिया समुदाय को अपने नजदीक ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेंगी। केंद्र के जरिये बीमारियों की स्क्रिनिंग, दवाएं, नियमित टीकाकरण और अन्य कई सेवाएं वनटांगिया समुदाय को मिलेंगी। गांव में उपकेंद्र खुल जाने से एम्स गोरखपुर और स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर लगाए जाने वाले स्वास्थ्य शिविर को भी मजबूती मिलेगी। सीएमओ ने बताया कि एम्स गोरखपुर के साथ मिल कर स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसी कड़ी में वनटांगिया गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर के जरिये जहां एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श मिला वहीं जांच व दवाओं में चरगांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने सहयोग दिया। शिविर में स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान वनटांगिया गांव के मुखिया रामगनेश द्वारा मिनी स्वास्थ्य केंद्र की मांग की गई थी। इस अवसर पर एम्स के चिकित्सक डॉ आनंद मोहन दीक्षित, डॉ प्रदीप खारया, डॉ यू वैंकेटश, डॉ लालमणि सिंह, डॉ दिव्यांशु कुमार, डॉ फैसल अंसारी, डॉ सुरभि नेगी और डॉ घोष ने सेवाएं दीं। शिविर में डीसीपीएम रिपुंजय पांडेय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ धनंजय कुशवाहा, एचईओ मनोज कुमार, बीसीपीएम चंद्रशेखर यादव, अजीत रमन और सीएचओ यशवंत सिंह मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 144-Dy. CEE-C-LKO-2025-26 IRERS की वेबसाइट यानी http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 30.05.2025 समय (11:30 बजे) दो पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT संख्या | 144-Dy.CEEC-LKO-2025-26 दिनांक 29.04.2025 |
| निविदा संख्या | 144-Dy.CEEC-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के वाराणसी– पंडित दीन दयाल उपाध्याय खंड में व्यासनगर यार्ड रीमॉडलिंग और व्यासनगर–पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में मौजूदा ओएचई के संशोधन सहित 50 हट्र्ज, 2x25 केवी ओएचई कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य तथा व्यासनगर स्टेशन पर 2x25 केवी Sectioning & Paralleling पोस्ट (SP) का प्रावधान। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 28,94,28,910.99 (रुपए अट्ठाईस करोड़ चौरानवे लाख अट्ठाईस हजार नौ सौ दस और पैसा निन्यानबे मात्र)। |
| बोली सुरक्षा/अग्रिम राशि (EMD) | रु. 15,97,200/- |
| समापन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 02.05.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है | 16.05.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 30.05.2025 (11:30 बजे) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

ध्यान दें:– 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू.मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

नं.: 144-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक: 29.04.2025 1270/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 01 मई, 2025



# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बीकापुर, तारून व हैदरगंज सीएचसी का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बीकापुर, तारुन एवं हैदरगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी संचालन, औषधियों की उपलब्धता, आकस्मिक सेवाओं की स्थिति और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के विभिन्न कार्यक्रमों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की।

सीएचसी बीकापुर में डॉ. बनियान ने ऑपरेशन कक्ष में रखे उपकरणों की जांच की और अस्पताल के वार्डों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधीक्षक को दिए। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी जानी। इसके उपरांत उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारून का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने प्रसव कक्ष का सूक्ष्म निरीक्षण किया और वार्डों में मरीजों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही अभिलेखों के रख-रखाव की भी समीक्षा की।

सीएचसी हैदरगंज में डॉ. बनियान ने ओपीडी संचालन, औषधियों की उपलब्धता, आकस्मिक सेवाएं तथा प्रसव कक्ष का निरीक्षण करते हुए वार्डों की साफ-सफाई और समुचित व्यवस्था पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

## महिला जनसुनवाई का आयोजन, 38 मामलों में से 18 का मौके पर निस्तारण



**अयोध्या।** महिलाओं की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज सर्किट हाउस अयोध्या में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही की उपस्थिति में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।जनसुनवाई के दौरान कुल 38 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 18 मामलों का त्वरित निस्तारण स्वयं श्रीमती शाही द्वारा किया गया, जबकि शेष 20 मामलों को सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। शाही ने बताया कि प्राप्त मामलों में घरेलू हिंसा, मारपीट, पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार, भूमि पर अवैध कब्जा, दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न गंभीर मुद्दे शामिल थे। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा 5 मई तक बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लोगों को बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा शपथ दिलाई जा रही है। जनसुनवाई के समापन पर उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई और उनसे अपील की गई कि वे इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दें।इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, सहायक विद्यालय निरीक्षक अवनीश पांडेय, सहायक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी उपेन्द्र यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष, थानाध्यक्ष श्रीमती आशा शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिकायतकर्ता एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की छवि से छेड़छाड़ का सपा पर आरोप, भाजपा ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी द्वारा जारी एक पोस्टर में बाबा साहब के चित्र के आधे चेहरे को काटकर अखिलेश यादव का चेहरा लगाया गया है। जिसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर के पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया। विरोध मार्च के दौरान भाजपाईयों ने जमकर नारेबाजी की।धरने को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बाबा साहब की आधी तस्वीर काटकर उसमें अपनी तस्वीर लगाकर शायद दलित समाज को यह बताना चाहते हैं कि वे बाबा साहब के बराबर हैं। लेकिन बाबा साहब के अपमान को जनता कभी माफ नहीं करेगी। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ÷यह समाजवादी पार्टी की ओछी राजनीति है। बाबा साहब के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिलेश यादव को इस पर सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का यह कृत्य निंदनीय ही नहीं, बल्कि दलित समाज के आत्मसम्मान पर हमला है। भाजपा बाबा साहब के आदर्शों की रक्षक है और ऐसे हर अपमान का डटकर विरोध करेगी।÷ जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि महापुरुषों की छवियों से छेड़छाड़ कर समाजवादी पार्टी यह साबित कर रही है कि उन्हें ना इतिहास का सम्मान है और ना ही संविधान की गरिमा का। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब का अपमान पूरे देश का अपमान है। इस तरह के पोस्टर लगाकर समाजवादी पार्टी दलित समाज को गुमराह करना चाहती है, लेकिन जनता अब इनके चेहरे पहचान चुकी है। धरने का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने किया। धरने में कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र कोरी, अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्र, कमला शंकर पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, राधेश्याम त्यागी, सुनील तिवारी शास्त्री, कैलाश चौधरी काशीराम रावत, संजय निषाद, इंद्रभान सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, अशोक कसौधन, राकेश मणि त्रिपाठी, अरविंद सिंह, राजेश सिंह, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, बब्लू मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन नाबालिग़ बालिकाओं के प्रस्तावित विवाह को मौके पर पहुंचकर रुकवाया

## पिता की ओर से दिया गया शपथ पत्र,कहा नहीं करेंगे बालिग होने तक विवाह

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** अक्षय तृतीया के मौके पर तीन नाबालिग बालिकाओं का प्रस्तावित विवाह को चाइल्ड हेल्पलाइन एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्यों द्वारा मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया गया है। बालिका के पिता की ओर से शपथ पत्र देते हुए टीम को आश्वस्त किया गया है कि अब जब तक उनकी बेटी की उम्र 18 वर्ष पूरी नहीं हो जाएगी तब तक वह उसका विवाह नहीं करेंगे।

चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक कमल शर्मा में जानकारी देते हुए बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना मिली थी कि उसहैत के अंतर्गत आने वाले एक गांव में तीन बालिकाओं का बाल विवाह होने वाला है। जिसका विवाह कार्यक्रम महा अप्रैल की तीन चार एवं 8 तारीख को होना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट दे दी,जिसके बाद श्री शर्मा के साथ एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के थाना प्रभारी अजय कुमार थाना उसहैत पर तैनात दरोगा तिलक राम सिपाही रवि उदयपाल विकास कुमार विक्की वर्मा तथा महिला सिपाही रितु मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची टीम द्वारा तीनों बालिकाओं के परिजनों से मिलकर बालिकाओं के आयु साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा गया। साक्ष्यों के आधार पर तीनों बालिकाओं की उम्र लगभग 16 वर्ष थी। टीम द्वारा तीनों नाबालिग बालिकाओं के परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया,और विवाह न करने हेतु बालिकाओं के पिता को समझाते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताते हुए कहा गया कि यदि लड़की की शादी 18 वर्ष से पहले की जाए तो उन पर कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद बालिका के परिजनों की ओर से टीम से कहा गया कि हमें इसकी कोई जानकारी नहीं थी। श्री शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक की उपस्थिति में लड़की की पिता की ओर से शपथ पत्र देते हुए टीम को आश्वासन दिया गया कि अब जब तक उनकी बेटी की उम्र 18 साल नहीं हो जाएगी तब तक वह उसका विवाह नहीं करेंगे।

इस मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई के धनंजय पाठक ग्राम प्रधान शिवरानी तथा उनके पति शेरसिंह आदि मौजूद रहे।

## लापरवाही और अंधविश्वास का शर्मनाक चेहरा

# शिकायत होने पर सीएमओ ने दिए जांच के निर्देश



अब मामला एडिशनल सीएमओ प्रदीप पांडेय की जांच में है। भारतीय किसान यूनियन ने अस्पताल संचालक पर पैसे के बल पर जांच प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़ित किसान अब न्याय के लिए भटक रहाणे है, अपनी पत्नी को लेकर्स पीजीआई लखनऊ के चक्कर काट रहा है, और खेत तक गिरवी रख चुका है।ये मामला केवल एक मेडिकल लापरवाही नहीं है, ये ग्रामीण भारत की उस कड़वी सच्चाई की चीख है जहाँ अंधविश्वास, निजी अस्पतालों की मनमानी और सिस्टम की सुस्ती मरीज की जिंदगी को खिलौना बना देती है। सवाल ये है कि ऐसे डॉक्टरों और अस्पतालों के खिलाफ अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि फर्जी फंसाया जा रहा है।

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** चिकित्सा के नाम पर चल रही लापरवाही और अंधविश्वास का शर्मनाक चेहरा बीकापुर के एक निजी अस्पताल में सामने आया है। यहां इलाज कराने आई एक महिला को न सिर्फ गलत ऑपरेशन का शिकार बनाया गया, बल्कि डॉक्टर ने बीमारी की गंभीरता छुपाने के लिए उसे भूत बाधा बता तांत्रिकों के हवाले कर दिया। अब पीड़ित परिवार खेत गिरवी रखकर इलाज करा रहा है और इंसाफ के लिए अफसरों की चौखट पर भटक रहा है। बीकापुर क्षेत्र में एक निजी अस्पताल की लापरवाही ने चिकित्सा व्यवस्था की सच्चाई को नंगा कर दिया है। इलाज कराने आई महिला मरीज को न सिर्फ गलत ऑपरेशन का शिकार बनाया गया, बल्कि डॉक्टर उसे भूत बता तांत्रिकों के हवाले कर फरार हो गया। अब पीड़ित किसान अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए खेत गिरवी रख चुका है और इंसाफ के लिए अफसरों के चक्कर काट रहा है।गौरतलब हो कि बीकापुर तहसील के मजरुद्दीपुर स्थित पीएमटी प्राइवेट हॉस्पिटल में मंगारी गांव निवासी सुनीता देवी को पित्त की थैली में पथरी की शिकायत पर 13 जून 2024 को भर्ती कराया गया। डॉक्टर बालमुकुंद ने उसी दिन ऑपरेशन कर दिया, लेकिन इलाज के नाम पर लापरवाही का खेल शुरू हुआ। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। 17 दिन तक उसे बेवजह अस्पताल में रखा गया और जब परिजनों ने आपत्ति जताई तो डॉक्टर ने मेडिकल असफलता को छुपाने के लिए कहा -मरीज को बीमारी नहीं, भूत लगा है! डॉक्टर बालमुकुंद ने महिला को सुल्तानपुर अपने तांत्रिक गुरु के पास ओझाई कराने ले गया, लेकिन जब वहां भी आराम नहीं मिला तो उसे लखनऊ के एक हॉस्पिटल में भर्ती करवा कर डॉक्टर खुद भाग खड़ा हुआ।

## चोरी के 3,250 रुपये साथ चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** असंद्रा पुलिस ने एक चोर को रारी पुलिया सूरजपुर फार्म के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरविंद कुमार के रूप में हुई है। वह कैथानी गांव के मिर्जापुर मजरे का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के 3,250 रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला कि अरविंद ने 28-29 अप्रैल की रात कैथानी गांव में एक घर से चोरी की थी। इस मामले में थाना असंद्रा में धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। बरामदगी के बाद धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।

# विवादित पोस्टर को लेकर अंबेडकर पार्क में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन



**बदायूं।** शहर के अंबेडकर पार्क में अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष भाजपाइयों द्वारा विवादित पोस्टर को लेकर समाजवादी पार्टी के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपाई बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान आदि नारे लगा रहे थे। भाजपा प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा समाजवादी पार्टी ने जो पोस्टर लगाया है इसके माध्यम से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जो संदेश देना चाहते हैं, उसकी हम लोग निंदा करते हैं। उन्होंने कहा सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बराबर समझ रहे हैं, वो उनके पैरों की धूल भी नहीं हैं इस हरकत के लिए उन्हें देश की जनता माफ नहीं करेगी।पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा यह बाबा साहब का अपमान है, इससे सपा की दूषित मानसिकता उजागर हुई है। उन्होंने चेताया कि देश की जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी।पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने कहा होर्डिंग में खुद को बाबा साहब के बराबर दिखाना सपा की दूषित मानसिकता और अनुयायियों की आस्था पर कुठारा घात है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, जोगेंद्र पटेल, विश्वजीत गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, एमपी सिंह राजपूत, शैलेंद्र मोहन शर्मा, धीरज पटेल, सुखदेव राठौर, आशीष शाक्य, उदयवीर दिवाकर, मोनिका गंगवार, मनोज गुप्ता, अजय मथुरिया, हर्षवर्धन राजपूत, राजू प्रजापति, प्रेमलता सागर, रचना शंखधार, अभिषेक वर्मा, गुलशन प्रताप, रवि बाल्मीकि, पंकज शर्मा, सहदेव सागर, अचल शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आवारा पशुओं को अवैध तरीके से काटने वाले अभियुक्त को प्रशासन जिला बदर किया



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस द्वारा अभ्यस्त अपराधी अलीम पुत्र हसीब निवासी ग्राम छेदा कटरा कस्बा व थाना जैदपुर के विरुद्ध चोरी से आवारा पशुओं को अवैध तरीके से काटने जैसे गंभीर अपराध में संलिप्त होने पर अभियोग पंजीकृत किये गए तथा साथ ही अभियुक्त की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने सम्बन्धी बीट सूचना भी अंकित की गयी है। इसी क्रम में मा0 न्यायालय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व में चल रहे वाद सरकार बनाम अलीम अंतर्गत उत्तर प्रदेश गुन्डा नियंत्रण अधिनियम के अभियुक्त/अभ्यस्त अपराधी अभियुक्त अलीम को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत आदेश की मूल प्रति तामीला/हस्ताक्षर करवाकर मुनादी कराते हुए गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी की सीमाओं से 06 माह की अवधि के लिए निष्कासित की कार्यवाही की गई। साथ ही हिदायत दी गई कि यदि अभियुक्त अलीम आज दिनांक 30 अप्रैल से अग्रिम 6 माह तक जनपद बाराबंकी की सीमा से निष्कासित आदेश की अवहेलना करता है। तो उसके विरुद्ध अंतर्गत उत्तर प्रदेश गुन्डा नियन्त्रण अधिनियम में कार्यवाही की जाएगी।

## क्षेत्रीय पत्रकारों ने आतंकवाद के खिलाफ बुलंद की आवाज, फूंका पुतला



*अवधनामा संवाददाता*

**सिद्धौर बाराबंकी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म के आधार पर की गई 27 हिंदुओं की हत्या के विरोध में सिद्धौर क्षेत्रीय पत्रकार ने बुधवार को सीएचसी कोठी से पैदल मार्च कर पुतले को लात घूसों व डंडों से पीटते हुए जैदपुर मोड़ पर लाकर आंतकवाद व पकिस्तान का पुतला फूंक दिया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद व हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। धर्म के नाम पर हुई हत्याओं का विरोध करते हुए आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का ऐलान किया गया।जिसमे से बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पत्रकार पुतला दहन में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश होगा। इसके जरिए से संगठन पहलगाम में हुई घटना के प्रति अपना विरोध दर्ज कराएगा। इस मौके पर शेर बहादुर शेरा, धीरेंद्र सिंह पटेल, नीरज शुक्ला, रणविजय सिंह, सुधीर शर्मा, साहेब शरन, राजू रावत, मेवालाल, संजय तिवारी, राम अकबाल वर्मा, विजय शंकर मिश्र, सोनू दीक्षित, दिवाकर, सियाराम, विकास द्विवेदी, आरएन द्विवेदी, रामकुमार वर्मा, सतीश रावत, गोविंद, राम करन, मोहम्मद रजी ज़ैदी, डॉक्टर गुरु प्रसाद, जयप्रकाश, आशीष , विजय गौतम, अंकुर त्रिपाठी, प्रधान संजय दादा, किसान नेता दुर्गा सिंह ,राम सुमिरन,ऐसे में करीब चार दर्जन पत्रकार सहित कोठी थाने की पुलिस मुस्तैद रहीं ।

## जिलाधिकारी ने सीएचसी हैदरगढ़ का किया निरीक्षण, देखी सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ का निरीक्षण किया। डीएम ने अस्पताल में शौचालय सहित परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज शिवांशी सहित कई मरीजों से बातचीत की और स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंजीकरण कक्ष में रजिस्टर को देखा। जिलाधिकारी ने ओपीडी सहित चिकित्सक ड्यूटी सम्बन्धी रजिस्टर को भी देखा और सभी सम्बंधित चिकित्सको से संवाद स्थापित करते हुए आने वाले मरीजो की हरसंभव मदद के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अस्पताल के औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता देखी और सभी जरूरी दवाएं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यथासंभव सभी मरीजो को अस्पताल से ही दवा दी जाय।

### संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के दिये निर्देश

डीएम ने सीएचसी के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, सीएमओ डॉ अवधेश कुमार यादव, एसडीएम हैदरगढ़ शम्स तबरेज खां, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव सिंह, सीएचसी अधीक्षक हैदरगढ़ सहित सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## छात्राओं से महिला सशक्तिकरण की हुई चर्चा



**घुघली (महाराजगंज)।** क्षेत्र के हाजी अजहर खान इण्टर कॉलेज में बुधवार एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।, जिसमें पनियरा क्षेत्र की एंटी रोमियो टीम सब इंस्पेक्टर प्रिया गौतम, सब इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव और सब इंस्पेक्टर आकांक्षा पाण्डेय ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम बदन यादव ने सभी टीम के सदस्य को बैच लगाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। शिक्षक- अमीर खान, फिरोज आलम, फूलबदन यादव, आशीष कुमार, नजीर खान, सोमनाथ पटेल, सरफराज, विजय कुमार त्रिपाठी, सलाहुद्दीन, अखिलेश गुप्ता,अध्यापिका - सोनी सिद्दीकी, सरिता विश्वकर्मा, जूही त्रिपाठी, सकीना खातून, नेहा त्रिपाठी, अर्चना चौहान, निशात फातिमा सहीत सभी छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# मानसिक रूप से अवस्थ भटके हुए बालक को पुलिस ने किया परिजनों



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम महुअवा ढाला निवासी 10 वर्षीय अर्पित गुप्ता, पुत्र परमेश्वर गुप्ता, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, मंगलवार को स्कूल से भटककर चिउटहा क्षेत्र जा पहुँचा। स्थानीय लोगों द्वारा बच्चे की स्थिति संदिग्ध पाए जाने पर इसकी सूचना पुलिस चौकी चिउटहा को दी गई। चौकी प्रभारी मंगला प्रसाद, हेड कांस्टेबल सुरेश यादव, रवि प्रकाश व पुलिसकर्मी अभिषेक यादव ने मौके पर पहुँचकर बालक से पूछताछ की। पूछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर उसके परिजनों की पहचान की गई और फोन के माध्यम से संपर्क कर सूचना दी गई।बाद में बालक को उसके मामा कैलाश नाथ गुप्ता, निवासी टोला मुरली बारी, थाना सिंदुरिया के सुपुर्द किया गया। चौकी प्रभारी मंगला प्रसाद ने बताया कि बच्चा मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण रास्ता भटक गया था। गनीमत रही कि समय रहते उसे सुरक्षित खोज लिया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस की तत्परता से एक परिवार को राहत मिली और एक मासूम बालक सुरक्षित घर लौट सका।

## राजनीतिक स्थिरता और तेज़ विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरीः हिमांशु दुबे

## युवाओं से वन नेशन,वन इलेक्शन के समर्थन में जनजागरण चलाने की अपील

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दिए ने बुधवार को अयोध्या हाइवे स्थित सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अभियान के अंतर्गत भाजयुमो द्वारा आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए'वन नेशन, वन इलेक्शन' की आवश्यकता को देश के राजनीतिक और आर्थिक भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव देश की जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाता है , इसके साथ ही तेज विकास की गति बाधित होती है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा भी मिलता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के एक राष्ट्र एक चुनाव विजन को साकार करना समय की मांग है जिसमें युवाओं की भूमिका अहम है।कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के समय एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना देखा था।प्रधानमंत्री मोदी ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए वन नेशन वन टैक्स,वन नेशन वन राशन कार्ड जैसी कई योजनाओं को जमीन पर उतारा है।भरोसा जताया कि सबके सहयोग से वन नेशन वन इलेक्शन के संकल्प को पीएम मोदी शीघ्र ही अमलीजामा पहनाएंगे ।बताया कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे, लेकिन कांग्रेस की आंतरिक कलह और सत्ता लोभ के चलते यह परंपरा टूटी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने स्वार्थवश देश को राजनीतिक अस्थिरता की ओर धकेला, जिसकी कीमत आज भी चुकानी पड़ रही है।कहा,मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशों और जनजागरण के जरिए इसे लागू करने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी ने उपस्थित विद्यार्थियों से 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के समर्थन में जनजागरण चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से इसके फायदों के बारे में घर-घर तक संदेश पहुंचाना होगा।उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव से होने वाले लाखों करोड़ रुपये के व्यय को विकास कार्यों में लगाने के लिए एक साथ चुनाव कराना बेहद जरूरी है।

## 5 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा

**महराजगंज।** जनपद में सूक्ष्म, लघु उद्यमों को गति प्रदान करने के लिए एंव अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का प्रारम्भ किया गया है। ऐसे युवा जिनकी उम्र 21 से 40 वर्ष हैं तथा शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 पास के साथ किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय /शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धी सर्टीफिकेट कोर्स भी प्राप्त किया गया हैं उन युवाओं को स्वरोजगार के लिए रू0 5 लाख तक के परियोजनाओं पर उद्योग एवं सेवा क्षेत्र हेतु ऋण (लोन) अगले 4 वर्षों के लिये ब्याज मुक्त एंव गारन्टी मुक्त दिया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी ने बताया कि 28 और 30 अप्रैल को जनपद के सभी विकास खण्ड कार्यालय एंव समी नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय पर कैम्प का आयोजन किया गया हैं।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहा(महराजगंज)।** सिसवा विधानसभा क्षेत्र के बरवा कला में ÷एक राष्ट्र-एक चुनाव÷ विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य इस विचार को जन-आंदोलन का स्वरूप देना तथा आमजन को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के नूतन-पुरातन शैक्षिक परिवार द्वारा किया गया। क्षेत्रीय विधायक एवं शिक्षक विधानसभा के प्रतिनिधि प्रेम सागर पटेल ने कहा कि ÷एक देश-एक चुनाव÷ विषय पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि एक साथ चुनाव होने से न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि शासन व्यवस्था भी अधिक सुदृढ़ और स्थिर होगी। यह व्यवस्था देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक पटेल ने ÷जनता दर्शन÷ का भी आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याएँ उनके समक्ष रखीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समर पाल सिंह उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अखिलेश यादव का पुतला दहन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव का आधा कटा हुआ फोटो के साथ होर्डिंग लगाकर समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए उनके अपमान के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट परिसर तक पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ0 सतीश द्विवेदी व पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

पूर्व मंत्री डॉ0 सतीश द्विवेदी ने कहा पिछले दो सालों से ऐसा लग रहा था राहुल गांधी और अखिलेश यादव से ज्यादा बाबा साहब का सम्मान करने वाला और कोई नहीं है लेकिन समाजवादी पार्टी के द्वारा प्रदेश मुख्यालय पर एक होर्डिंग लगाया गया जिसमें आधा चेहरा बाबा साहब का और आधा अखिलेश यादव का लगाकर यह बताने की कोशिश की गई है कि अखिलेश यादव बाबा साहब के बराबर हैं। बाबा साहब किस तरह से उन्होंने देश के दलित पिछड़ों वंचितों को अधिकार दिला करके आज भारत को एक सम्पन्न समर्थ विकसित भारत बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित किया। उस बाबा साहब के रूप में अखिलेश यादव को दिखाना और बाबा साहब का आधा कटा चित्र लगाना समाजवादी पार्टी की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी नीतियां हमेशा से दलित विरोधी रही हैं उनके कार्यकाल में लिए गए फैसले जिसमें बाबा साहब की प्रतिमा बिना परमिशन के नहीं लगने का आदेश देना। बहुजन महापुरुषों के नाम वाले जिलों को बदलवाना Sc, st कर्मचारियों के प्रोमोशन में आरक्षण का बिल फड़वाना सपा कार्यकाल में दलितों आदिवासियों पर अत्याचार जिस स्तर पर पहुंचा वो दलित समाज भूला नहीं है। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, तेजू विश्वकर्मा, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिलामंत्री फतेबहादुर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, हेमंत जयसवाल जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा संजय गौतम, भाजपा नेता दिलीप चतुर्वेदी, सच्चिदानंद चौबे, फूलचंद जयसवाल, मंगल चौरसिया, मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, सोनू गुप्ता, संतोष शुक्ला, गगन श्रीवास्तव, संपूर्णानंद पाण्डेय, जितेंद्र मिश्रा,विक्की रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहें।

## अक्षय तृतीया के दिन लुचुइया गांव में 21 फीट ऊंची परशुराम मंदिर का हुआ भूमि पूजन व शिलान्यास

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुचुंइयां गांव के श्री मुक्तेश्वर महादेव धाम मंदिर परिसर में परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में 21फीट ऊंची भगवान परशुराम का एक भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।




अक्षय तृतीया पर भगवान विष्णु के छठे अवतार कहें जाने वाले परशुराम के भव्य मंदिर का 21 फीट ऊंची एक भव्य मंदिर निर्माण की शुरुआत से पहले मुख्य अतिथि राजेन्द्र मिश्र व गीता देवी ने (11) ग्यारह ब्राह्मणों के सहयोग से परशुराम मंदिर का भूमि पूजन व निर्माण की शुरुआत कर मंदिर का शिलान्यास किया गया। परशुराम मंदिर आयोजक प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्रा ने कहा कि सिद्धार्थ नगर जिले में पहली बार 21फीट ऊंची परशुराम जी का भव्य मंदिर बन रहा है। प्रोफेसर गणेश पाण्डेय ने कहा कि ऋषिमुनियों व तपस्वी को आसुरी शक्तियों व अधर्मियों से बचाने के लिए भगवान परशुराम ने फरसा उठाकर उनका संहार किया था।उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर हम सभी को राष्ट्रवादी सोच रखते हुए समाज के हित के सदैव तत्पर रहना चाहिए। श्याम जायसवाल ने कहा सच्चाई और धर्म की राह पर चलने वाला व्यक्ति परेशान अवश्य होता है परन्तु जीत हमेशा धर्म व सच्चाई की होती है। राधे रमण त्रिपाठी ने कहा कि इस मंदिर का शिलान्यास होने से यह स्पष्ट हो गया कि भगवान परशुराम के प्रति लोगों की श्रद्धा और समर्पण कितना गहरा है।यह समारोह भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके जीवन के त्याग, तपस्या और न्यायप्रियता का एक अद्भुत उदाहरण हैं।समारोह में ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान परशुराम के नाम पर ध्वजा फहराई जो मंदिर निर्माण की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है इस समारोह में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। समारोह के दौरान भगवान परशुराम के त्याग, तपस्या, और न्यायप्रियता जैसे आदर्शों को याद किया गया। लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया आयें हुए अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा परशुराम जन्मोत्सव पर श्री मुक्तेश्वर महादेव धाम मंदिर लुचुइया गांव में जो (400)चार सौ साल पुराना है उसी मंदिर परिसर में 21फीट ऊंची परशुराम मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया। इस मंदिर के बनने से विष्णु भगवान के छठे अवतार परशुराम की पूजा अर्चना की जायेगी।

## जाति जनगणना यह कांग्रेस की जीत है : विरेन्द्र चौधरी

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज।** भाजपा सरकार ने जाति जनगणना की हामी भर ली है। जाहिर है राजनीतिक दलों में अब इसके नफा नुकसान पर चर्चा शुरू होगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जाति जनगणना पर खासा जोर था। उन्होंने यहां तक दावा किया था कि वे इसी सरकार को जाति जनगणना के लिए मजबूर करेंगे। बुधवार को केंद्र सरकार के जाति जनगणना की हामी भरते ही कांग्रेस इसे अपनी जीत मान रही है।

कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह भाजपा के उन नेताओं को जवाब है जो कहते थे कि जिनकी जाति का पता नहीं वे जनगणना की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जाति जनगणना का उपहास उड़ाते थे। अब उन्हें कुछ नहीं सूझ रहा है। वे कहते हैं कि कांग्रेस के इस मास्टर स्ट्रोक को भाजपा अपना कह कर बल्लियों उछलेगी लेकिन जनता जान रही है कि यह किसका मास्टर स्ट्रोक है। कांग्रेस विधायक विरेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा जनता में यह भ्रम फैलाने में नाकाम रही कि कांग्रेस की यह मांग जातियों को बांटने के लिए है। दरअसल कांग्रेस चाहती कि केंद्र अथवा प्रदेश की योजनाएं बराबर-बराबर सबको हासिल हो। जाति जनगणना से यह साफ होगा कि किस जाति की कितनी संख्या है ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बराबर मात्रा में मिल सके। अभी जो जितना झपट ले उस हिसाब से योजनाएं बन रही है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना से बाबा साहेब डाक्टर अंबेडकर के समाज में बराबरी का सपना साकार होगा।

### पुलिस अधीक्षक से लगायी न्याय की गुहार

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र के घुन्नेपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरे गांव का एक युवक मेरी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया है। इस पूरे प्रकरण की शिकायत बसखारी थाने पर की गई थी मगर मेरी सुनवाई नहीं हुई उल्टा ही मेरा उपर शांति भंग में चालान कर दिया गया। 29 अप्रैल को सुबह मैं खेत में काम करने जा रहा था तभी विपक्षी गण खेत में पहुंच कर मुझे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देने लगे और कहने लगे। तुम हम लोगों के बीच आओगे तो तुम्हें बोटी बोटी कटवा किया जाएगा और नहीं तो झूठे मुकदमे फसवा कर जेल भिजवा देंगे। इसलिए मेरी जान को खतरा है सभी आरोपियों पर कार्रवाई की जाए।

## आरडीएसएस योजना के तहत हो रहा मेंटेनेंस का काम, दिन में की जाएगी बिजली कटौती

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी विद्युत केंद्र के पटखौली खेसरहा एवं तिलौली फीडर के तहत पड़ने वाले सभी गांवों की विभाग की तरफ से दिन में बिजली कटौती की जाएगी। यह जानकारी बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा दी गई। अधिकारी ने बताया गया कि गर्मी में बिजली की खपत बढ़ जाती है, जिससे तारों पर लोड बढ़ता है। अगर जर्जर तार रहेंगे तो हीट होकर टूट सकता है।

वहीं हाईटेंशन तार से सटे पेड़ की टहनियां तारों के ऊपर दबाव बनाती हैं। इससे तेज हवा चलने पर पेड़ की टहनियां विद्युत तार से टकराने लगती है। जिससे तार के आपस में टकराने पर स्पार्किंग होने लगता है। इससे तार टूटने का खतरा तो रहता है, साथ ही विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो जाती है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। इन सब को देखते हुए आरडीएसएस योजना के तहत 11 हजार बोल्ट के जर्जर तार बदले जा रहे हैं साथ ही बिजली के पोल से लेकर ट्रांसफार्मर के मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। बिजली निगम के जेई दिनेश कुमार ने बताया कि 11हजार बोल्ट के मेन लाइन के मेंटेनेंस का काम चल रहा है। इससे बांसी विद्युत केंद्र के पटखौली, खेसरहा एवं तिलौली फीडर के तहत पढ़ने वाले सभी गांवों की दिन में बिजली कटौती की जाएगी। बीच-बीच में काम को देखते हुए, बिजली आपूर्ति बहाल भी हो सकती है।



### उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष करेंगी जनसुनवाई



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले में गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे श्रीमती चारू चौधरी, उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त) उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में बैठक /महिला जनसुनवाई / निरीक्षण कार्यक्रम / घटनाओं की समीक्षा विकास भवन सभागार, में होनी प्रस्तावित है। व्यापक जनहित के दृष्टिगत जन मानस से अपील है कि उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में पीड़ित महिलाओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ उपस्थित होना चाहें। जिससे प्रकरणों का त्वरित / समुचित निस्तारण की कार्यवाही किये जाने हेतु माननीया द्वारा निर्देशित किया जा सके। उक्त आशय की जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा दिया गया है।

### वत्सला ने गोरखपुर में किया सिद्धार्थनगर का नाम रौशन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पूर्व नपाध्यक्ष एसपी अग्रवाल की पौत्री वत्सला ने 96 फीसदी अंक लाकर परिवार का नाम रोशन किया है। वत्सला शहर के गांधीनगर कस्बे की निवासी है तथा उनके पिता सिद्धार्थ अग्रवाल नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। वत्सला पिछले 2 वर्षों से विकास भारती स्कूल, गोरखपुर में पढ़ाई कर रही है। उन्होंने आईसीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट में 96 फ़ीसदी अंक प्राप्त किए। वत्सला ने विकास भारती में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व वत्सला ने विद्या देवी जिंदल हिसार हरियाणा में हाई स्कूल की परीक्षा में 94 फ़ीसदी अंक प्राप्त किए थे। वत्सला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया है और सिविल सर्विसेज में जाने की इच्छा व्यक्त है। सांसद जगदंबिका पाल पूर्व नपा अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, किडजी की प्रबंधक समीना चिश्ती, नय्यर कमाल, अनूप यादव आदि ने उन्हें ढेर सारी बधाई दी है।

## परिवहन विभाग व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने मोरंग से लदी ट्रक को जुर्माना लगाकर किया सीज

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जिला मुख्यालय के उपसंभागीय परिवहन विभाग और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने मोरंग से लदी ट्रक को लगभग एक लाख रुपए का जुर्माना लगाकर किया था सीज, लेकिन ट्रक चालक ने परिवहन विभाग के कार्यालय परिसर में खड़ी ट्रक को लेकर हुआ गायब, संबंधित अधिकारियों में मचा हड़कंप आननफानन में उपसंभागीय परिवहन कार्यालय से अकबरपुर कोतवाली में तहरीर के माध्यम से घटना को अवगत करवाते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने की किया था दरख्वास्त लेकिन मुकदमा नहीं हुआ खबर लिखे जाने तक दर्ज। मिली तहरीर के मुताबिक उपसंभागीय कार्यालय के सूर्यनाथ यादव ने अकबरपुर कोतवाली को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 28 अप्रैल 025 को चेकिंग के दौरान वाहन संख्या UP 45/T0202 ट्रक को अपने कार्यालय में चालान संकलन UP 895250428094240 पर निम्न अभियोग में कर लगाया गया है। यह भी अवगत कराया है, कि उक्त ट्रैक का दुर्गा धर्म काटा बसखारी रोड अम्बेडकरनगर पर खनन अधिकारी अम्बेडकरनगर की उपस्थिति में काटा कराया गया। जिसपर निश्चित भार से 47 टन मोरंग लदा पाया गया। इसी दौरान मोरंगभार अधिनियम 1988 के नियम के अनुसार सुसंगत धाराओं में चालान करते हुए कार्यालय के परिसर में खड़ा करवाया गया था। ट्रक चालक संतोष कुमार पुत्र श्री राम आधार जिसका मोबाइल नंबर 8765089456 के द्वारा चाभी कार्यालय में जमा कराई गई थी। वाहन चालक द्वारा बिना राजस्व शुल्क अदा किए ही ट्रैक लेकर कार्यालय परिसर से भाग गया। हालांकि मोरंगभार अधिनियम के तहत अनुमानित भार क्षमता से अधिक मोरंग लदा ट्रक परिवहन विभाग और खनन अधिकारी की संयुक्त टीम ने पकड़ा और धर्म काटे पर काटा करवाने के दौरान भार क्षमता से अधिक मोरंग का भार मिलने के बाद एक लाख से अधिक का जुर्माना लगाकर ट्रक का चालन कर परिवहन विभाग के परिसर में ट्रैक चालक से चाभी लेकर खड़ी करा ली गई थी। लेकिन ट्रक चालक के द्वारा बिना राजस्व शुल्क अदा किए ट्रक को विभागीय परिसर से लेकर भाग जाने के बाद विभाग में हड़कम मचा हुआ हैं। उक्त संबंध में अकबरपुर कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक श्री निवास पाण्डेय ने बताया कि मामला जो बताया जा रहा हैं, वह नहीं है, उन्होंने कहा कि ट्रक चालक द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारी से अनुमति लेकर ट्रक लेकर गया है। बाद में आने के बाद चालान कर लगाई गई जुर्माने की राशि अदा कर देने की बात कहीं गई थी।

## बिना फिटनेश वाले वाहनों पर होगी कार्रवाई

## अवैध स्कूल की मान्यता करें रद्द : डीएम

### डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक माह अप्रैल, 2025 का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान प्रतिभाग कर रहे एआरटीओ को बिना फिटनेस वाले स्कूल वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिया गया तथा एक कार्ययोजना बनाकर जनपद के समस्त स्कूल वाहनों एक निश्चित स्थान अभियान के तहत सुरक्षा के दृष्टिगत तहसीलवार जनपद में स्कूल वाहनों की फिटनेस, इंश्योरेन्स तथा परमिट की वैधता जांच की जाए। साथ ही समस्त स्कूल वाहनों के ड्राइवरों का यूनिफार्म, आईकार्ड, स्वास्थ परीक्षण भी कराया जाए। मिर्गी या अन्य रोग से पीड़ित तो नही है यह भी ध्यान दिया जाए व आंखों का चेकअप कराया जाए तथा पुलिस सत्यापन अगली बैठक से पूर्व ग्रीष्मकालीन अवकाश में पूर्ण कराया लिया जाए, तथा अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिससे जनपद के समस्त स्कूल वाहन शासन के समस्त मानक को पूर्ण करने के उपरान्त ही संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाए। स्कूल को बीएसए के माध्यम से नोटिस दिया जाए कि विद्यालय पंजीयन के समय विद्यालय द्वारा जितने वाहनों के प्रयोग हेतु अनुमति ली गई है, केवल उन्ही वाहनों प्रयोग कर बच्चों को स्कूल लाया जाए। बैठक में प्रतिभाग कर रहे संजय झा सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गोरखपुर मण्डल गोरखपुर द्वारा यह बिन्दु उठाया गया कि आईरेड ऐप पर एक्सिडेंट एवं मृत्यु का डेटा सही से फिड नही किया गया है, वास्तविक दुर्घटना एवं मृत्यु की संख्या तथा आईरेड ऐप पर फिड संख्या में अन्तर है, जिसका कारण डेटा का सही से ऐप पर फिड नही होना है, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित अभिषेक को निर्देशित किया कि वे अपने सभी थानों के एक एसआई को नामित करें और उनकी ट्रेनिंग पुलिस लाईन सभागार में बुलाकर के एनआईसी के माध्यम से आई रेड ऐप पर डेटा फीडिंग की ट्रेनिंग दिया जाए।



कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते डीएम

### गरिमा महिला मंडल ने मनाया वार्षिक समारोह



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** गरिमा महिला मंडल ने 29 अप्रैल 2025 को सरगम ऑडिटोरियम में अपने वार्षिक समारोह नृत्यांजलि का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयदेव परिदा, कार्यकारी निदेशक,एनटीपीसी टांडा तथा गरिमा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संघमित्रा परिदा द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर अभय कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), गरिमा महिला मंडल की सचिव श्रीमती नीलिमा जैन, परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा महिला मंडल की सभी माननीय सदस्याएं उपस्थित रहीं।श्रीमती परिदा ने मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए एनटीपीसी प्रबंधन का लगातार सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इसके पश्चात सचिव श्रीमती नीलिमा जैन ने गरिमा महिला मंडल की वार्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी, जिसमें सामाजिक सेवा के कार्यों और 'ब्लूमिंग बड्स' तथा 'बाल भवन' जैसे शैक्षणिक उपक्रमों की सफल संचालन का उल्लेख किया गया। नृत्यांजलि थीम पर आधारित यह आयोजन विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर हो गया। गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं द्वारा प्रस्तुत एनटीपीसी थीम सॉन्ग, रंग-बिरंगे बॉलीवुड फोक डांस और मनमोहक समूह नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**अम्बेडकरनगर।** बिजली विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने नौकरी से निकाले जाने को लेकर अकबरपुर अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव पर किया धरना प्रदर्शन। बताते चलें की जिले में बिजली विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बुधवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर अपनी आवाज बुलंद किया कर्मचारियों का कहना था कर्मचारियों ने लंबे समय से विभाग में मेहनत व ईमानदारी से अपनी सेवा दे रहे थे। ऐसे में बिना बताए प्राइम वन कंपनी के 600 कर्मचारियों को नौकरी से बाहर निकाल दिया गया जिससे कर्मचारियों को आर्थिक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक निकालें गये कर्मचारियों को विभाग वापस नौकरी बहाल नहीं करेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### नायब तहसीलदार के निरीक्षण में शिक्षिका मिली अनुपस्थित

**गोरखपुर।** शासन ने परिषदीय विद्यालय की स्थिति का जायजा लेने के लिए जिम्मेदारों से माहवार रिपोर्ट मांग रही है। बुधवार को नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया ने प्रेरणा पोर्टल के तहत तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण किए। जिसमें रंदौली उर्फ मठिया,भरपही, महराबारी, कुसमौल तथा मुहम्मदपुर शामिल है। सभी विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम थी। मौजूद शिक्षकों से बच्चों की तादात बढ़ाने का निर्देश दिए।

### अपेक्षा सिंह ने किया नाम रौशन




**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आज जारी हुए आईसीएसई बोर्ड की इंटर मीडिएट की परीक्षा में बालिकाओं ने बाजी मारी है, इसी क्रम में जिला ओलंपिक संघ के सचिव डा हनुमान सिंह की पुत्री अपेक्षा सिंह को मेरिट में स्थान मिला है, अपेक्षा सिंह को 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है अपेक्षा सिंह ने हाइस्कूल की परीक्षा में भी मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया था, अपेक्षा ने बताया कि क्लैट की परीक्षा पास कर कानून की पढ़ाई कर जज बनना चाहती है अपेक्षा का कहना है कि सिर्फ स्कूल और स्वयं से पढ़कर यह अंक हासिल किया है, कोई ट्यूशन का सहारा नही लिया गया परिवारी जनो द्वारा पढ़ाई का माहौल दिया गया है जिसकी वजह से यह स्थान मिला माता रंजना सिंह जो कि अध्यापिका हैं उन्होंने बताया कि अपेक्षा बचपन से ही होनहार है और आगे का लक्ष्य भी हासिल करेगी।

### बिजली के खम्बे से लटकता मिला युवक का शव

**हजपुरा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** युवक का शव घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर बिजली के खंभे से लटका मिला। स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव फंदे से उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के गुरुदासपुर गांव में बुधवार सुबह बिजली के खंभे से गमछे से बने फंदे के सहारे युवक का शव लटका देखा गया। जानकारी होने पर आसपास के गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। शव की पहचान गुरुदासपुर के रहने वाले सत्यम यादव (20 वर्ष ) के रूप में हुई। मृतक शराब पीने का आदी था। लेकिन उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर युवक का शव मिलने से परिवार में कोहराम मचा है। युवक का गला फंदे से कसा नहीं था। जिसको लेकर स्वजनों के साथ ही ग्रामीणों ने भी हत्या करके आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को खंभे से लटकाने की आशंका जाहिर की है। पिता राम कीरत यादव कैंसर पीड़ित है। पुत्र की मौत से वह बेहद दुखी है।

## इंटर मीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले छात्रों को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जनपद में हाई स्कूल व इंटर क्लास के मेधावी छात्र-छात्राओं को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सम्मानित किया और कहा की आप जीवन के इम्तिहानों के लिए अब तैयार हो जाइए। स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जीवन की परीक्षा का सामना करना है। हमें आगे की शिक्षा हासिल करने के लिए अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल सरकारी नौकरी हासिल करना नहीं है बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में अपनी योग्यता साबित कर कीर्तिमान स्थापित करें डीएम ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की मौके पर शिक्षा विभाग से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बांसी के टेकधर मंदिर पर मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी कस्बा स्थित टेकधर बाबा स्थान पर बीते मंगलवार देर शाम विकास मिश्र की अगुवाई में विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉ चंद्रशेखर त्रिपाठी द्वारा भगवान परशुराम के प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया गया । उसके बाद सभी ने बारी बारी से प्रतिमा पर माल्यार्पण करके भगवान परशुराम को याद किया। डॉ चंद्रशेखर त्रिपाठी ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को हुआ था। परशुराम भगवान विष्णु जी के छठे अवतार माने जाते है। इस दिन अक्षय तृतीया भी मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया है। उनका समूचा जीवन सच्चाई, न्याय व समाज के लिए समर्पित रहा है। ब्राह्मण समाज को भगवान् परशुराम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे चलने की जरूरत है। इस दौरान मंदिर के पुजारी पवन मिश्र, भोला नाथ पाठक, विकास मिश्रा, पंकज पाण्डेय, अंबुज पाण्डेय, राजेश शुक्ल, अनुपमा सिंह दुबे, उमेश पाठक, अमित मिश्रा,गगन मिश्रा, बिपिन मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव, बागी सतीश द्विवेदी, सतेंद्र द्विवेदी, योगेश दुबे, छोटू शुक्ल, एडवोकेट आदित्य त्रिपाठी जी, मुकेश द्विवेदी, बृजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सिन्धू जल में पानी और खून

सिन्धु जल को लेकर भारत पाक में पानी के इस्तेमाल को लेकर समझौता है पर पाकिस्तान पानी के साथ आतंकियों को मदद दे खून बहवा रहा है। भारत को इसे लेकर पाक के खिलाफ सख्त कदम उठाने होगे। मोदी और शाह ने सख्त कदम का आश्वान दिया है। पूरे भारत और जेके में इसे लेकर गुस्सा फूट रहा है, प्रदर्शन हो रहे है। भारत को अपने हमदर्द और देशों से पाक को मदद से वन्चित करने की प्रार्थना की है। देशों ने सकारात्मक जवाब भी दिये है। पाकिस्तान कर्ज में डूबा हुआ है। आईएफ्एम और कुछ अपने करीबी देशो से प्राप्त होने वाला पैसा टेरर फन्डिग में लगा रहा है जब जनता भूखे से बेहाल है।

भारत ने पुलवामा हमले का जवाब बाला कोट में दिया था। पर पाक आतंकियो को फन्डिग के लिये इधर उधर से जुगाड़ कर आतंकी हमले नही रूक रहा है। भारत का इसी पर जोर देना होगा। पाक 81 प्रतिशत हथियार चीन से लेता है इसके बाद इसका मददगार अमेरिका है। भारत सरकार को इस बारे में दोनो देशों से बात चीत करनी चाहिये। अपने विदेशमंत्री बहुत सक्रिय मेघावी त्वरित निर्णय वाले, प्रभावशाली व्यक्ति है। उनकी बात विदेशी सरकारे ध्यान से सुनती है। मोदी और शाह को उन पर पूरा भरोसा है। 2019 की बात विश्व को याद होगा कि अमेरिका के रोक के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफएफ-16 को इस्तेमाल किया था। दुनियां को बताने की जरूरत है कि पाक को दिये जा रहे मदद का हर सामान किसी भी टेरर कैम्प में पहुंच सकती है।

अमेरिका और भारत में करीबी रिश्ते है चीन के साथ सीमा विवाद है पर आर्थिक रिश्ते मजबूत है। अमेरिका चीन दोनो को भारत का बाजार चाहिये। भारत को दोनो पाक की मदद का रोकने के लिये सख्ती से पेश आना चाहिये। साऊदी अरब में भी दबाव बनाना होगा। भारत को दुनियां से इस बात को सख्ती से बताना होगा कि जो देश पाक को इस तरह की मदद देते है उन्हें बन्द करना होगा अन्यथा भारत का सदभाव खोयेगे। भारत की उपेक्षा नही कर सकती।


पाकिस्तान ने और सख्ती की जरूरत है। जो देश कभी एक रहे हो जिनके नागरिकों में रोटी बेटी का सम्बन्ध रहा है, व एक दूसरे का इतना विरोधी हो सकते है। ताज्जुब होता है। दरसल आम जनता नही पाक के सैन्य शासक भारत के विरोधी है। भारत के डर से वहां के सैनिक अधिकारी अपने परिवार के सुरक्षा के लिये विदेश भेज रहे है। मौका आने पर खुद भी उड़ भागेगे जनता को मझधार में छोड़ कर जो भुगतना हो वह भुगते वे विदेश से सीना ठोकेगे।

## सचिन को भी वैभव ने पछाड़ा!



के. विक्रम राव

परिवार की विपन्नता क्रिकेट का सितारा बनने में बाधक नहीं हो सकती है। इसको बिहार (समस्तीपुर) के 14-वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने साबित कर दिया। इसे बालक कहेंगे, युवक भी नहीं। उसके पिता संजीव सूर्यवंशी ने अपने उपजाऊ खेत बेच दिए ताकि बेटे वैभव को कोचिंग कराई जा सके। हालांकि वैभव के शरीर से बाल्यावस्था की चर्बी ज्यों की त्यों अभी भी बनी है। मगर दमदार शॉट लगाने और शरीर के आकार को बनाए रखने में वह प्रयासरत रहा। दस साल की आयु से नेट पर रोजाना 600 गेंदों का सामना करता था। उसके पिता भी अपने इस लाडले बेटे के लिए दस अतिरिक्त टिफिन बॉक्स लेकर जाते थे। सब काम आ गए। नतीजा सामने है। वैभव करोड़पति बन गए। याद दिला दें कि पिछले साल आईपीएल मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी को 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। 27 मई 2011 को जन्में वैभव लिस्ट में सबसे युवा खिलाड़ी थे। उन्होंने जनवरी 2024 में अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू बिहार के लिए किया था। तब उनकी उम्र 12 साल और 284 दिन थी।




पिछले साल वह चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। तब उन्होंने 58 गेंदों में शतक जड़कर सुर्खियों का बाजार गर्म किया था। बिहार के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वैभव ने टी20 डेब्यू किया। उन्हें एक मैच में मौका मिला, लेकिन कुछ खास नहीं कर सके। वह एसीसी अंडर-19 एशिया कप 2024-25 में सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। उन्होंने पांच मैचों में 176 रन बनाए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 76 रन है।

इस छोकर के बारे में एक हिंदी कहावत सही साबित होती है कि बेहतरीन लोग इत्तेफाक से मिलते हैं। अर्थात अच्छे लोग आपकी जिंदगी में अचानक, बिना किसी योजना के आते हैं, और ये मुलाकातें एक भाग्यशाली संयोग होती हैं। वैभव की कोच कर्नाटक के राहुल द्रविड़ कल रात सवाई मानसिंह पवेलियन में सबसे खुश दर्शक थे। वे इस किशोर वैभव की कोच हैं। वैभव का क्रिकेट सफर असाधारण था। सूर्यवंशी ने 12 साल की उम्र में बिहार की अंडर-19 टीम के लिए वीनू मांकड़ ट्रॉफी खेली थी। उन्होंने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में मुंबई के खिलाफ बिहार के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। ऐसा करने पर, वह बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बन गए , और कुल मिलाकर चौथे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी। वह युवराज सिंह (15 वर्ष और 57 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ते हुए आधुनिक युग में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए , अलीमुद्दीन ने राजपुताना के लिए 1942-43 सीज़न में सिर्फ 12 साल और 73 दिन की उम्र में सबसे कम उम्र के भारतीय प्रथम श्रेणी पदार्पण का समग्र रिकॉर्ड अपने नाम किया।

आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक उसने 11वें ओवर की दूसरी गेंद पर राशिद खान की बॉल पर छक्का जड़कर 35 गेंद पर शतक पूरा कर लिया। यह आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक है। तुलनात्मक रूप से भारत रत्न सचिन तेंदुलकर को वैभव सूर्यवंशी ने मिलों पीछे छोड़ दिया है। सचिन किसी भी मैच के 11 खिलाड़ियों में नहीं रहे, एक्स्ट्रा फील्डर के रूप में खेलते थे। 15 साल की आयु में गुजरात के खिलाफ सैकड़ा बनाया था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारत देश में मजदूरों की मजदूरी के बारे में बात की जाए तो यह भी एक बहुत बड़ी समस्या है, आज भी देश में कम मजदूरी पर मजदूरों से काम कराया जाता है। यह भी मजदूरों का एक प्रकार से शोषण है। आज भी मजदूरों से फैक्ट्रियों या प्राइवेट कंपनियों द्वारा पूरा काम लिया जाता है लेकिन उन्हें मजदूरी के नाम पर बहुत कम मजदूरी पकड़ा दी जाती है। जिससे मजदूरों को अपने परिवार का खर्चा चलाना मुश्किल हो जाता है। पैसों के अभाव से मजदूर के बच्चों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है। भारत में अशिक्षा का एक कारण मजदूरों को कम मजदूरी दिया जाना भी है।**

# लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस

ब्रह्मानंद राजपूत

हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मई महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस को मई दिवस भी कहकर बुलाया जाता है। अमेरिका में 1886 में जब मजदूर संगठनों द्वारा एक शिफ्ट में काम करने की अधिकतम सीमा 8 घंटे करने के लिए हड़ताल की जा रही थी। इस हड़ताल के दौरान एक अज्ञात शख्स ने शिकागो की हेय मार्केट में बम फोड़ दिया, इसी दौरान पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चला दीं, जिसमें 7 मजदूरों की मौत हो गयी। इस घटना के कुछ समय बाद ही अमेरिका ने मजदूरों के एक शिफ्ट में काम करने की अधिकतम सीमा 8 घंटे निश्चित कर दी थी। तभी से अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई को मनाया जाता है। इसे मनाने की शुरुआत शिकागो में ही 1886 से की गयी थी। मौजूदा समय में भारत सहित विश्व के अधिकतर देशों में मजदूरों के 8 घंटे काम करने का संबंधित कानून बना हुआ है। अगर भारत की बात की जाए तो भारत में मजदूर दिवस के मनाने की शुरुआत चेन्नई में 1 मई 1923 से हुई।

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है। किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए श्रमिकों का समाज में अपना ही एक स्थान है। लेकिन आज भी देश में मजदूरों के साथ अन्याय और उनका शोषण होता है। आज भारत देश में बेशक मजदूरों के 8 घंटे काम करने का संबंधित कानून लागू हो लेकिन इसका पालन सिर्फ सरकारी कार्यालय ही करते हैं, बल्कि देश में अधिकतर प्राइवेट कंपनियां या फैक्ट्रियां अब भी अपने यहां काम करने वालों से 12 घंटे तक काम कराते हैं। जो कि एक प्रकार से मजदूरों का शोषण हैं। आज जरूरत है कि सरकार को इस दिशा में एक प्रभावी कानून बनाना चाहिए और उसका सख्ती से पालन कराना चाहिए।

भारत देश में मजदूरों की मजदूरी के बारे में बात की जाए तो यह भी एक बहुत बड़ी समस्या है, आज भी देश में कम मजदूरी पर मजदूरों से काम कराया जाता है। यह भी मजदूरों का एक प्रकार से शोषण है। आज भी मजदूरों से फैक्ट्रियों या प्राइवेट कंपनियों द्वारा पूरा काम लिया जाता है लेकिन उन्हें मजदूरी के नाम पर बहुत कम मजदूरी पकड़ा दी जाती है। जिससे मजदूरों को अपने परिवार का खर्चा चलाना मुश्किल हो जाता है। पैसों के अभाव से मजदूर के बच्चों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है। भारत में अशिक्षा का एक कारण मजदूरों को कम मजदूरी दिया जाना भी है। आज भी देश में ऐसे मजदूर है जो 1500-2000 मासिक मजदूरी पर काम कर रहे हैं। यह एक प्रकार से मानवता का उपहास है। बेशक इसको लेकर देश में विभिन्न राज्य सरकारों ने

**अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस**




न्यूनतम मजदूरी के नियम लागू किये हैं, लेकिन इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन होता है और इस दिशा में सरकारों द्वारा भी कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता और न ही कोई कार्यवाही की जाती है। आज जरुरत है कि इस महंगाई के समय में सरकारों को प्राइवेट कंपनियों, फैक्ट्रियों और अन्य रोजगार देने वाले माध्यमों के लिए एक कानून बनाना चाहिए जिसमे मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी तय की जानी चाहिए। मजदूरी इतनी होनी चाहिए कि जिससे मजदूर के परिवार को भूंखा न रहना पड़े और न ही मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से वंचित रहना पड़े।

आज भी हमारे भारत देश में लाखों लोगों से बंधुआ मजदूरी कराई जाती है। जब किसी व्यक्ति को बिना मजदूरी या नाममात्र पारिश्रमिक के मजदूरी करने के लिए बाध्य किया जाता है या ऐसी मजदूरी कराई जाती है तो वह बंधुआ मजदूरी कहलाती है। अगर देश में कहीं भी बंधुआ मजदूरी कराई जाती है तो वह सीधे-सीधे बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 1976 का उल्लंघन होगा। यह कानून भारत के कमजोर वर्गों के आर्थिक और वास्तविक शोषण को रोकने के लिए बनाया गया था लेकिन आज भी जनसंख्या के कमजोर वर्गों के आर्थिक और वास्तविक शोषण को नहीं रोका जा सका है। आज भी देश में कमजोर वर्गों का बंधुआ मजदूरी के जरिए शोषण किया जाता है जो कि संविधान के अनुच्छेद 23 का पूर्णतः उल्लंघन है। संविधान की इस धारा के तहत भारत के प्रत्येक नागरिक को शोषण और अन्याय के खिलाफ अधिकार दिया गया है। लेकिन आज भी देश में कुछ पैसों या नाम मात्र के गेहूं, चावल या अन्य खाने के सामान के लिए बंधुआ मजदूरी कराई जाती है। जो कि अमानवीय है। आज जरूरत है समाज और सरकार को मिलकर बंधुआ मजदूरी जैसी अमानवीयता को रोकने का सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

आज भी देश में मजदूरी में लैंगिक भेदभाव आम बात है। फैक्ट्रियों में आज भी महिलाओं को पुरुषों के बराबर वेतन नहीं दिया जाता है। बेशक महिला या पुरुष फैक्ट्रियों में समान काम कर रहे हों लेकिन बहुत सी जगह आज भी महिलाओं को समान कार्य हेतु समान वेतन नहीं दिया जाता है। फैक्ट्रियों में महिलाओं से उनकी क्षमता से अधिक कार्य कराया जाता है। आज भी देश की बहुत सारी फैक्ट्रियों में महिलाओं के लिए पृथक शौचालय की व्यवस्था नहीं है। महिलाओं से भी 10-12 घंटे तक काम कराया जाता है। आज जरुरत है सभी उद्योगों को लैंगिक भेदभाव से बचना चाहिए और महिला श्रमिक से सम्बंधित कानूनों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। इसके साथ ही सभी राज्य सरकारों को महिला श्रमिक से सम्बंधित कानूनों को कड़ाई से लागू करने के लिए सभी उद्योगों को निर्देशित करना चाहिए। अगर कोई इन कानूनों का उल्लंघन करे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

आज भारत देश में छोटे-छोटे गरीब बच्चे स्कूल छोड़कर बाल-श्रम हेतु मजबूर हैं। बाल मजदूरी बच्चों के मानसिक, शारीरिक, आत्मिक, बौद्धिक एवं सामाजिक हितों को प्रभावित करती है। जो बच्चे बाल मजदूरी करते हैं, वो मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहते हैं और बाल मजदूरी उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास में बाधक होती है। बालश्रम की समस्या बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है। जो कि सविधान के विरुध्द है और मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघन है। बाल-श्रम की समस्या भारत में ही नहीं दुनिया कई देशों में एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। जिसका समाधान खोजना जरूरी है। भारत में 1986 में बाल श्रम निषेध और नियमन अधिनियम पारित हुआ। इस अधिनियम के अनुसार बाल श्रम तकनीकी सलाहकार समिति नियुक्त की गई। इस समिति की सिफारिश के अनुसार, खतरनाक उद्योगों में बच्चों की नियुक्ति निषिद्ध है। भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों में शोषण और अन्याय के विरुद्ध अनुच्छेद 23 और 24 को रखा गया है। अनुच्छेद 23 के अनुसार खतरनाक उद्योगों में बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है।

# पहलगाम हत्याकांड- नफरत के बावजूद एकता को आगे बढ़ाना होगा

डा गिरीश

**आगरा में एक होटल के बेटर की हत्या इसलिए कर दी गयी क्योंकि वह मुसलमान था। हत्यारों ने वीडियो जारी कर इस शर्मनाक ऋत्य की न केवल ज़िम्मेदारी ली, अपितु घोषणा की कि उतने ही लोगों को मारा जायेगा जितनों की हत्या पहलगाम में की गयी है। देहरादून में शहर के बीचोबीच स्थित सैय्यद कमाल शाह बाबा की मजार को तोड़ दिया गया। जबकि बाबा के मुरीदों में अधिकतर हिन्दू समाज से हैं। बात बात पर आस्था का प्रश्न उठाने वाले गैंग ने बाबा के अनुयाइयों की आस्था की किंचित परवाह नहीं की। ऐसी वारदातें अनेकों जगह हो रहीं थीं। कई जगह कश्मीरी छात्रों और नागरिकों को जान से मारने की धमकियाँ दी गयीं। भय के माहौल में उन्हें पलायन करना पड़ा- खास कर उन राज्यों से जहां भाजपा/ एनडीए की सरकारें हैं।**

पहलगाम की आतंकी घटना जिसमें दो दर्जन से अधिक पर्यटक और स्थानीय नागरिकों की जानें चली गयीं, का उद्देश्य किसी से छिपा नहीं है। निश्चय ही यह जघन्य कांड देश के अन्दर के संप्रदायवादियों द्वारा यहाँ उगाई गयी नफरत की फसल को खाद पानी देकर भारत को अंदर से कमजोर करना था। साथ ही आतंकवाद के घ्रणित उद्देश्यों को समझ चुकी कश्मीरी जनता और देश के अन्य भागों की जनता के बीच मजबूत होती जा रही मेल- मिलाप की कड़ियों को कमजोर करना था। इस मेल- मिलाप के नतीजे के तौर पर कश्मीर में बड़े पैमाने पर पर्यटकों का आगमन एकता के दुश्मनों को इसलिए भी खटक रहा था कि इससे कश्मीर की जनता बेपनाह खुशहाली की ओर बढ़ रही थी और कश्मीर घाटी विकास के मार्ग पर अग्रसर हो रही थी।

पहलगाम कांड पर स्वाभाविक प्रतिक्रिया आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के उद्देश्यों को समझ कर ही होनी चाहिये थी। लेकिन इस जघन्य कांड के घटने की जिम्मेदारी जिस सत्ता प्रतिष्ठान की थी, उसने अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए जो खेल खेला वह भी कम शर्मनाक नहीं है। सत्ता प्रतिष्ठान और उसके अवयवों ने घटना पर साफगोई के साथ आलोचना और आत्मालोचना करने के बजाय आतंकवादियो द्वारा कथित तौर पर धार्मिक पहचान जानने के बाद हत्यायेँ करने जैसे अपुष्ट और गढ़े गये आख्यानों को ज्यादा उछाला। नफरती तत्वों और गोदी मीडिया ने आतंकवादियों के खिलाफ वांच्छित कठोर कार्यवाही करने के बजाय मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ जहर उगलने पर ज़ोर दिया। उनकी राजनीति को यही सूट करता था। भड़कावे की इन कार्यवाहियों की प्रतिक्रिया होनी ही थी, सो हुयी। आगरा में एक होटल के बेटर की हत्या इसलिए कर दी गयी क्योंकि वह मुसलमान था। हत्यारों ने वीडियो जारी कर इस शर्मनाक ऋत्य की न केवल ज़िम्मेदारी ली, अपितु घोषणा की कि उतने ही लोगों को मारा जायेगा जितनों की हत्या पहलगाम में की गयी है। देहरादून में शहर के बीचोबीच स्थित सैय्यद कमाल शाह बाबा की मजार को तोड़ दिया गया। जबकि बाबा के मुरीदों में अधिकतर हिन्दू समाज से हैं। बात बात पर आस्था का प्रश्न उठाने वाले गैंग ने बाबा के अनुयाइयों की आस्था की किंचित परवाह नहीं की। ऐसी वारदातें अनेकों जगह हो रहीं थीं। कई जगह कश्मीरी छात्रों और नागरिकों को जान से मारने की धमकियाँ दी गयीं। भय के माहौल में उन्हें पलायन करना पड़ा- खास कर उन राज्यों से जहां भाजपा/ एनडीए की सरकारें हैं।

छोटी- बड़ी ऐसी घटनाओं की संख्या हजारों में है। इनका संज्ञान लिया जाना चाहिये और कानूनी कार्यवाही की अपेक्षा की जानी चाहिये। लेकिन पहलगाम की इस घटना ने देश के इतिहास की धारा को नयी दिशा में मोड़ने का काम भी धीरे से कर दिया है । घटना के बाद की दूसरी प्रतिक्रियाएं न केवल सरहनीय हैं अपितु इस



कहावत को चरितार्थ करने वाली हैं कि 'इतिहास का निर्माण जनता करती है, शासक नहीं'।

घटना वाले दिन शाम को ही कश्मीर में कई जगह लोगों ने स्वतःस्फूर्त जुलूस निकाले। गुस्साये लोगों ने आतंकवाद और उसके आका पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारे लगाये। घटना के अगले दिन कश्मीर बन्द हुआ। बन्द को सफल बनाने का ऐलान मस्जिदों से किया गया। सोशल मीडिया पर हिंदुओं के साथ साथ मुस्लिमों के बयान भी आए जिनमें आतंकवाद की मुखर आलोचना की गयी, और हत्याओं पर गहरा दुख और आक्रोश प्रकट किया गया। आतंकवाद के पुतले जलाने में अनेक मुस्लिम संगठन और नागरिक सामने आए। न कहीं दंगा हुआ और न कर्फ़्यू लगा। यह सब स्वाभाविक और स्वतःस्फूर्त तरीके से घट रहा था, किसी राजनैतिक दल ने इसका आह्वान नहीं किया था। घटना के समय भी पर्यटकों की परिचर्या में लगे काश्मीरियों ने लोगों को बचाने और आतंकवादियों को ललकारने का जो उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य किया, उसकी चर्चा भी सर्वत्र हो रही है। इन कार्यवाहियों के बीच आतंकवाद से निपटने में केंद्र सरकार की विफलता पर सवाल भी उठते रहे। आमजन अपने पिछले अनुभवों से यह भी कयास लगाते रहे कि कहीं यह कांड शासक दल का बिहार विधान सभा के भावी चुनावों में लाभ उठाने का हथकंडा तो नहीं है? सरकार द्वारा आतंकवाद को नियंत्रित करने के नाम पर उठाए गये कदमों को लोग आतंकवाद के खिलाफ कम, जनता को बहलाने की कवायद ज्यादा मान रहे हैं। आतंकवाद पर प्रभावी कार्यवाही को लेकर भी मौजूदा सरकार के बारे में जनता सशंकित है। लेकिन अब हम दोबारा उन कार्यवाहियों की तरफ लौटते हैं जो हमारे इस भरोसे को मजबूती देती है कि जनता जाग चुकी है, और अब उसे और ज्यादा बहकाया नहीं जा सकता। कश्मीर की जनता का रुझान वहाँ की सरकार के रवैये में स्पष्टतः परिलक्षित हुआ है। जम्मू कश्मीर विधान सभा के विशेष सत्र में आतंकवाद के खिलाफ पहली बार ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव के जरिये विधान सभा ने पूरी दुनियाँ को संदेश दिया कि दहशतगर्दी के लिए अब कोई जगह नहीं है। सदन ने दो मिनट का मौन रख मारे गये 26 पर्यटकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पर्यटकों को बचाने के लिये जान की कुर्बानी देने वाले आदिल हुसैन शाह की बहादुरी को भी याद किया। उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि बर्बर और अमानवीय हमले से गहरा सदमा और दुख पहुंचा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अपने वक्तव्य में रेखांकित किया कि 26 साल में पहली बार बिना किसी आह्वान के लोग खुद बाहर आए हैं। इस बदलाव को हमें कायम रखना होगा।

प्रस्ताव में सभी राजनैतिक दलों, धार्मिक-सामुदायिक नेताओं, युवा- संगठनों, नागरिक समूहों से हिंसा को पीछे छोड़कर शांति, सांविधानिक मूल्यों को कायम रखने और एकता पर बल दिया गया। यह आम जनता द्वारा सड़कों पर प्रदर्शित एकता और एकजुटता का ही परिणाम था कि जम्मू कश्मीर विधान सभा में आतंकवाद के खिलाफ सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों एक मंच पर दिखे। नफरती चिंटूओं द्वारा घटना को लेकर भड़काई जा रही नफरत की आग के बावजूद एकता और एकजुटता का यह मंजर देश के कोने कोने में दिखाई दे रहा है। अलीगढ़ एक ऐसा जनपद है जो पूर्व में सांप्रदायिक दंगों के लिये कुख्यात रहा है। लेकिन पहलगाम कांड के प्रति उपजे आक्रोश ने वहाँ के जनमानस को अभूतपूर्व रूप से एकजुट कर दिया। तमाम व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों ने वहां अलीगढ़ बन्द का आह्वान किया तो शहर मुफ्ती ने भी उसका समर्थन किया। ऊपरकोट स्थित जामा मस्जिद से भी बन्द को सफल बनाने का आह्वान किया गया। परिणामतः हिन्दू मुस्लिम सभी इलाकों में अभूतपूर्व बन्द हुआ। एक हिन्दी दैनिक द्वारा बहुत ही संक्षेप में दी गई खबर बन्द की व्यापकता और उसके द्वारा कायम हुयी एकता को उजागर कर देती है।

# नफ़रत की ये आग कब बुझेगी?

**बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नज़ाकत अली के साथ अपनी फ़ोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ़ करते हुये लिखा कि आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नज़ाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे।**



निर्मल रानी

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छः सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गयी जिसमें 27 लोगों की जानें चली गयीं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेज़िस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ़) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गये हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम, जम्मू, वाराणसी, अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख़्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिये।

निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मक़सद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फ़ौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गयी उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्ख़ियों में रहा वह था पहलगाम के नज़ाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नज़ाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नज़ाकत अली उर्फ़ नज़ाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यतः छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नज़ाकत अली के साथ अपनी फ़ोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ़ करते हुये लिखा कि आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नज़ाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था।




इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसायी नज़ाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नज़ाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नज़ाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। ग़ौरतलब है कि कश्मीर के नज़ाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नज़ाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की ज़िम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नज़ाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई।

बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाये गये पर्यटकों की जान बचाने के मक़सद से एक हमलावर की बंदूक़ के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गये। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौक़े पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आई जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाक़ों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी ज़रूरी चीज़ें मुफ़्त मुहैय्या कराई। और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफ़ी हद तक पुनः पटरी पर आ सका। आतंकवादियों ने अपनी तरफ़ से भारतीय समाज में नफ़रत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर घाटी में जगह जगह आतंकवाद विरोधी प्रदर्शन हुये। पूरे देश की मस्जिदों में पहलगाम हमले पर अफ़सोस जताया गया तथा इस अमानवीय कृत्य को शैतानी व राक्षसी कृत्य बताया गया। हर तरफ़ से एक स्वर में हमले में मारे गये लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर हज़ारों ऐसी पोस्ट डाली गयीं जिससे देश में भाईचारे क़ायम रह सके। विपक्ष ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के भी कई ज़िम्मेदार नेताओं ने इस संकटकालीन घड़ी में देश में एकजुटता बनाये रखने की अपील की।

# ‘पढ़ेगा ललितपुर, तभी तो बढ़ेगा ललितपुर’ जगायें शिक्षा की अलख



■ आठवीं कक्षा पास कोई भी विद्यार्थी माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश लेने से वंचित न रहे : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शिक्षा किसी भी क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए बुनियादी जरूरत होती है। ललितपुर में इसी जरूरत को पूरा करने के लिए जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी प्रत्येक स्तर पर लगातार प्रयास कर रहे हैं कि शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित नहीं रहने पाए। इसके लिए उन्होंने पहले बेसिक शिक्षा विभाग के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व अध्यापकों को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों के नामांकन करने की निर्देश दिए थे अब उन्होंने जनपद के 137 माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 8 पास हुए सभी छात्र-छात्राओं के शप्रतिशत नामांकन की समीक्षा करने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद का कोई भी कक्षा 8 पास विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश लेने से वंचित न रहने पाये, इसके लिए उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कक्षा 8 पास विद्यार्थियों की विद्यालयवार व ब्लॉक वार संख्या को जाना और उसके सापेक्ष माध्यमिक के विद्यालयों में अब तक प्रवेश हुए छात्रों की संख्या को जाना। उन्होंने कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का विद्यालयवार राजकीय, अशासकीय एवं वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालय और इसी प्रकार से बोर्डवार यूपीबोर्ड, सीबीएससी बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड आदि बोर्डों व विद्यालयों में प्रवेश लिये विद्यार्थियों की संख्यात्मक आंकड़े एकत्रित करने के निर्देश प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज को दिये। उन्होंने बीएसए को भी निर्देश दिये कि वह कक्षा 8 पास हुए विद्यार्थियों व उनके परिजनों से अपने अध्यापकों के माध्यम से सम्पर्क कर पता करें कि उन्होंने कक्षा 9 में नामांकन करा लिया है अथवा नहीं।

# अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सिद्धक्षेत्र श्रीचंडी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया की अध्यक्षता में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह 10 बजे सभी विप्रजनों की उपस्थिति में ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष ने सीताराम गोस्वामी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्ति वाचन के साथ भगवान परशुराम की चित्र पर माल्यार्पण कर आरती पूजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रामलीला हनुमान जयंती समिति अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी, मदन शर्मा, पार्षद मनमोहन चौबे एड., संरक्षक सदस्य प्रेस क्लब पवन संज्ञा ने भगवान परशुराम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगठन के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम को धूप-दीप अर्पित किए। कार्यक्रम उपरांत विप्रजनों को प्रसाद वितरण किया गया। सभी ने भगवान परशुराम को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामेश्वर पटैरिया, सत्यप्रकाश तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, डा.मुकेश तिवारी, अंकित पटैरिया, बृजमोहन शर्मा, प्रमोद गोस्वामी, रज्जन चतुर्वेदी, बृजेश बबेले, अरविंद संज्ञा, हरिराम तिवारी, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# स्कॉलर्स होम के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आई.सी.एस.ई. तथा आई.एस.सी. 2025 के बोर्ड परीक्षा - परिणाम की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराकर एक बार फिर अपना परचम लहरा दिया।

स्कॉलर्स होम विद्यालय में कक्षा 10 व 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दोनों में ही 75 फीसदी बच्चों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया तथा 95 फीसदी से ज्यादा बच्चों ने 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया है।

कक्षा 12वीं की परीक्षा में 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभय ए नायक कहते हैं कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं नियमित अभ्यास से ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 97.40त अंक प्राप्त करने वाले उत्कर्ष प्रजापति कहते हैं कि पढ़ाई के साथ विद्यालय द्वारा लिए जाने वाले रिवीजन टेस्ट से उन्हें बहुत फायदा मिला। इसी क्रम में कक्षा 12 में 94.25 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली दीपशिखा और प्रियांशु प्रजापति अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अध्यापकों की कुशल शिक्षण तकनीक को देते हैं।

इसी तरह प्रकर्ष श्रीवास्तव 93 फीसदी भाव्यांश निगम 92 फीसदी अंशिका व्यास 90.50 फीसदी साखी सिंह 90.25 फीसदी और अनु यादव ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 94.40 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले तुषार कुमार और शौर्य प्रताप सिंह का मानना है कि नियमित पढ़ाई से ही उन्होंने यह स्थान हासिल किया है। फरीन फरहान वस्ती 94 फीसदी, आदित्य प्रताप सिंह 92.40 फीसदी, प्रकृति तिवारी ने 92.20 फीसदी अंक प्राप्त करके स्कॉलर्स होम विद्यालय एवं अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। विद्यालय की डायरेक्टर सरिता जायसवाल और प्रिंसिपल अनुपम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया एवं उनके अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।

# आशियाना जैन मन्दिर मे धूमधाम से मनाया गया अक्षय तृतीया पर्व



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जैन महिला मण्डल आशियाना की ओर से जैन मन्दिर में बुधवार को अक्षय तृतीया पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के प्रथम पाणना (आहार) के उपलक्ष्य श्री ऋषभदेव विधान का आयोजन जैन मन्दिर आशियाना में किया। विधान में मत्रोच्चारण डॉ. अभय कुमार जैन ने किया। शान्तिधारा समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश जैन द्वारा सम्पन्न करायी गयी और वेदी पर पूजन विकास जैन ने किया। आयोजन में महिला मण्डल की अध्यक्ष अल्पना जैन, डॉ सविता जैन स्वीटी, रिमझिम शाह, सरिता, संगीता, किरण, राखी, मंजू , ज्योति जैन आदि ने अर्घ्य समर्पित कर पुण्यार्जन किया।

जैन मिलन आशियाना की ओर से अध्यक्ष संजीव जैन, बृजेश जैन ने इक्षुरस का वितरण कराया। डॉ. अभय कुमार जैन ने बताया कि आज ही के दिन हस्तिनापुर के राजा श्रेयांश ने तीर्थंकर ऋषभदेव का प्रथम आहार मे गन्ने का रस (इक्षुरस) दिया था। ऋषभदेव ने राजा को आशीर्वाद देते हुये कहा कि आज का दिन आहारदान दिवस से प्रचलित रहेगा।

# अखिलेश यादव ने बाबा साहब का किया अपमान

## बाबा साहेब के साथ अखिलेश की आधी तस्वीर लगाने के विरोध में भाजपाइयों का धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में हजरतगंज चौराहे पर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के सामने राज्यसभा सांसद बृजलाल, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, एमएलसी लालजी निर्मल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित दलित समाज के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए। बाबा साहब के सम्मान में भाजपा मैदान में बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेंगे और अखिलेश यादव होश में आओ जैसे स्लोगन लिखित तख्तियां लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी मुखिया के खिलाफ घंटो जमकर नारेबाजी की।

धरना प्रदर्शन के दौरान राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान शिल्पी हैं विश्व के बड़े विद्वान रहे हैं बाबा साहब के आधे चित्र के साथ अपना आधा चित्र लगाकर अखिलेश यादव ने उनका अपमान किया है यह महा पाप है इसके लिए वह माफी मांगे। इससे पहले भी अखिलेश यादव हमेशा बाबा साहब का अपमान करते रहे हैं उन्होंने मुख्यमंत्री बनते ही कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम जो बाबा साहब के नाम पर था हटा दिया था। जिला भीम नगर का नाम जिला संभल किया, लखनऊ के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ग्रीन गार्डन का नाम बदलकर जनेश्वर मिश्रा पार्क किया। अखिलेश यादव ने समय-समय पर बाबा साहब और पूरे दलित समाज को अपमानित किया है जिसको हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाबा साहब का अपमान किया है और आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित वर्ग कार्यकर्ताओं सहित बाबा अंबेडकर साहब प्रतिमा के समक्ष उसका विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब के चेहरे के साथ अपना चेहरा जोड़कर उनको बाबा साहब के बराबर दिखाया गया। बाबा साहब के चेहरे को आधा काट कर उनके बराबर अपना चित्र जोड़कर समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर होल्डिंग लगाई गई है और समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने वह चित्र उनको भेंट भी किया है। बाबा साहब विचारों के नेता थे जिन्होंने भारत के संविधान को रूप देने का कार्य किया दलित समाज को सम्मान देने के लिए कार्य किया।

# सर्वेक्षण की 75वीं वर्षगांठ पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसए), राज्य राजधानी क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गूगल फार्म के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिता में कुल 124 स्लोगन प्राप्त हुए।

प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ स्लोगन गणना ही गहना है, आओ इससे राष्ट्र सजायें, बेहतर कल के खातिर, आओ हम भी आंकड़े जुटायें को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया, जिसे सत्येन्द्र कुमार, एम.एस.सी., लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा रचित किया गया था। द्वितीय पुरस्कार के लिए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अतर सिंह एवं सनबीम पब्लिक स्कूल, गोंडा के कक्षा 5 के छात्र अपूर्व सिंह को संयुक्त रूप से चुना गया। वहीं, तृतीय पुरस्कार लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रगति मिश्रा एवं फतेहपुर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की स्नेहा देवी को प्रदान किया गया। 30 अप्रैल को एनएसओ भवन परिसर, लखनऊ में आयोजित एक सम्मान समारोह में उप-महानिदेशक डॉ. सुचिता गुप्ता द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं

अवधनामा संवाददाता



■ मुमताज़ पी.जी. कॉलेज में बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित मुमताज़ पी.जी. कॉलेज में 30 अप्रैल 2025 को बी.ए. प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों की ओर से तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य और भावनाओं से भरपूर विदाई समारोह का आयोजन कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. नसीम अहमद ख़ान की अध्यक्षता में किया गया। इस विशेष अवसर पर कॉलेज के सभी अध्यापकगण, गैर-शिक्षण स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए सम्मान का क्षण था तो वहीं शिक्षकों के लिए भी गर्व और स्नेह व्यक्त करने का अवसर बना।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से पवित्र क़ुरआन की तिलावत से हुई। इसके बाद कॉलेज की छात्रा खलूद और छात्र रज़ा इबरार ने मंच का संचालन संभाला और पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित व मनोरम अंदाज़ में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने शैक्षिक सफर की झलकियाँ, यादें और भावनाएं साझा करते हुए शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उनके शब्दों में भावनाएं, प्रेम, कृतज्ञता और भविष्य के प्रति आशाएं झलक रही थीं।

इस अवसर पर विभिन्न सह-पाठ्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें हास्य नाटक, भावनात्मक भाषण, म्यूज़िकल चेयर और त्वरित उत्तर जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रो. मोहम्मद सलमान ख़ान (प्रॉक्टर, मुमताज़ पी.जी. कॉलेज) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दीं और कहा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रक्रिया है जो व्यक्ति को चरित्र, नैतिकता और सामाजिक ज़िम्मेदारियों का बोध कराती है। आप सभी ने पिछले तीन वर्षों में जिस लगन, आदर और शिष्टता के साथ शिक्षा प्राप्त की है, वह सराहनीय है। आज आप यहाँ से विदा हो रहे हैं, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि आप अपने ज्ञान और चरित्र से दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। याद रखिए, असली परीक्षा अब शुरू हो रही है। हमें आप पर गर्व है और हम सदा आपकी सफलता के लिए प्रार्थना करेंगे।

# दो मई को बैठक प्रस्तावित उपभोक्ता परिषद विरोध में उतरा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन असंवैधानिक तरीके से नियुक्त अपने कंसलटेंट ग्रांट थ्रोनटन की पैरोकारी में इतना हद तक नीचे गिर गया है कि उसे पर ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही करने के बजाय उसके पूरे मसौदे को संवैधानिक आवरण चढ़ाने के लिए पावर कारपोरेशन ने विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखकर कहा कि ग्रांड थॉर्नटन कंपनी के पांच सदस्यों के साथ आयोग बैठक कर ले और उसे समय दे दे वह अपने मसौदे को आयोग को दिखाएंगे और अंततः आयोग ने उसे 2 मई का समय भी दे दिया जैसा उसके द्वारा प्रचारित किया जा रहा है।

इसकी भनक लगते ही उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने तत्काल विद्युत नियामक आयोग को एक लोक महत्व प्रस्ताव भेजकर ग्रांट थ्रोनटन की असंवैधानिक कार्यवाही के बारे में पूर्व में अपने लोग महत्व प्रस्ताव के माध्यम से भी अवगत कराया था के क्रम में पुनः अवगत कराते हुए कहा कि पावर कारपोरेशन बहुत चालाकी से जिस कंसल्टेंट कंपनी को टेंडर मूल्यांकन कमेटी की बैठक में ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी की जा रही थी उसे बचाने के लिए उसके पूरे मसौदे को विद्युत नियामक आयोग के सामने प्रस्तुत कर उसे संवैधानिक आवरण चढ़ाने के लिए यह आसंवैधानिक कार्यवाही की जा रही है विद्युत नियामक आयोग रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में इस पूरे मामले से अपने को दूर रखें क्योंकि आयोग उपभोक्ताओं के हितों के लिए काम करने वाली सर्वोच्च संस्था है जब विद्युत नियामक आयोग को आज तक पावर कारपोरेशन ने अवगत नहीं कराया तो अब कैसे पावर कॉरपोरेशन एक आसंवैधानिक कंसल्टेंट के साथ बैठक करने के लिए आयोग को पत्र भेज सकता है।

# नेशनल टॉप 3 रैंक में सीएमएस के 43 छात्र

अवधनामा संवाददाता



■ आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं में सीएमएस छात्रों ने बनाया ऐतिहासिक रिकार्ड

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने इस वर्ष आई.एस.सी. एवं आई.सी.एस.ई. बोर्ड परीक्षाओं में अपने पिछले सभी रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित कर पूरे देश में लखनऊ का नाम रोशन किया है। जहाँ एक ओर, सी.एम.एस. के 8 छात्रों ने आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर इतिहास रचा है तो वहीं दूसरी ओर आई.सी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में 2 छात्रों ने 99.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 43 छात्रों ने ऑल इण्डिया प्रथम, द्वितीय व तृतीय रैंक अर्जित कर नया इतिहास सृजित किया है जबकि 72 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर एक बार फिर साबित कर दिया है कि गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में सिटी मोन्टेसरी स्कूल सर्वश्रेष्ठ है। आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. के 8 मेधावी छात्रों में वेदिका वत्स, त्वेशा गर्ग, समर्थ द्विवेदी, प्रणव सूरी, आशीष शुक्ला, श्रेया वर्मा, गौरिका लूथरा एवं आरुषी सिंह चौहान शामिल हैं। इसी प्रकार, आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में 99.60 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले छात्रों में आद्या चौहान एवं पलक राय शामिल हैं। आई.एस.सी. में सी.एम.एस. के 46 छात्रों ने जबकि आई.सी.एस.ई. में 26 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं।

इस वर्ष सी.एम.एस. से 6856 छात्रों ने आई.एस.सी. एवं आई.सी.एस.ई. बोर्ड में प्रतिभाग किया, जिसमें से 3920 (57.2 फीसदी) छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक जबकि 1555 छात्रों (22.7 फीसदी) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से लेकर 99.75 फीसदी तक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3920 मेधावी छात्रों को कल 1 मई, वृहस्पतिवार को प्रातः 9.00 बजे ‘सम्मान समारोह’ में सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया जायेगा।

# रामनामी पीपल के पत्तों को झूलेलाल घाट पर किया प्रवाहित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** हनुमत सेवा समिति की ओर से श्री राम हनुमत महोत्सव का आयोजन, 26 और 27 अप्रैल को अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया गया था। पहली बार भक्तों ने इस महोत्सव के दौरान, पीपल के पत्तों पर चंदन रोली से जय श्री राम लिखकर हनुमान महाराज को श्रद्धापूर्ण भेंट अर्पित की। मान्यता है कि इससे भक्तों की समस्याओं का निवारण हो जाता है। हनुमत सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय की अगुआई में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बुधवार 30 अप्रैल को झूलेलाल घाट पर नौका के माध्यम से उन रामनामी पीपल के पत्तों को नौका की सहायता से आदि गंगा मां गोमती की मध्य धारा में जाकर प्रवाहित किया गया।

पंडित धनंजय के मार्गदर्शन में पहले महोत्सव में प्रयुक्त विसर्जन योग्य पूजन सामग्री को झूलेलाल घाट पर बनाए गए पूजन सामग्री विसर्जन कुंड में विधि विधान से अर्पित किया गया। उसके उपरांत विवेक पाण्डेय और अनूप मिश्रा ने रामनामी पीपल की पत्तियों को गोमती नदी में प्रवाहित किया। विवेक के अनुसार पांच हजार से अधिक रामनामी पीपल की पत्तियों को मां गोमती में प्रवाहित किया गया। विवेक पाण्डेय ने बताया कि बड़े मंगल के आयोजन के लिए बालागंज में तीन मई को बैठक होगी।

# श्रमिकों की मेहनत को सम्मानित करने का दिन

अवधनामा संवाददाता

■ मजदूरों के अधिकार और सम्मान की पुकार है मजदूर दिवस का संदेश

**ललितपुर।** प्रतिवर्ष एक मई को ‘अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस’ के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उन मजदूरों के संघर्षों और बलिदानों को याद करने का प्रतीक है जिन्होंने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लंबी लड़ाइयाँ लड़ीं। यह न केवल श्रमिकों की मेहनत को सम्मानित करने का दिन है, बल्कि उनके जीवन और कार्य परिस्थितियों में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करने का अवसर भी है। मजदूर दिवस की शुरुआत 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में अमेरिका से हुई। 1 मई 1886 को शिकागो शहर में हजारों मजदूरों ने 8 घंटे कार्यदिवस की माँग को लेकर हड़ताल की। यह आंदोलन ‘हेमार्केट हत्याकांड’ में बदल गया, जिसमें कई मजदूर मारे गए। इसके पश्चात 1889 में पेरिस में आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में घोषित किया।

कार्ल मार्क्स ने मजदूरों के उत्थान के लिए वैज्ञानिक समाजवाद का सिद्धांत दिया। उन्होंने वर्ग संघर्ष और पूंजीवाद की आलोचना करते हुए बताया कि मजदूर वर्ग (श्रमिक) ही समाज के असली निर्माता हैं। उनकी रचना दास कैपिटल और कम्युनिस्ट घोषणापत्र में मजदूरों के शोषण और मुक्ति का मार्ग बताया गया। मार्क्स ने सर्वहारा क्रांति और वर्गविहीन समाज की कल्पना की, जिससे मजदूरों को उनके अधिकारों और न्याय के लिए एक वैचारिक आधार मिला।

भारत में मजदूर दिवस पहली बार 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था। इसका आयोजन ‘हिंदू मज़दूर सभा’ के नेता सिंगरावेलु चेट्टियार ने किया था। यह दिन भारत के श्रमिक आंदोलन के इतिहास में मील का पत्थर बन गया। मजदूरों का सामाजिक और आर्थिक योगदान भारत में लगभग 50 करोड़ से अधिक श्रम शक्ति है, जिनमें से 90 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। निर्माण, कृषि, फैक्ट्री, खनन, परिवहन, स्वास्थ्य सेवा, घरेलू काम और खुदरा जैसे अनेक क्षेत्रों में श्रमिकों का योगदान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

भारत की जीडीपी का लगभग 60 प्रतिशत योगदान असंगठित क्षेत्र से आता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के अनुसार, देश के कुल मजदूरों में से लगभग 93 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में हर दूसरा कामगार न्यूनतम मजदूरी से कम वेतन पर काम करता है।

लाखों मजदूर आज भी ?200-300 दैनिक मजदूरी पर काम करते हैं, जो जीवन-निर्वाह के लिए अपर्याप्त है। निर्माण स्थलों, खदानों और फैक्ट्रियों में सुरक्षा उपकरणों की भारी कमी है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 48,000 मजदूर कार्यस्थल दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। बड़ी संख्या में मजदूरों को पीएफ, ईएसआई, पेंशन, मातृत्व लाभ आदि का कोई लाभ नहीं मिलता। शोषण और बाल मजदूरी ङ्क देश में आज भी लाखों बच्चे बाल मजदूरी के शिकार हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1 करोड़ से अधिक बच्चे (5-14 आयु वर्ग) मजदूरी कर रहे हैं। माइग्रेंट लेबर की असुरक्षा कोविड-19 के दौरान लाखों प्रवासी मजदूरों को अपने गाँवों की ओर पैदल लौटते देखा गया। यह हमारी व्यवस्था में उनके हाशिए पर होने का प्रमाण है।

सरकार द्वारा उठाए गए कदम भारत सरकार ने मजदूरों के अधिकारों और कल्याण के लिए कई योजनाएँ चलाई हैं जैसे श्रम कानूनों का संहिताकरण 2020 में सरकार ने 29 पुराने श्रम कानूनों को 4 कोड्स में बदला- वेतन संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, और कार्यस्थल सुरक्षा संहिता। ई-श्रम पोर्टल असंगठित मजदूरों के लिए एक डिजिटल डेटाबेस, जिस पर 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों ने पंजीकरण किया है। मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों को 100 दिनों का रोजगार देने की यह योजना आर्थिक रूप से अत्यंत प्रभावी रही है।

# नगर पालिका क्षेत्र में अवॉर्ड हाउस का भव्य शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय व्यवसायिक गतिविधियों को नया आयाम देते हुए डा.शादीलाल कॉम्प्लेक्स में अभय जैन द्वारा स्थापित अवॉर्ड हाउस का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण और समाजसेवी उपस्थित रहे। समारोह में फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया, साथ ही मिठाई वितरण और पूजा-अर्चना का आयोजन भी हुआ। अवॉर्ड हाउस की खासियत यह है कि यहां एक ही छत के नीचे ग्राहकों को त्वरित प्रिंटिंग, गिफ्टिंग, कस्टमाइज्ड ट्रॉफी एवं अवॉर्ड्स, कॉर्पोरेट गिफ्ट्स और डिजिटल प्रिंटिंग सेवाएं मिलेंगी। प्रतिष्ठान की यह पहल स्थानीय ग्राहकों के लिए सुविधा का केंद्र बन सकती है, जहां विभिन्न सेवाएं समय और गुणवत्ता के साथ उपलब्ध होंगी। अभय जैन ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि लोग अलग-अलग जगह भटकने की बजाय एक ही स्थान पर अपनी सभी ज़रूरतें पूरी कर सकें।

# भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनायें युवा : विजय मिश्र

■ ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा नगर के पश्चिमी बाईपास रामगंज स्थित गायत्री पैलेस में विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुन्दरकाण्ड का आयोजन भी किया गया। आयोजित भव्य समारोह में कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव सहित समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर उनके आदर्शों को याद किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र सहित समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यापर्ण करनें के उपरान्त अपने उद्बोधन में भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही और ब्राह्मण समाज की एकता व सशक्तिकरण एवं युवाओं में संस्कार, सम्मान व समर्पण का भाव रखने पर बल दिया। पं. दीपबन्धु पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुवे ने हनुमान चालीस का महत्व बताया। जीतू तिवारी ने कहा कि सभी लोगों को एक दूसरे का सम्मान और मदद करनी चाहिये। इस अवसर पर वीके मिश्रा, संदीप त्रिवेदी, रामकुमार पाठक, वीरभान दुवे, संजीव दुवे मुन्ना, डा. सुधीर दीक्षित, राकेश तिवारी, विजय दुवे, मुकेश त्रिपाठी, संजय तिवारी, राजीव दुवे, दीपक पाठक, दिलीप शुक्ला, देवेश मिश्रा, संजू मिश्रा, राजीव मिश्र, कमलेश दुवे, विलियम त्रिपाठी, नरायन तिवारी, नीरज मिश्रा, बलराम त्रिपाठी, राजेश द्विवेदी, कुलदीप तिवारी, बृजेश अग्निहोत्री, अनुज पाण्डेय, संदीप पाठक, राजेश पाठक, सुशील दुवे, राजा तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# एक साल से मथुरा पुलिस को छका रहा था शातिर शौकत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एसओजी, स्वाट और जैंत पुलिस की गौ तस्कर से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में हरियाणा के नूंह का रहने वाला तस्कर दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल गौ तस्कर को गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। इस बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था इसको 11 महीने से तलाश किया जा रहा था। बताया जाता पिछले साल 23 मई 24 को पुलिस रात में चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक कंटेनर संख्या एचआर 38 वी 2560 आता दिखाई दिया। नेशनल हाईवे पर पुलिस ने जब इसे रोकने का प्रयास किया तो इसने बैरियर को तोड़ दिया और कोटा गांव से बाजना गांव की तरफ भागने लगा। पुलिस को पीछा आता देख कंटेनर में सवार तस्कर कंटेनर को छोड़ कर भाग गए जिसमें से पुलिस को 11 जिंदा और 19 मृत गौवंश मिला था। फरार गौ तस्कर की पहचान 35 वर्षीय शौकत मेव पुत्र शहाबुद्दीन निवासी सालाहेड़ी सदर नूंह हरियाणा के रूप में की गई। शौकत की तलाश में स्वाट और एसओजी की टीम को भी लगाया गया था। मंगलवार की देर रात शौकत की लोकेशन पुलिस को थाना जैंत क्षेत्र में मिली। जिसके बाद एसओजी, स्वाट और थाना जैंत पुलिस लोकेशन पर पहुंच गई। जहां शौकत मेव गौ तस्करी की तलाश में बाइक से आता दिखाई दिया। शौकत ने पुलिस को देखते ही एक के बाद एक 3 फायर कर दिए। जिसके बाद पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें उसके दोनों पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शौकत मेव के पास से तमंचा के अलावा मोटर साइकिल और गौ तस्करी के लिए लाई गई रस्सी व मोहरे बरामद हुए है।

## युवक की हत्या, चाचा पर लगा आरोप

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में सोमवार को जमीन बंटवारे को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में एक युवक की रहस्यमय हालत में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आदर्श निवासी ग्राम पाली बीघापुर के सिर पर बांस से हमला कर हत्या कर दी गई। सोमवार दोपहर आदर्श अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान उसके दो चाचा आपस में जमीन के बंटवारे को लेकर झगड़ रहे थे। विवाद के बीच एक चाचा ने आदर्श के सिर पर बांस से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए पहले बीघापुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहा चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेजा। जहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। जहां इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे घर ले आए जहां बीतीरात उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह परिजन मृतक का शव लेकर बीघापुर कोतवाली पहुंचे। जहां आरोपी चाचा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक की पत्नी ने पुलिस को कार्यवाही के लिए तहरीर दी है।

# पाकिस्तान के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने भरी हुंकार



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन उन्नाव की संगोष्ठी संजय सिंह फौजी प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर के आवास पर वारन्ट आफीसर बिपिन बिहारी सिंह की अध्यक्षता मे मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं ज्योति प्रज्जवलन से शुरू हुई।

बैठक में पहलगाम घटना में मारे गए 26 लोगों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई व सरकार को आश्वस्त किया कि पूर्व सैनिक पाकिस्तान आतंकवाद या पाकिस्तान युद्ध में संकल्प के साथ हमेशा जाने को तैयार है। इसी के साथ बैठक मे सैनिक पड़ाव की भूमि पर सैनिक चिकित्सालय निर्माण पर एवं सैनिक बन्धु बैठक मे आए जिम्मेदार अधिकारी की कार्यशैली एवं व्यवहार पूर्व सैनिको के विरुद्ध प्रतीत रहा। बैठक में पूर्व सैनिकों ने उन्नाव जनपद की पुलिस के व्यवहार पर अपनी बात उठाई कि विवेचनाधिकारी निष्पक्ष कार्य नही कर रहे है। राष्ट्रीय हित मे पाकिस्तान के साथ उत्पन्न स्थितियों पर भी विचार विमर्श हुआ। सभी को एकजुट होकर संगठन एव राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ जिलाध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर ने संदेश दिया। संगोष्ठी का समापन वन्देमातरम एवं भारत माता की जय कारो के साथ सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी मे प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी, मास्टर वारन्ट आफीसर योगेन्द्र सिंह, अधिवक्ता वासुदेव चौहान (पूर्व सैनिक) संगठन संयोजक आशुतोष कुमार कैप्टन राधेगोपाल जटाशंकर, प्रेम कुमार, विजय कुमार ब्रजेन्द्र बहादुर सिंह, संतोष संजीव प्रवक्ता श्याम सिंह सुबेदार मेजर शिव प्रकाश आदि बहुत से पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# प्राइवेट अस्पताल जनता से इलाज के नाम पर वसूल रहे मनमानें रुपये

■ मानक विहीन अस्पतालों पर कार्रवाई की जहमत नही उठा रहा प्रशासन




अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वर्तमान समय में प्राइवेट अस्पताल आम जनता से मनमाने पैसे वसूलने का अड्डा बन गए हैं। इलाज की जरूरत में मजबूर लोग जब इन अस्पतालों का रुख करते हैं, तो उन्हें भारी-भरकम बिलों का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह है कि मामूली बीमारियों के इलाज के लिए भी हजारों-लाखों रुपये वसूले जा रहे हैं।

बताते चलें की नगर में कई प्राइवेट अस्पताल ऐसे हैं जो चिकित्सा मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। इनके पास इमर्जेंसी में न तो पर्याप्त योग्य डॉक्टर हैं और न ही जरूरी मेडिकल उपकरण। कई जगहों पर बिना रजिस्टर्ड डॉक्टरों के इलाज किया जाता है। जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसके बावजूद प्रशासन इन अस्पतालों के खिलाफकोई सख्त कार्रवाई करनें की जहमत नही उठाता है। जिसके चलते मरीजों से छोटे ऑपरेशन और इलाज के नाम पर हजारों-लाखों रुपये वसूले जाते हैं। दवाइयां अस्पताल के अंदर महंगे दामों पर बेची जाती हैं, जबकि बाहर वही चीजें सस्ती मिलती हैं। इमरजेंसी में भर्ती मरीजों के परिजनों से जबरन एडवांस पैसे जमा कराए जाते हैं। अस्पतालों द्वारा मरीजों को जानबूझकर लंबे समय तक अस्पताल में रोका जाता है ताकि ज्यादा बिल वसूला जा सके। किसान नेता अभिषेक मिश्रा ने जिले के तेज तर्रार डीएम से स्वास्थ्य विभाग को इन मानकविहीन प्रायवेट अस्पतालों की समय समय पर जांच कराये जाने की मांग की है।

## एसपी के निर्देश पर लाईसेन्सी शस्त्रधारकों का सत्यापन शुरू

**उन्नाव।** अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक एक्शन मोड में नजर आ रहे है। एसपी के निर्देश पर लाइसेंसी शस्त्रधारकों का व्यापक सत्यापन अभियान शुरू कर दिया गया है। खासतौर पर उन लोगों पर नजर रखी जा रही है जो लाइसेंसी हथियारों के दम पर रौब गांठते हैं या जिनका आपराधिक इतिहास रहा है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि जिन शस्त्र धारकों का रिकॉर्ड संदिग्ध मिलेगा, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। जिनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं या जिनकी गतिविधियां अपराध से जुड़ी पाई जाएंगी उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। सभी का थाना स्तर पर भी सभी शस्त्र धारकों का सत्यापन किया जा रहा है। एसपी दीपक भूकर ने कहा लाइसेंसी शस्त्र का उद्देश्य आत्मरक्षा है न कि उसका दुरुपयोग कर लोगों में भय पैदा करना। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की इस सख्ती से शस्त्रधारकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# सांसद व डीएम ने की लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता




**उन्नाव।** विकास भवन सभागार में सांसद डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरिसाक्षी महाराज की अध्यक्षता व जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग के प्रस्तावित कार्यों एवं योजनाओं की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में सांसद द्वारा वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के गठन हेतु विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा गया कि सड़कों के विकास से ही क्षेत्र के विकास का रास्ता निकलता है। उन्होने कहा कि अधिकारी अपने पद पर रहकर अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं, इसके लिए किसी की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होने वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में कराएं गए कार्यों का विवरण उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में विधायक पुरवा अनिल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सड़को की भूमिका एक अहम रोल अदा करती है। सड़के विकास का सूचक होती हैं। अच्छी गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाए। विधायक सदर पंकज गुप्ता ने कहा कि जो प्राथमिकत्ता के कार्य हैं उन्हे विभाग के सहयोग से अवश्य पूर्ण कराएं जाए। ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्यों की शासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार ने बताया कि जनपद में 09 रेलवे उपरिगामी सेतुओं का प्रस्ताव रखा गया है। इसी प्रकार 03 बाईपास मार्गों के निर्माण का कार्य, 01 औद्योगिक लॉजिस्टिक पार्क हेतु चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, राज्य योजनान्तर्गत 13 मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, राज्य सड़क निधि के अन्तर्गत 11 मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, तहसील एवं ब्लाक कार्यालयों को जोड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, धर्मार्थ योजना के अन्तर्गत 05 मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, 126 ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण का कार्य, 122 लघु सेतुओं के निर्माण का कार्य, राज्य सड़क निधि के अन्तर्गत 471 मार्गों के नव निर्माण का कार्य तथा 181 मार्गों के विशेष मरम्मत के कार्य का प्रस्ताव बैठक में रखा गया। इसके अतिरिक्त सांसद एवं विधायकगणों द्वारा दिए गए प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्य योजना में सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुबोध कुमार सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## कैश वैन-ऑटो की टक्कर में दो की मौत

**उन्नाव।** असोहा थाना क्षेत्र के चंदनखेड़ा गांव निवासी ऑटो चालक उदय गौतम की सोमवार शाम को एक भीषण सड़क हादसे में जान बाल-बाल बची जबकि ऑटो में सवार दो यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा कालूखेड़ा-मौरावां मार्ग पर सरवन मोड़ के पास हुआ, जब सामने से आ रही पीएनबी बैंक की कैश वैन ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पलट गया। हादसे में पुरवा के पश्चिम टोला मोहल्ला निवासी धीरेंद्र 35 और हिलौली के बनकट गांव की सुमिरन 22 की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महरानीखेड़ा निवासी रामलाल 50 और चालक उदय गौतम घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही सुमिरन का पति उदयवीर सीएचसी पहुंचा और पत्नी का शव देखकर फूट-फूटकर रो पड़ा। उसने बताया कि साल 2018 में दोनों ने कोर्ट मैरिज की थी और शादी के बाद लखनऊ के तेलीबाग में रह रहे थे। सुमिरन अपने मायके खेरवा जा रही थी। धीरेंद्र के पिता रामप्रसाद ने बताया कि बेटा लखनऊ से दवा लेकर घर लौट रहा था। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया है।

# केन्द्रीय डॉपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल के सदस्य बने सार्थक चतुर्वेदी

अवधनामा संवाददाता

■ खेल मंत्रालय द्वारा जारी किया गया आदेश पत्र, समर्थकों ने दी बधाई

**मथुरा।** भारत सरकार द्वारा खेलों में डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के परिणामों का निर्धारण करने के लिए एक अनुशासनात्मक पैनल का गठन किया गया है। अनुशासनात्मक पैनल को डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के मामलों की सुनवाई करने तथा उसके परिणामों का निर्धारण करने की शक्ति प्रदान की गई है। सर्वोच्च न्यायलय में भारत सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय डॉपिंग रोधी एजेंसी द्वारा नई दिल्ली में एक आदेश पत्र जारी किया गया। मथुरा निवासी सार्थक चतुर्वेदी वर्ष 2015 से भारत सरकार के महत्वपूर्ण मामलों की पैरवी करते आ रहे हैं। पहले वह दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्र सरकार के अधिवक्ता रहे और वर्ष 2019 से वर्तमान तक सर्वोच्च न्यायालय में भारत सरकार के स्थाई अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में भी प्रमुख पक्षकार के अधिवक्ता हैं। सार्थक चतुर्वेदी के पिता डॉ. मुरारी लाल चतुर्वेदी मथुरा में चिकित्सक हैं एवं रघुनाथ हॉस्पिटल के निर्देशक भी रहे हैं। सार्थक चतुर्वेदी कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए सार्थक चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र सरकार भारत में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए हमेशा संवेदनशील रही है। डॉपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल पूरे देश में स्वच्छ खेल प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेगा। पार्टी की तरफ से कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, सांसद हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, महानगर अध्यक्ष राजू यादव, पूर्व महापौर मुकेश आर्यबंधु, घनश्याम लोधी आदि ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनायें दी।

# नेशन वन इलैक्शन चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा कदमः दिनेश चन्द्र शर्मा

■ प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन मे शामिल होने सम्भल पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन मे शामिल होने पहुंचे राज्यसभा सांसद और यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश चन्द्र शर्मा ने वन नेशन वन इलैक्शन को बेहद ज़रूरी बताते हुए कार्यकर्ताओं को रूबरू कराया। बुधवार को हसरपुर मार्ग कुरकावली स्थित बैंकट हाल मे भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा के सांसद और यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश चन्द्र शर्मा रहे। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए दिनेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि भारत में लोकतंत्र अपनी जीवंत चुनावी प्रक्रिया के कारण शासन को सक्रिय रूप से आकार देने में सक्षम बनाता है। स्वतंत्रता के वाद से अब तक लोकसभा और राज्य विधानसाओं के 400 से अधिक चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शाता के साथ संपन्न हुये हैं। हालँकि, बार-बार होने वाले चुनावों ने एक अधिक कुशल प्रणाली की आवश्यकता को जन्म दिया है। इससे एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा में फिर से रूचि बढ़ गई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार लंबे समय से कहती आ रही है कि वन नेशन, वन इलैक्शन चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसी विचार को आगे बढाते हुए सितंबर 22 मे नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोबिंद की अध्यक्षता में वन नेशन, वन इलेक्शन की संमावनाओं के लिए एक उच्च सतरीय समिति का गठन किया। इस समिति ने मार्च 2024 राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी रिसर्च के बाद समिति ने 19,626 पन्नोंकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की 18 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री मोदी को अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समिति कीसिफारिशी को मंजूरी दी। इसके बाद 12 दिसंबर 2024 को वन नेशन, वन इलेक्शन के विधेयक को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी देदी, जो इसे कानून बनाने की दिशा में बडा कदम रहा है। सम्मेलन अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने एवं संचालन हरिओम शर्मा ने किया। कार्यक्रम पश्चात भोजनकी व्यवस्था जिला उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता के भट्ठे पर रही वहां पर भी माला पाठकों के साथ भव्य स्वागत किया गया। सम्मेलन में खिलेंद्र सिंह, आनंद सिंह, अजय गिल, नरेश, अमित त्यागी, सौरभ त्यागी, डाक्टर नरेंद्र सिंह, सतबीर त्यागी, प्रवीन सिंह, योगेन्द्र त्यागी, मुकुल रस्तोगी, जयप्रकाश, सोनू चाहल, सौरभ गुप्ता आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अक्षय तृतीया: ब्रज के मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ब्रज के मंदिरों में अक्षय तृतीय पर्व पर आराध्य के दर्शनों को भक्तों का सैलाव आज उमड़ पड़ा। भक्तों ने जहां गोवर्धन, बरसाना, मथुरा की सूर्य की तपिश की चिंता किए बगैर परिक्रमा लगाकर दानपुण्य किए। भोर में मथुरा में यमुना जी में डुबकी लगाकर स्नान किया।

वहीं गोवर्धन में मानसीगंगा, बरसाना प्रिया कुंड, वृषभानकुंड, नंदगांव में जशोदा कुंड में स्नान किया। नगर के श्रीकृष्ण जन्मस्थान, केशवदेवजी मंदिर में अक्षय तृतीया पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की गई। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश की विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागिश कुमार महाराज की आज्ञा अनुसार आज अक्षय तृतीया का पर्व ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में राजभोग के दर्शन में प्रातः 10 बजे ठाकुर द्वारिकानाथ को चंदन लगाया गया और शीतलता से संबंधित सभी सतुआ, खरबूजा, ठंडाई, शिकंजी का भोग लगाया गया। भक्तों ने मंदिर में खरबूजा, पंखा और सतुआ अर्पित किया। प्रातः काल से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था और भक्त भी अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए लालायत दिखाई दिए। गोवर्धन में भक्तों ने दानघाटी मंदिर, हरदेवजी मंदिर, गिरिराज मुकुट मंदिर मानसीगंगा, हरगोकुल मंदिर, जतीपुरा में गिरिराज मुखारविंद मंदिर, श्रीनाथजी के दर्शन और पूजा अर्चना की। मानसीगंगा में स्नान करके परिक्रमार्थियों ने गिरिराज महाराज की सप्तकोसी परिक्रमा लगाई। श्री राधाजी की नगरी बरसाना में अक्षय तृतीया पर्व पर भक्तों ने प्रातः चार बजे से देर रात्रि तक गहवरवन की परिक्रमा लगाई।

## महाविद्यालय में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषयक गोष्ठी

**उन्नाव।** ललऊखेड़ा स्थित हरिवंशराय बच्चन महाविद्यालय में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव विषयक विद्यालय युवा संवाद कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता व नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का आशय यह है कि एक समय पर पूरे देश भर में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव सम्पन्न करवाए जाए। राष्ट्रहित में वन इलेक्शन नितान्त आवश्यक है अलग-अलग चुनावी प्रक्रियाओ से विकास कार्य प्रभावित होने के साथ जनता के कल्याणार्थ उपयोग होने वाली धनराशि से बड़ा व्यय इलेक्शन राष्ट्रहित में जरुरी है। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण शुक्ला, ऋषभ परिहार, उमा चौरसिया, आर्यन चौरसिया, अमन शुक्ला, कृष्ण अवस्थी, रेनू सिंह, रत्नेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, राहुल बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव पर लगा बाबा साहब के अपमान का आरोप

अवधनामा संवाददाता

■ भाजपा ने मथुरा में किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के साथ अपना आधा चेहरा जोड़कर प्रस्तुत की गई तस्वीर को भारतीय जनता पार्टी ने अत्यंत आपत्तिजनक और बाबा साहब का अपमान बताया है। इस कृत्य के विरोध में भाजपा मथुरा जिला महानगर द्वारा बुधवार को डीग गेट स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। इस अवसर पर विधायक और पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा महापौर विनोद अग्रवाल विधायक ठा. मेघ श्याम सिंह पूरन प्रकाश सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। विरोध सभा को संबोधित करते हुए विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा बाबा साहब केवल संविधान निर्माता नहीं वह सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। अखिलेश यादव द्वारा उनके चित्र के साथ इस प्रकार की छेड़छाड़ करना न केवल अनादर है बल्कि समाज को भ्रमित करने की कोशिश है। भाजपा इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। उन्होंने हर नागरिक को समान अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनके साथ किसी भी प्रकार की छवि से छेड़छाड़ करना देश के मूलभूत मूल्यों के साथ खिलवाड़ है। अध्यक्ष राजू यादव ने कहा महानगर भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के सम्मान की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब की तस्वीर के साथ अपना चेहरा जोड़कर प्रचार करना सीधे-सीधे उनकी महान विरासत पर हमला है। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया प्रदर्शन के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने डीग गेट तिराहा पर अखिलेश यादव का पुतला दहन किया। इस अवसर पर चेतन स्वरूप पाराशर पन्नालाल गौतम संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी अंकुर अग्रवाल हरिओम शर्मा विनीत शर्मा लोकेश तायल दीपक गोला नितिन चतुर्वेदी यतेंद्र फौजदार योगेश आवा कुलदीप शर्मा कमला प्रसाद सत्यपाल चौधरी हेमन्त खंदौली नरेन्द्र गौतम चंद्रपाल कुंतल पार्षद अंकुर गुर्जर पार्षद हनुमान गुर्जर पार्षद तरुण सैनी अर्जुन सोनी बृजेश अहेरिया मंडल अध्यक्ष अजय राजावत सुनील तरकर जितेंद्र वार्ष्णेय आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## 22 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक की भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी

**हमीरपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय ने आज जनपद की 22 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की है। पत्र संख्या 661 के माध्यम से जारी निर्देशों के अनुसार, इन पदों के लिए प्रचार-प्रसार और मुनादी ग्राम स्तर पर की जाएगी।आवेदन प्रक्रिया 3 मई 2025 से 18 मई 2025 तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन ग्राम पंचायत, विकास खंड या जनपद स्तर पर जमा कर सकते हैं। पद के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट पास निर्धारित की गई है, और आवेदक की आयु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि तक 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण 4 मई को

**बरसाना (मथुरा)।** ब्रज, ब्रजवासियों और श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित संस्था श्री राधारानी रसोई बरसाना धाम द्वारा नौबारी-चौबारी ढभाला में दस वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और देखभाल शिविर का 4 मई को आयोजन किया रहा है। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए श्री राधा रानी रसोई बरसाना धाम के संचालक ब्रज सेवक हरीश चंद्र कोहली ने बताया कि 4 मई को मदर एंड चाइल्ड केयर सेंटर फरीदाबाद के डॉ. रोहित गर्ग की अगुवाई में उनकी टीम द्वारा रविवार सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे तक बच्चों के स्वास्थ्य को जाँच कर निःशुल्क दवा, विटामिन्स, स्वास्थ्य वर्धक सप्लीमेंट्स, टॉनिक प्रदान करेगी। श्री कोहली ने आगे बताया कि संस्था अष्ट सखियों के गांवों में अपनी सेवा प्रदान करने के साथ बरसाना लाड़ली जी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन निःशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था लाड़ली की कृपा से की जा रही है।

## जगन्नाथ मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव मना धार्मिक कार्यक्रमों के साथ

**मथुरा।** इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी के रिफाइनरी नगर में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गोकुलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ मंदिर स्थापना की प्रथम वर्षगांठ समारोह बड़े ही भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में भगवान जगन्नाथ का पूजन-अर्चन किया गया एवं सामूहिक रूप से हवन किया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा भक्तों के सहयोग से मंदिर में आयोजित किए गए हवन-पूजन में आईओसीयंस व एमआरियंस ने सहभागिता की। जगन्नाथ मंदिर वर्षगांठ समारोह में मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी छवि अग्रवाल के साथ शामिल हुए एवं पूजन-अर्चन किया। भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर रथ के निर्माण का कार्य शुरू किया गया। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 27 जून को निकलेगी एवं बाहुड़ा 5 जुलाई को होगा। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में रिफाइनरी प्रमुख को राजा का दायित्व संभालने को मिलता है। रथ यात्रा को रिफाइनरी नगर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

## द भूतनी फिल्म आज होगी रिलीज

**मथुरा।** बॉलीवुड मूवी द भूतनी का इंतजार कर रहे दर्शक अब फिल्म बड़ी ही आसानी के साथ देख सकेंगे। बॉलीवुड ड्रामा फिल्म द भूतनी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जिसका निर्देशन सिद्धांत सचदेव द्वारा किया गया है एवं फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट व संजय दत्त हैं। फिल्म द भूतनी में संजय दत्त - बाबा की भूमिका में नजर आएंगे। मौनी रॉय - मोहब्बत की भूमिका में, सनी सिंह- शांतनु की भूमिका, पलक तिवारी-अनन्या की भूमिका, निक - साहिल की भूमिका, आसिफ खान- नासिर की भूमिका एवं ब्रज कलाकार दुर्गी भैया एक अच्छे घोस्ट की भूमिका में नजर आएंगे। ब्रज कलाकार दुर्गी भैया इन दिनों मुम्बई में शूटिंग कर रहे हैं, उन्होंने मुम्बई से ब्रजवासियों को आग्रह करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक लोग उनकी आगामी फिल्म द भूतनी को 1 मई के दिन अपने नजदीकी सिनेमाघरों में जाकर अवश्य देखें। फिल्म द भूतनी एक हॉरर बॉलीवुड ड्रामा फिल्म है, जो आपको जमकर इंटरटेनमेंट करेगी। फिल्म में ब्रज कलाकार दुर्गी भैया ने एक अच्छे घोस्ट की भूमिका निभाई है, फिल्म द भूतनी में ब्रज कलाकार दुर्गी भैया आपको संजय दत्त के साथ नजर आएंगे।

## परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा

**उन्नाव।** शहर के रामलीला ग्राउंड से गाजे-बाजे के साथ यात्रा प्रारंभ हुई जिसका आवास विकास कॉलोनी अखिलेश्वर महादेव मंदिर में समापन हुआ। आज भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय परशुराम जन कल्याण संस्था द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सनातन प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में कार्यक्रम के संस्थापक यात्रा प्रमुख नृपेंद्र मिश्रा ने सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रवीण मिश्रा भानू, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, हिन्दू हितैषी अधिवक्ता रामबोध शुक्ला को पटका पहनाकर किया सम्मानित किया। परशुराम शोभायात्रा में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा, भाजपा नेता पंकज त्रिपाठी, ब्राह्मण महासभा से आशुतोष त्रिपाठी, साई सेवा समिति से सुरेंद्र वर्मा, चेतन मिश्रा, जीतेन्द्र दीक्षित जीतू, अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी, कमलेश अवस्थी, पुष्पेंद्र मिश्रा, गोपाल माहेश्वरी, प्राचीन्द्र मिश्रा, मनीष गुप्ता, शरद श्रीवास्तव, अनुज दीक्षित, आशुतोष बाजपेई सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल बना चैंपियन, महिला और पुरुष टीमों ने दर्ज की जीत



**शिमला।** प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की ओर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में हिमाचल चैंपियन बना। हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की ओर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में हिमाचल चैंपियन बना। मंगलवार को अंतिम दिन पुरुष वर्ग में हिमाचल विद्युत बोर्ड ने महाराष्ट्र बिस्कॉम को 33-16 से हराकर खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर हरियाणा पावर कॉरपोरेशन रहा। वहीं, महिला वर्ग में भी हिमाचल ने महाराष्ट्र बिस्कॉम को 30-17 से हराकर जीत हासिल की। मुकाबले में हिमाचल की टीम से साक्षी और प्रफुल्ला ने भी बेहतरीन खेल प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में महाराष्ट्र ट्रांसमिशन तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में बेस्ट डिफेंडर बिजली बोर्ड की साक्षी, बेस्ट रेडर महाराष्ट्र की अश्वनी शिवार और बेस्ट ऑलराउंडर बोर्ड की साक्षी रहीं। इसी तरह पुरुष वर्ग में बेस्ट डिफेंडर बिजली बोर्ड के मुनीष नेगी, बेस्ट रेडर महाराष्ट्र के सतनाम और ऑलराउंडर महाराष्ट्र के अजय शिंदे रहे।

## लगातार तीन मैच हारने के बाद नोवाक जोकोविच ने लिया बड़ा फैसला, इटालियन ओपन से नाम वापस लिया

**रोम।** जोकोविच का इस सत्र में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था।

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने लगातार तीन मैच हारने के बाद बड़ा फैसला लिया है। अपने 100वें खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच का यह फैसला वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहां वह रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

रोम में अगले महीने क्ले कोर्ट पर यह टूर्नामेंट खेला जाना है। इटालियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी कि जोकोविच इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले



पाएंगे। उन्होंने लिखा, अगले साल मिलते हैं, नोल। मालूम हो कि जोकोविच को नोल नाम से भी बुलाया जाता है।

**इस सीजन संघर्ष कर रहे हैं जोकोविच**

सर्बिया का 37 वर्षीय यह स्टार टेनिस खिलाड़ी इस सीजन संघर्ष कर रहा है। जोकोविच का इस सत्र में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 12-6 है। स्पेन में मातेओ आर्नाल्डी से हारने के बाद जोकोविच ने कहा था, यह 20 से ज्यादा वर्षों के पेशेवर टेनिस के अनुभव से बिलकुल अलग है। कोर्ट पर इस तरह की संवेदनाओं का सामना करना मेरे लिए मानसिक रूप से एक चुनौती है, अब नियमित रूप से टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो रहा हूं।

फ्रेंच ओपन पर नजरें

जोकोविच लंबे समय तक एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे हैं, लेकिन वह फिलहाल पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कार्लोस अल्कारेज को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। जोकोविच लगातार यह कहते आए हैं कि वह बड़े टूर्नामेंटों में जीत दर्ज करना चाहते हैं और अगला बड़ा टूर्नामेंट पेरिस में 25 मई से शुरू होगा। जोकोविच घुटने में चोट के कारण पिछले साल रोलां गैरों में हिस्सा नहीं ले सके थे क्योंकि उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। जोकोविच इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी अपना अभियान चोट के कारण जारी नहीं रख सके थे।

## निशानेबाजी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल मनु भाकर और कुसाले, म्यूनिख में बिखेरेंगे चमक



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। मालूम हो कि कुसाले और मनु ने पिछले साल ओलंपिक में पदक जीते थे। राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप से लौटी है। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

म्यूनिख के लिए चुनी गई टीम में तीन नए खिलाड़ी भी होंगे। महाराष्ट्र की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को घरेलू सर्किट में अपने शानदार प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी रखने का मौका दिया गया है।

# वैभव बिहार क्रिकेट के लिए उम्मीद की किरण

## एक-दो साल में भारत के लिए खेलेंगे, बचपन के कोच का बयान



**स्वर्ण पदक**

**सूर्यवंशी पहले ही भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेल चुके हैं और जनवरी 2024 में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया था।**

**जयपुर।** वैभव सूर्यवंशी के बचपन के कोच मनीष ओझा को उम्मीद है कि उनका 14 वर्षीय शिष्य अगले एक या दो वर्षों में भारत की टी-20 टीम में जगह बना लेगा। वैभव ने सोमवार को 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेलकर आईपीएल के सबसे युवा शतकवीर बनने का रिकॉर्ड बनाया। उनकी उम्र 14 साल और 32 दिन है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्के और सात चौके लगाए और राजस्थान रॉयल्स को जयपुर में आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

**मेरे लिए गर्व की बात है**

कोच मनीष ओझा ने मैच के बाद कहा, एक कोच के तौर पर यह मेरे लिए गर्व की बात है। बिहार जैसे राय के लिए जो खेलों में मजबूत नहीं है, यह सूरज की किरण की तरह है। उन्होंने कई लोगों को प्रेरित किया होगा। उन्होंने बिहार को भारत में क्रिकेट के नक्शे पर ला खड़ा किया है। मुझे लगता है कि अगर वह इसी तरह खेलते रहे, तो वह निश्चित रूप से एक या दो साल में भारत की टी20 टीम में जगह बना लेंगे।

**वैभव को बड़े शॉट खेलना पसंद**

सूर्यवंशी पहले ही भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेल चुके हैं और जनवरी 2024 में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया था। ओझा ने कहा कि वैभव एक स्वाभाविक रूप से प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं और उनकी सोच बिल्कुल साफ है। उन्होंने कहा, हमने उसे कोचिंग दी है, लेकिन उसके पास प्राकृतिक प्रतिभा है। उसके पास सीखने का जबा है। उसे जो भी सुझाया जाता है, वह तुरंत सीख जाता है। वह शुरू से ही बहुत आक्रामक खिलाड़ी रहा है। उसे शॉट खेलना पसंद है।

**उनके दिमाग में शॉट को लेकर स्पष्टता**

ओझा ने बताया, दो साल पहले अकादमी में एक अभ्यास सत्र था। मैंने उससे कहा कि तुम एक और दो रन क्यों नहीं लेते। उसने कहा कि अगर मैं छक्के मार सकता हूं, तो सिंगल की कोई जरूरत नहीं है। कोच ने कहा, शुरुआती चरण से ही उसके दिमाग में स्पष्टता थी। उसे खेलने के तरीके और खेल के प्रति दृष्टिकोण के बारे में स्पष्ट विचार प्रक्रिया है।

## पांवटा में 7.50 करोड़ से एस्ट्रोटर्फ मैदान बना, फव्वारे लगे, फिर भी मैदान सूखा

**नई दिल्ली।** महिला हॉकी छात्रावास माजरा में 7.50 करोड़ से हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान तो तैयार कर दिया, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। इसके कारण मैदान पर पानी का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। खिलाड़ियों को सूखे मैदान पर प्रैक्टिस करनी पड़ रही है। पूर्व केंद्रीय खेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने माजरा को एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान की सौगात दी थी। एस्ट्रोटर्फ बिछाने के एक साल बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है। हाल ही में आयोजित उत्तर भारत हॉकी प्रतियोगिता के दौरान जनरेटर से पानी का छिड़काव करना पड़ा। 8 मई 2022 को तत्कालीन खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 7.50 करोड़ रुपये एस्ट्रोटर्फ मैदान को देने की घोषणा की थी। 11 मार्च 2024 को मैदान का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। मैदान में पानी छिड़काव के लिए फव्वारे लगाए गए हैं। बिजली कनेक्शन न होने से फव्वारे काम नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते चलते हिमाचल प्रदेश स्कूल हॉकी छात्रावास



माजरा की खिलाड़ियों को अभ्यास में दिक्कतें आ रही हैं।

माजरा टर्फ मैदान के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की योजना है। शीघ्र ही इस योजना के तहत बिजली कनेक्शन सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। -भूपेंद्र वर्मा, जिला खेल अधिकारी

**मैच के लिए जनरेटर मंगवाकर करवाया पानी का छिड़काव**

मेरा गांव मेरा देश संस्था के निदेशक अनुराग गुप्ता, अध्यक्ष पुष्पा खंड्जा, जाफर अली और लक्ष्मी चंद अत्री ने बताया कि पिछले उत्तर भारत हॉकी प्रतियोगिता के दौरान पानी के छिड़काव के लिए जनरेटर का सहारा लेना पड़ा। मैदान पर अस्थायी रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं हॉकी विशेषज्ञ**

सेवानिवृत्त हॉकी कोच चंद्रशेखर का कहना है कि बिना पानी छिड़काव के टर्फ पर खेलने से खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। गेंद पर नियंत्रण कठिन हो जाता है। खेल की गति धीमी हो जाती है। मैदान के तापमान में वृद्धि के कारण खिलाड़ियों में निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पानी का छिड़काव न होने से एस्ट्रोटर्फ मैदान के शीघ्र खराब होने की आशंका भी रहती है।

## फिर दिखा किंग खान का स्टारडम

## शाहरुख खान से मिलने के बाद रोने लगी फैन



**नई दिल्ली।** शाहरुख खान की एक प्रशंसक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रह है। इस वीडियो में वह अभिनेता से मिलने के बाद वह फूट-फूटकर रो रही है। शाहरुख खान बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में से हैं, जिनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते हैं। दुनिया भर में अभिनेता के करोड़ों प्रशंसक हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शाहरुख की एक फैन उनसे मिलने के बाद रोते हुए नजर आई।

**फूट-फूटकर रोई प्रशंसक**

वायरल वीडियो में शाहरुख की फैन ने बताया कि उसे शाहरुख के साथ कोई तस्वीर ना खिंचवाने के लिए कहा गया था और जब सुपरस्टार बाहर आए तो उन्होंने उससे मुलाकात की। वीडियो में रोती हुई प्रशंसक ने खुलासा किया कि शाहरुख ने उसे गले लगाया और कहा भगवान तुम्हारा भला करे। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि शाहरुख खान से मिलने के बाद वह कितना भावुक है। इसिलिए कहा जाता है कि शाहरुख अपने फैंस का दिल जीतना जानते हैं।

**फैंस ने दिए रिएक्शन**

वायरल वीडियो पर बहुत से प्रशंसकों ने टिप्पणी की। एक प्रशंसक ने लिखा, 'भाग्यशाली और उसे शाहरुख खान से मिलकर गर्व होना चाहिए।' एक अन्य प्रशंसक ने अभिनेता से मिलने का अपना अनुभव साझा किया और लिखा, 'वाह, आप बहुत भाग्यशाली हैं। मैं उनसे पहले सिंगापुर में मिला था। वह बहुत विनम्र व्यक्ति हैं। आपकी भावनाओं को समझते हैं। बॉलीवुड के बादशाह ने हमेशा अपने प्रशंसकों के दिलों को छुआ है। अल्लाह उन्हें स्वस्थ, खुशहाल और लंबी उम्र प्रदान करे।'

**शाहरुख खान का वर्क फ्रंट**

शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद की अगली फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनकी बेटी सुहाना खान, अभिषेक बच्चन और अभय वर्मा भी अभिनय करेंगे। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है।

## जारी हुआ केसरी वीर का दमदार ट्रेलर, योद्धा बन कर लड़े सुनील शेट्टी और सूरज पंचोली

**मुंबई।** फिल्म केसरी वीर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुनील शेट्टी और सूरज पंचोली को योद्दा बने दिखाया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि विदेशी आक्रांता सोमनाथ मंदिर को लूटना चाहता है। ऐसे में देश के योद्धा उससे जंग करते हैं और मंदिर की रक्षा करते हैं।

फिल्म केसरी वीर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुनील शेट्टी और सूरज पंचोली को योद्दा बने दिखाया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि विदेशी आक्रांता सोमनाथ मंदिर को लूटना चाहता है। ऐसे में देश के योद्धा उससे जंग करते हैं और मंदिर की रक्षा करते हैं।

## तय समय पर रिलीज नहीं होगा सितारे जमीन पर का ट्रेलर

इस हफ्ते फिल्म सितारे जमीन पर का ट्रेलर रिलीज होने वाला था लेकिन निर्माताओं ने इसे टाल दिया है। आमिर खान के करीबियों ने इसे टालने की वजह बताई है।

**मुंबई।** आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की फिल्म सितारे जमीन पर जल्द ही रिलीज होने वाली है। इसी हफ्ते इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने वाला था लेकिन पहलगाम हमले की वजह से इसे टाल दिया गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर के मुताबिक यह फैसला हमले में जान गंवाने वाले लोगों को इजत देने और देश के मूड को देखते हुए लिया गया है।

**सितारे जमीन पर की कहानी**

आपको बता दें कि सितारे जमीन पर फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म तारे जमीन पर की सीक्वल है। फिल्म में दिखाया गया था कि एक कमजोर बचा कैसे जिंदगी जीने में संघर्ष करता है। इस फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा था।

इस फिल्म का सीक्वल सितारे जमीन पर भी लगभग उसी मुद्दे पर



बनी है। इस फिल्म में विकलांग लोगों की कहानी और उनका स्ट्रगल दिखाया गया है।

**फिल्म में कैसा होगा आमिर का किरदार?**

चीन में एक फैन क्लब से बात करते हुए आमिर खान ने सितारे जमीन पर के बारे में कहा सितारे जमीन पर लगभग तैयार है। यह फिल्म तारे जमीन पर की सीक्वल है। यह उससे 10 कदम आगे है। यह विकलांग लोगों पर बनी है। यह प्यार, दोस्ती और जिंदगी से ऊपर है। तारे जमीन पर फिल्म ने आपको रुलाया लेकिन ये फिल्म आपको हंसाएगी। यह कॉमेडी है लेकिन इसकी थीम एक जैसी है।

**अलग है आमिर खान का किरदार**

आमिर खान ने फिल्म के बारे में कहा तारे जमीन पर में मेरा किरदार बहुत संवेदनशील था। इस फिल्म में मेरा किरदार इसके बिल्कुल उलटा है। मैं इसमें बहुत सख्त हूं। राजनीतिक तौर से गलत और हर किसी की बेइजती करने वाला बना हूं। मैं इसमें पत्नी और मां से झगड़ा करता हूं। मेरा किरदार इसमें बास्केटबॉल कोच का है जो अपने सीनियर को पीटता है। वह एक ऐसा आदमी है जो कई अंदरूनी परेशानियों से जूझता है।

**पहलगाम हमले के बाद प्रोग्राम रद्द**

आपको बता दें कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्टकों पर हमला कर दिया। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई। हमले में कई लोग जख्मी हुए। इस हमले के बाद कई फिल्मी सितारों ने अपने प्रोग्राम रद्द कर दिए हैं। गायक अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने अपने कॉन्सर्ट रद्द कर दिए, तो वहीं सलमान खान ने अपनी यूके की यात्रा रद्द कर दी जहां वह एक प्रेग्राम में हिस्सा लेने वाले थे।

## 'द पीजेंट' फिल्म में नजर आएंगे देव पटेल, दिखाएंगे 1300 के दशक की अनोखी कहानी

**मुंबई।** अभिनेता से निर्देशक बने देव पटेल एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। 'मंकी मैन' की सफलता के बाद ये देव पटेल की बतौर निर्देशक अगली फिल्म होगी। जानिए क्या है फिल्म की कहानी।

अभिनेता और निर्माता-निर्देशक देव पटेल अपनी अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वो अपनी फिल्मों में गंभीर मुद्दों पर बात करते हैं। देव पटेल अभिनेता के साथ-साथ निर्देशक की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहे हैं। अब देव पटेल के अगले प्रोजेक्ट को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। अभिनेता पीरियड एक्शन-थ्रिलर 'द पीजेंट' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वो एक्टिंग के साथ-साथ निर्देशन की कमान भी संभालते नजर आएंगे।

**मध्यकालीन भारत पर आधारित होगी फिल्म**

'द पीजेंट' की कहानी मध्यकालीन भारत पर आधारित होगी। बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म 'मंकी मैन' की सफलता और प्रशंसा के बाद देव पटेल थंडर रोड पिक्चर्स के साथ फिर से वापसी कर रहे हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिफ्थ सीजन और थंडर रोड के समर्थन से बन रही 'द पीजेंट' कथित तौर पर 'ब्रेवहार्ट', 'जॉन विक' और 'किंग आर्थर' से प्रभावित होगी।

**यह होगी फिल्म की कहानी**

'द पीजेंट' की कहानी 1300 के दशक के भारत के एक चरवाहे पर केंद्रित है, जो अपने समुदाय को नष्ट करने वाले भाड़े के शूरवीरों के एक गिरोह के खिलाफ भयंकर विद्रोह करता है। इस दौरान उसका एक ऐसा रूप सामने आता है, जिसकी किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है और वो इस तरह की कहानी को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

**'मंकी मैन' को मिली थी काफी प्रशंसा**

देव पटेल द्वारा निर्देशित पिछली फिल्म 'मंकी मैन' भी एक रिवेंज थ्रिलर थी। साल 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'मंकी मैन' को काफी सराहा गया था। फिल्म को भारत से लेकर विदेशों तक में काफी पसंद किया गया था।

# अनुष्का शर्मा ने विराट को लेकर किया खुलासा

## कहा- जैसे मैदान पर होते हैं, वैसे असल जिंदगी में...

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया है कि वह विराट के साथ शादी करके कैसा महसूस कर रही हैं।

विराट कोहली भले ही क्रिकेट के मैदान पर काफी आक्रामक दिखते हों लेकिन असल जिंदगी में वह बहुत ही नरमदिल हैं। इस बात की पुष्टि उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने की है। फिल्मफेयर से बात करते हुए अनुष्का शर्मा ने फैंस को बताया है कि उनका विराट कोहली के साथ कैसा रिश्ता है। उनकी बातों से लोगों का दिल पिघल जाएगा।

**अनुष्का ने की विराट कोहली की तारीफ**

अनुष्का शर्मा ने विराट के साथ अपने रिश्ते पर बात करते हुए कहा %मैंने अपने सबसे अच्छे दोस्त से शादी की। मैंने अपने सबसे भेरोसेमंद शख्स से शादी की। मैंने ऐसे व्यक्ति से शादी की है, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं। वह एक अच्छे इंसान हैं। जब हम साथ होते



हैं तो दुनिया का अस्तित्व नहीं रहता है।%

**असल जिंदगी में बहुत शांत हैं कोहली**

विराट कोहली के बारे में अनुष्का शर्मा ने कहा है कि वह भले ही क्रिकेट के ग्राउंड पर बहुत ही आक्रामक दिखते हों लेकिन असल जिंदगी में वह बहुत ही शांत हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि शादी के बाद उन्हें एक साथ बिताने के लिए बहुत कम वक्त मिला। उन्होंने कहा शादी के छह महीने बाद हमें सिर्फ 21 या 22 दिन साथ में बिताने का मौका मिला। हम मुश्किल से मुंबई में साथ होते थे। असल में घर के कर्मचारी हमें एक साथ घर पर देखकर बहुत खुश होते थे।

**लंदन में रहता है जोड़ा**

आपको बता दें कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इन दिनों लंदन में रह रहे हैं। यहां वह चमक-दमक वाली दुनिया से दूर शांत जिंदगी बिता रहे हैं। दोनों अपने बच्चों की परवरिश कर रहे हैं। दोनों साल 2024 में भारत से लंदन चले गए थे। हालांकि वह काम के सिलसिले में भारत आते रहते हैं।

**विराट और अनुष्का का रिश्ता**

आपको बता दें कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने साल 2013 में एक विज्ञापन शूट किया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे को डेट किया। साल 2017 में दोनों ने शादी कर ली। साल 2021 में दोनों ने एक बच्ची का स्वागत किया जिसका नाम वामिका है। साल 2024 में दोनों ने एक बेटे का स्वागत किया, जिसका नाम अकाय है।

## जूनियर एनटीआर के फैंस के लिए खुशखबरी, प्रशांत नील ने की फिल्म रिलीज की घोषणा

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर औप प्रशांत नील एक अनाम फिल्म पर काम कर रहे हैं। आज इस फिल्म की रिलीज को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गई हैं। जूनियर एनटीआर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की है, जिससे एनटीआर के फैंस बेहद खुश और उत्साहित हैं।

जूनियर एनटीआर ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए लिखा, 25 जून 2026 को सिनेमाघरों में मिलते हैं... #NTRNeel'। इस आगामी अनाम फिल्म को लेकर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें साफ शब्दों में लिखा है, वर्ल्ड वाइड रिलीज, 25 जून, 2026 #NTRNEEl'

**फिल्म का अस्थाई नाम**

आज तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और फिल्म निर्माता प्रशांत नील की बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट तय कर दी गई है, लेकिन इसके नाम से पर्दा अभी तक नहीं उठाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का अस्थाई नाम एनटीआरनील तो कहीं पर ड्रैगन बताया जा रहा है। फिल्म का नाम जो भी हो, लेकिन यह फिल्म अब 25 जून 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म की घोषणा एनटीआर ने 29 अप्रैल को की थी। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स बैनर मिलकर करेंगे। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी।

**फिल्म की शूटिंग और स्टार कास्ट**

बहरहाल, फिल्म की शूटिंग मैंगलोर में तीन सप्ताह तक चलेगी। इसकी शूटिंग के लिए निर्माताओं ने एक विशाल सेट तैयार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में जूनियर एनटीआर बहुत ही साधारण लुक में नजर आएंगे। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ रुक्मिणी वसंत मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। वैसे जानकारी के अनुसार, इस फिल्म में रुक्मिणी के अलावा एक और अभिनेत्री भी नजर आ सकती हैं।

**एनटीआर का वर्कफ्रंट**

इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ फिल्म वॉर 2 में नजर आएंगे।

## औरंगजेब व अन्य आक्रांताओं की कब्र हटाना मुख्यमंत्री फडणवीस का पहला कर्तव्य



**नागपुर।** द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को उनके कर्तव्य की याद दिलाई है। संत प्रज्ञानंद सरस्वती महाराज ने कहा, अगर सरकार मुगल बादशाह औरंगजेब और अन्य आक्रमणकारियों की कब्रों की राज्य से हटाने में विफल रहती है तो सनातन धर्म के अनुयायियों को ऐसा करने के लिए खुद ही कदम बढ़ाने पड़ेंगे। महाराष्ट्र में औरंगजेब व अन्य आक्रांताओं की कब्र हटाना छ्ररू फडणवीस का पहला कर्तव्य है। द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य प्रज्ञानंद सरस्वती महाराज ने यह बात कही है। उन्होंने कहा, अगर सरकार यह काम करने में विफल रहती है तो सनातन धर्म के अनुयायियों को खुद ही ऐसा करना होगा। मंगलवार को एक मराठी समाचार चैनल से बात करते हुए प्रज्ञानंद सरस्वती ने कहा, आपने औरंगजेब को अपनी जमीन दी। उसके वंशज आज कट्टरपंथी और उग्रवादी बनकर हिंदुओं पर हमले कर रहे हैं।

उन्होंने अपनी बात दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि अगर सरकार औरंगजेब और अन्य आक्रांताओं की कब्रों को हटाने का कर्तव्य पूरा नहीं करती तो सनातन धर्म के अनुयायियों को इस काम के लिए खुद आगे आना होगा। बता दें कि छत्रपति संभाजीनगर से करीब 25 किलोमीटर दूर खुल्ताबाद में औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग के बाद पिछले महीने महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तनाव फैल गया था। कई समूहों ने कब्र को हटाने की धमकी दी थी, जिसके बाद सरकार ने कब्र के आसपास सुरक्षा बढ़ाने का फैसला लिया था।

बीते हफ्ते जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर एक सवाल पर प्रज्ञानंद महाराज ने कहा, यह दुनिया के हर धर्म को आश्रय देने वाले धर्म पर सीधा हमला है। आज वही सनातन धर्मी, हिंदू धर्मी अपनी जान की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं...उनकी जान मुसलमान और इस्लाम धर्म के अनुयायी ले रहे हैं, जिन्हें शरण दी गई थी।

# राजस्थान के बीच अब सरपट दौड़ेगी ट्रेन, 374 करोड़ से बन रहा है ये नया रूट, इन शहरों को होगा फायदा

**फायदा**

> मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच नया रेल रूट बनकर तैयार हो गया है। इससे इन दोनों राज्यों के यात्रियों को फायदा मिलेगा।



**नई दिल्ली।** दरअसल, ग्वालियर-श्योपुर-कोटा ब्रॉडगेज रेलवे लाइन परियोजना पर काम पहले से शुरु हो चुका है। ग्वालियर से श्योपुर के बीच 190 किमी का नैरोगेज ट्रैक हटाकर ब्रॉडगेज करने का काम किया जा रहा है। मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच नया रेल रूट बनकर तैयार हो गया है। इससे इन दोनों राज्यों के यात्रियों को फायदा मिलेगा। कोटा-श्योपुर-ग्वालियर 284 किमी लंबी नई बड़ी रेल लाइन परियोजना से कोटा जिले के कई गांव सीधे रेल सेवा से जुड़ेंगे। सरकार ने इस परियोजना के लिए 374.70 करोड़ रुपये का बजट मंजूर कर दिया है। कोटा-श्योपुर कलां नई रेल लाइन के लिए 583.84 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की जाएगी। दरअसल, ग्वालियर-श्योपुर-कोटा ब्रॉडगेज रेलवे लाइन परियोजना पर काम पहले से शुरु हो चुका है। ग्वालियर से श्योपुर के बीच 190 किमी का नैरोगेज ट्रैक हटाकर ब्रॉडगेज करने का काम किया जा रहा है। श्योपुर से कोटा के बीच ब्रॉडगेज लाइन डालने की तैयारी की जा रही है। श्योपुर से कोटा के बीच ब्रॉडगेज लाइन डालने के लिए सर्वे का काम पूर्व में ही पूरा हो चुका है। जिसे रेलवे बोर्ड भेजा जा चुका है। अब यह सर्वे दूसरी बार भेजा गया है। हालांकि पूर्व में रेलवे बोर्ड ने आपत्तियां लगाई थी। जिसे अब ठीक कर फिर से बोर्ड को भेजा गया है। बोर्ड ने श्योपुर से कोटा की दूरी कम करने यानि लाइन दूसरी जगह से निकालने की बात कही थी। इसके बाद दुबारा सर्वे करवाकर रिपोर्ट भेजी गई है। श्योपुर से कोटा के बीच लगभग 103 किमी क्षेत्र में बिछाई जाने वाली बड़ी रेल लाइन पर कोटा जिले में 8 स्टेशन होंगे। जिसमें पीपल्दा, गणेशगंज, दोस्तपुरा, बड़ौद, उम्मेदपुरा,, सुल्तानपुर स्टेशन बनाए जाएंगे। जबकि दीगोद व मोतीपुरा चौकी इस रूट पर पहले से स्टेशन बने हुए है। कोटा रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ जैन के मुताबिक ग्वालियर-श्योपुर-कोटा बड़ी रेल लाइन परियोजना का सर्वे रेलवे बोर्ड भेजा हुआ है। अलाईमेंट व डीपीआर का अनुमोदन मुख्यालय से प्राप्त है। काम का एस्टीमेट रेलवे बोर्ड को स्वीकृति के लिए भेजा हुआ है। ग्वालियर से श्योपुर तक छोटी की जगह बड़ी लाइन बिछाने का प्रोजेक्ट 7 साल पहले साल 2018 में शुरू हुआ था और इसे साल 2025 में पूरा किया जाने का टारगेट रखा गया था। अभी तक परियोजना में ग्वालियर से कैलारस तक मेमू ट्रेन चल रही है।

## अवैध कब्जे मामले में गुजरात हाईकोर्ट सख्त, याचिकाकर्ताओं को नहीं मिली राहत



**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने अहमदाबाद की चंदोला झील के पास बसे 18 लोगों को अतिक्रमण हटाने के मामले में राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वे जल निकाय पर अवैध रूप से बसे हैं और उनके पास निर्माण की अनुमति नहीं है, इसलिए उन्हें कोई अंतरिम संरक्षण नहीं मिल सकता। गुजरात के अहमदाबाद के चंदोला झील इलाके में चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर गुजरात हाईकोर्ट ने साफ किया है कि झील क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों को राहत नहीं दी जा सकती। मामले में वकील आनंद याग्निक ने बताया कि इस मामले में 18 नागरिकों ने कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।मामले में सुनवाई के दौरान गुजरात हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता पानी की संरचना (जल निकाय) पर बसे हैं और उनके पास वहां निर्माण के लिए कोई अनुमति नहीं है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा अतिक्रमण हटाने पर दिए गए फैसले को इस मामले में लागू नहीं किया जा सकता। साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं को झील के पास रहने की कोई इजाजत नहीं दी जा सकती। इसी बीच मामले में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शहर में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन इलाकों से अवैध बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए थे, वहां से अवैध निर्माण हटाया गया है और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सरकारी जमीन खाली कराई जाए। गौरतलब है कि अहमदाबाद नगर निगम और पुलिस ने चंदोला झील क्षेत्र के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों को जमींदोज करने के लिए बुलडोजर अभियान जारी है। इस क्षेत्र से कुछ दिन पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के लिए आलोक जोशी पर भरोसा, पेगासस जांच कमेटी में भी रहे हैं पूर्व आईपीएस

**नई दिल्ली।**पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की रणनीतिक बैठकों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड बड़ा फेरबदल किया गया है। सरकार की ओर से पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में सात सदस्य होंगे। बोर्ड में तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त अधिकारी होंगे। सरकार की ओर से पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) का नए सिरे से गठन किया है। इस बोर्ड में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं रॉ प्रमुख रहे आलोक जोशी को सौंपी गई है। केंद्र सरकार के भरोसे पर खरे उतरने वाले जोशी, 2012 में तत्कालीन डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में रॉ प्रमुख बने थे। उसके बाद केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें एनटीआरओ का चेयरमैन बनाया था। इतना ही नहीं, 2021 में जब देश में पेगासस का मामला उठा तो सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी। उस जांच कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन को बनाया गया था। हरियाणा कैडर के पूर्व आईपीएस आलोक जोशी को कमेटी में बतौर सदस्य शामिल किया गया था। बता दें कि सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। इसमें पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को, बतौर अध्यक्ष शामिल किया गया है। बोर्ड में सैन्य सेवाओं के सेवानिवृत्त अधिकारी, पूर्व एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व ले. जन. एके सिंह और पूर्व रियर एडमिरल मोंटी खन्ना भी रहेंगे। इनके अलावा पूर्व आईपीएस राजीव रंजन वर्मा व मनमोहन सिंह को भी बोर्ड में जगह दी गई है। पूर्व आईएफएस अधिकारी, बी वेंकटेश वर्मा भी बोर्ड में रहेंगे।

## असम-मेघालय के बीच नया हाईवे, गन्ने के एफआरपी में किया गया इजाफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मोदी कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट मीटिंग की ब्रीफिंग करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने गन्ना किसानों को बड़ी सौगात दी है। गन्ने का एफआरपी बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि शिलॉन्ग से सिल्चर कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाईवे सिल्चर से शिलॉन्ग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। ्रइसके अलावा गन्ने के एफआरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। गन्ने की नई एफआरपी 355 रुपए प्रति कुंटल की गई है।

# जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच का लोकपाल को कितना अधिकार? जुलाई में सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**खिलाफ**

> लोकपाल ने दो शिकायतों के आधार पर 27 जनवरी को हाईकोर्ट के एक मौजूदा अतिरिक्त जज के खिलाफ जांच का आदेश जारी किया था।



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मौजूदा हाई कोर्ट जज पर लोकपाल की जांच से जुड़े आदेश के मामले में जुलाई में सुनवाई तय की है। हाई कोर्ट के जज पर एक अतिरिक्त जिला जज और उसी हाईकोर्ट के एक अन्य जज को प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भ्रष्टाचार विरोधी संस्था लोकपाल के उस आदेश पर जुलाई में सुनवाई करने का फैसला किया है, जिसमें हाई कोर्ट के मौजूदा जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना की अध्यक्षता में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस. ओका की विशेष पीठ ने कहा कि मामले को किसी और पीठ के समक्ष भेजा जाएगा। जस्टिस ओका ने कहा, इस मामले पर सीजेआई को फैसला लेना है। यह एक प्रतिष्ठा का विषय है। वहीं, जस्टिस गवई ने कहा, हम इसकी सुनवाई जुलाई में करेंगे। लोकपाल ने दो शिकायतों के आधार पर 27 जनवरी को हाईकोर्ट के एक मौजूदा अतिरिक्त जज के खिलाफ जांच का आदेश जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट इस मामले का स्वतः संज्ञान लेकर शिकायतों का निपटारा कर रहा था। शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि न्यायाधीश ने राज्य के एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और उसी उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को निजी कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे से निपटने के लिए फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावित किया।इन शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि जज राज्य में एक अतिरिक्त जिला जज और उसी हाईकोर्ट के एक अन्य जज (जो एक निजी कंपनी की ओर से शिकायतकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई कर रहे थे) को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। आरोप है कि हाईकोर्ट के जज निजी कंपनी के ग्राहक थे, जब वह बार में वकील के रूप में काम करते थे। शीर्ष कोर्ट ने 20 फरवरी को लोकपाल के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा था कि यह बहुत ही परेशान करने वाला है और न्यायपालिका की आजादी से जुड़ा मामला है। उस दिन कोर्ट ने केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इसके बाद 18 मार्च सुप्रीम कोर्ट ने कह कि वह यह जांच करेगा कि लोकपाल के पास मौजूदा हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतें सुनने का अधिकार है या नहीं।

कोर्ट ने वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार से न्याय मित्र के रूप में मदद मांगी थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट जज लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 1013 के दायरे में नहीं आते।

# पोप बनना चाहता हूं, मजाक में बोले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, सोशल मीडिया पर मीम्स की भरमार

**हमला**

> इस्राइल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया।



**न्यूयॉर्क।** एक इंटरव्यू में मजाक में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगले पोप के लिए वह खुद की पहली पसंद होंगे। ट्रंप के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। लोगों ने ट्रंप को पोप की औपचारिक पोशाक में दिखाते हुए तस्वीरें साझा कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मजाक में पोप बनने की इच्छा जाहिर की है। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अगले पोप के लिए वह खुद की पहली पसंद होंगे। इसके बाद सोशल मीडिया पर पोप की वेशभूषा में ट्रंप की तस्वीरों से भरे मीम्स वायरल हो गए। पहले लैटिन अमेरिकन मूल के पोप, पोप फांसिस का बीते सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया था। पोप फांसिस बीते लंबे समय से बीमार थे और कुछ समय पहले ही अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे। सेंट पीटर स्क्वायर में हुए उनके अंतिम संस्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हुए थे। पोप फांसिस के अंतिम संस्कार के बाद सात मई से कार्डिनल्स उत्तराधिकारी को चुनने की प्रक्रिया शुरू करने वाले हैं।

ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि मैं पोप बनना चाहूंगा। यह मेरी पहली पसंद होगी। जब पूछा गया कि फांसिस की जगह किसे लेना चाहिए, तो ट्रंप ने कहा कि मेरी कोई प्राथमिकता नहीं है। लेकिन मुझे यह कहना होगा कि हमारे पास न्यूयॉर्क से एक कार्डिनल है। वह बहुत अच्छा है, इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है।

बताया जा रहा है कि न्यूयॉर्क के कार्डिनल टिमोथी डोलन को फांसिस के उत्तराधिकारी के रूप में सबसे आगे नहीं माना जा रहा है। अब तक अमेरिका से कभी कोई पोप नहीं आया। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ट्रंप की पोप पद की इच्छा का समर्थन करते नजर आए। ग्राहम ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इसके बारे में सुनकर उत्साहित हैं। यह एक डार्क हॉर्स उम्मीदवार होगा। मैं पोप कॉन्क्लेव और कैथोलिक विश्वासियों से इस संभावना के बारे में खुले दिमाग से सोचने के लिए कहूंगा। पहले पोप-अमेरिकी राष्ट्रपति संयोजन के कई फायदे हैं। सफेद धुएं पर नज़र रखें... ट्रंप MMXXVIIIÐ

ट्रंप को पोप बनते हुए दिखाने वाला वीडियो जल्द ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वायरल हो गया। ट्रंप के समर्थकों ने उनके विचार की सराहना की, जबकि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने मीम्स की भरमार कर दी, जिनमें ट्रंप को पोप की औपचारिक पोशाक में दिखाया गया था।

# इस्राइल ने गाजा पर किया जोरदार हमला, 12 लोगों की मौत; तीन बच्चे भी शामिल

**हमला**

> इस्राइल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया।



**गाजा।** गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल थे। वहीं दूसरी ओर वेस्ट बैंक में पत्रकार अली समौदी को आतंकवादी संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस्राइल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में लगभग 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल है। अल-अक्सा अस्पताल के मुताबिक, हमले नुसेरात शरणार्थी शिविर के तीन घरों पर किए गए। बच्चों में दो सगे भाई थे, जिनके शवों के टुकड़े अस्पताल पहुंचे।इस्राइली सेना ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में छापेमारी कर पत्रकार अली समौदी को गिरफ्तार किया। समौदी पहले CNN और अल-जज़ीरा के लिए काम कर चुके हैं। 2022 में वे उस गोलीबारी में घायल हुए थे जिसमें पत्रकार शिरीन अबू अकलेह की मौत हुई थी। इस्राइली सेना ने आरोप लगाया कि समौदी इस्लामिक जिहाद से जुड़े हैं और उन्होंने उसके लिए पैसे भेजे, हालांकि कोई ठोस सबूत नहीं दिया गया। लेबनान के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य प्रतिनिधिमंडल से इस्राइल पर दबाव डालने की अपील की है ताकि वह अब भी कब्जे में रखे गए लेबनानी कैदियों को रिहा करे और सीमा क्षेत्र से पीछे हटे। इस बैठक में अमेरिका के नए प्रतिनिधि मेजर जनरल माइकल जे. लीनी भी शामिल हुए। बता दें कि पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम खत्म होने के बाद से इस्राइल गाजा पर रोज हमले कर रहा है। मार्च की शुरुआत से ही गाजा में 20 लाख लोगों को भोजन और दवा जैसी जरूरी चीजों की आपूर्ति रोक दी गई है, ताकि हमास पर बंधकों की रिहाई को लेकर दबाव बनाया जा सके। इस सप्ताह गाजा सिटी और बेइत लाहिया में भी दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## दहशत में पड़ोसी, नेवी के जहाज स्टैंडबाय पर-हवाई क्षेत्र बैन; हमले की आशंका से सहमा पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय निवासी हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले को %हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा हमला बताया। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत की यात्रा पर हैं। इसी समय जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और ट्रैकिंग का मौसम जोर पकड़ रहा है। 2019 की फरवरी में जम्मू-कश्मीर के ही पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला पहलगाम में हुआ है। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है।

पहलगाम हमले के संबंध में अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारबंद आतंकवादी मिनी स्विट्जरलैंड में घुस आए और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

# पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत, बांग्लादेश की अदालत का फैसला



**ढाका।** देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार किए जाने के छह महीने बाद बांग्लादेश की एक उच्च न्यायालय ने बुधवार को इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी। चिन्मय दास की गिरफ्तारी ने भारत में आक्रोश पैदा कर दिया था।

बांग्लादेश की एक अदालत ने आज देशद्रोह के एक मामले में पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी। बांग्लादेश में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सत्ता परिवर्तन के बाद से वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हुई हिंसा के खिलाफ चिन्मय एक प्रमुख आवाज बनकर उभरे थे। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद उनके अनुयायी सड़क पर उतर आए थे। भारत ने भी मामले को लेकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए चिंता व्यक्त की थी।

चंदन कुमार धर, जिन्हें चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के नाम से भी जाना जाता है, सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और चटगांव इस्कॉन के नेता हैं। इस्कॉन चटगांव से पता चला कि 37 साल के चिन्मय कृष्ण चटगांव के सतकानिया उप जिला से हैं। वे अपने धार्मिक भाषणों के लिए जाने जाते हैं। इन्ही भाषणों के कारण उन्होंने कम उम्र में ही धार्मिक उपदेशक के रूप में जाना जाने लगा। इसके चलते उन्हें शिशु वक्ता उपनाम भी मिला। चिन्मय कृष्ण दास 2016 से 2022 तक इस्कॉन के चटगांव मंडल सचिव रहे। वे 2007 से चटगांव के हथजारी में पुंडरीक धाम के प्रधानाचार्य भी रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चिन्मय को इस्कॉन में उनके पद से निलंबित कर दिया गया था।

5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। देश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही बड़े पैमाने पर हिंदू घरों और मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। इसके जवाब में यह मंच शुरू किया गया और चिन्मय दास को इसका प्रवक्ता नियुक्त किया गया। बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर इस मंच के द्वारा हिंदुओं की आवाज को उठाया जाता है। चिन्मय ने इसी मंच के द्वारा आंदोलन के जरिए सनातन जागरण मंच ने चटगांव और रंगपुर में बड़ी रैलियां आयोजित कीं। रैलियों में चिन्मय ने हिंदू समुदाय के अधिकारों के बारे में बात करते हुए कई भाषण दिए थे।

पिछल साल 25 अक्तूबर को चिन्मय और 18 अन्य लोगों पर चटगांव के न्यू मार्केट चौराहे पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर भगवा झंडा फहराने का आरोप लगा। 30 अक्तूबर की रात को कोतवाली थाने में चिन्मय और 18 अन्य लोगों के खिलाफ देशद्रोह के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# सोंधी विकास खण्ड को विकास की नई पहचान मिली : मंजू सिंह



### लेखन के क्षेत्र में ज़ीशान हुए सम्मानित

**खेतासराय (जौनपुर)** ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित समारोह में एक दर्जन पत्रकारों को लेखन के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। अंग वस्त्र देकर सम्मानित होने वालों में पत्रकार राममूर्ति यादव, ज़ीशान सिद्दीकी, मो अज़ीम, बाबा सिंह, राकेश शर्मा समेत दर्जन भर शामिल रहे। अंत मे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने आगुन्तको के प्रति आभार प्रकट किया।

**9.99 लाख की लागत से बीडीओ आवास का हुआ जीर्णोद्धार**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** जिले की सबसे बड़ी ब्लॉक को मुख्मयंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के सहयोग से विकास की रफ़्तार में सूबे में नई पहचान मिली है। अब ब्लॉक पूरी तरह हाईटेक सुविधाओं से लैस हो चुका है। यही वजह है कि यहां का डेवलपमेंट पूरे जनपद के लिए नज़ीर बन गई है। उक्त विचार विकास खण्ड सोंधी की ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह ने राज्य वित्त निधि से 9.99 लाख की लागत से बीडीओ आवास की जीर्णोद्धार के उद्घाटन के मौक़े पर बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अब जनता को प्रधानमंत्री आवास के लिए ब्लॉक का चक्कर लगाना नही पड़ता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह विद्यार्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की जो गति दी है जिससे विपक्ष के सभी मुद्दे फ़ेल हो गए। मंजू सिंह ने अपने विकास कार्य के बदौलत उत्तर प्रदेश में एक नई पहचान दी है। पूर्व के कार्यकाल में यहाँ अराजकता रही। विकास खण्ड मुख्यालय में अखण्ड रामायण के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संचालन कमलाकांत मौर्य ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शरद सिंह, रिंकू सिंह, रूपेश गुप्ता उर्फ़ मोनू, दिनेश सिंह, ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, गोलू यदुवंशी, मास्टर रफ़ीउद्दीन, रहमान मन्नू, अबुलआस समेत ग्राम प्रधान व बीडीसी शामिल रहे।

# भुसा दान करने वाले प्रधानों को डीएम ने किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा विकासखंड खुटहन के गौशाला पट्टी नरेंद्रपुर में भूसा दान करने वाले ग्राम प्रधानों को अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया गया। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में भूसा दान किए जाने के संबंध में बृहद अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में प्रधानों, सम्मानित जनों से विभिन्न गौशालाओं में भूसा दान में लिया जा रहा है, जिसके क्रम में आज विकासखंड खुटहन के ग्राम प्रधान खुशीहाल ,जहांगीर, यशवंत सिंह और अमित सिंह को सबसे अधिक भूसा दान देने पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही केयरटेकर ताहिर सिंटू और आशीष को भी गौशाला में गोवंशों का अच्छे से देखभाल करने पर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह बड़ा ही पुनीत कार्य है कि गौशालाओं में गोवंशो के लिए सेवा के रूप में भूसा दान किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि जनपद के संभ्रांतगण, सक्षम व्यक्ति आगे आए और भूसा दान करे। इसके उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा गौशाला में जाकर गोवंशो को गुड़ और नेपियर घास खिलाई गई। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि पशुओं को नियमित रूप से नहलाया जाए, पशु चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से गोवंशो के स्वास्थ्य की जांच करें और गोवंश के लिए हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, इसके संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम ने दुष्ट आताताई का अन्त किया : डाक्टर संतोष मिश्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान परशुराम जी के प्राकट्य दिवस पर ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी विधान सभा एवं एम एस डी ग्रुप ऑफ कॉलेज बालपुर ख़रैला आजमगढ़ के चेयरमैन डॉक्टर सन्तोष कुमार मिश्रा (राजा साहब) ने बालपुर ख़रैला स्थित वीर भूमि स्थल पर भगवान परशुराम जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया एवं साथ ही साथ अपने पिता महाराज पंडित त्रिपुरारी मिश्रा व राजमाता सुमित्रा देवी के प्रतिमा पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने भगवान परशुराम जी के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान परशुराम जैसा आज्ञा कारी पुत्र इस संसार में कोई भी नहीं है और न कोई होगा। उन्होंने सदैव अपने पिता ऋषि जमदग्नि के आदेश का पालन किए। भगवान परशुराम महान योद्धा, साहसी और न्यायप्रिय थे। जब जब समाज में किसी आताताई शक्ति का उदय हुआ और समाज के लोगों को पीड़ित और प्रताड़ित किया गया तब तब भगवान परशुराम ने उन दुष्ट आताताई शक्ति को समाप्त करने का काम किए और समाज में शांति व्यवस्था स्थापित करने का काम किए। भगवान परशुराम के जन्म दिवस अक्षय तृतीया के दिन से ही त्रेता युग का प्रारम्भ हुआ था। इन्होंने महाभारत काल में गुरु के रूप में भीष्म पितामह और कर्ण जैसे महान योद्धा धनुषधारी को शस्त्र विद्या सिखाए। इसके आगे बोलते हुए कहा कि मैं भगवान परशुराम जी को अपना आदर्श मानता हूं और उनकी कृपा एवं आशीर्वाद से मै भगवान परशुराम जी के नाम से एक आश्रम बनाने का काम किया हूं। भविष्य में साधु संत, और वृद्ध, असहाय लोगों को इस आश्रम में रहने और खाने की सुविधा प्रदान किया जाएगा। जहां गौशाला में गायों की सेवा किया जाएगा एवं वन्य जीव संरक्षण व वन्य जीव पालन जैसे अन्य जन हितकारी कार्य किए जाएंगे और शाम को सत्संग, प्रवचन, भगवत भक्ति होगा। भगवान परशुराम जी हम लोगों के आराध्य हैं, हमें उनके कृत्यों से प्रेरणा लेकर जीवन में आत्मसार करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राजा साहब के निजी सचिव राहुल कुमार त्रिपाठी, रविन्द्र कुमार मिश्रा (रजिस्ट्रार), विंध्यवासिनी तिवारी, सन्तोष पांडेय, अवधेश शर्मा एडवोकेट, प्रशांत मिश्रा (प्रिंस), प्रदीप पांडे, राज भारद्वाज, रुद्र प्रताप पाठक, यश राज (गायक), अतुल शुक्ला , कमलजीत यादव एवं अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक खेती के लिये 6875 कृषकों का बना 55 क्लस्टर

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि कृषि विभाग, जौनपुर गोमती नदी के किनारो के ग्रामों के कृषकां को प्राकृतिक खेती से जोड कर उनकी आय बढाने एवं नदी को प्रदुषण मुक्त बनाने की तैयारी में जुट गया है। नेशन मिशन फार नेचुरल फार्मिंग के लिये कृषि विभाग द्वारा खरीफ सत्र से अभियान के तहत 10 विकास खण्डों में 6875 कृषको का 55 क्लस्टर तैयार किया गया है। उन्हे प्रशिक्षण एवं संसाधन विभाग उपलब्ध करायेगा। भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के सफल क्रियान्यवन के लिये स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थायें (एल.एन.एफ.आई.) जो मिशन के सभी पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। संस्थान को नेचुरल फार्मिंग पर प्रशिक्षण प्रदान करने का पूर्व अनुभव होना चाहिये। संस्थान के पास प्रोजेक्टर और स्क्रीन जैसी बुनियादी आडियों एवं वीडियों जैसे उपकरण उपलब्ध होने चाहिये और नेचुरल फार्मिंग के इनपुट के उत्पाद एवं आपूर्ति हेतु जैव इनपुट संसाधन केन्द्र (बी.आर.सी.) तथा क्लस्टर के कृषको को नेचुरल फार्मिंग से जागरूक करने के लिये प्रति क्लस्टर 02 कृषि सखी (सी.आर.पी.) का चयन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूहो से करके नेचुरल फार्मिंग करने वाले कृषको का चयन कर प्राकृतिक खेती, रसायन मुक्त खेती के लिये कृषको को प्रेरित किया जायेगा। इच्छुक जैव इनपुट संसाधन केन्द्र (बी.आर.सी.) और स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थान (एल.एन.एफ.आई.) अपना आवेदन 05 मई तक उप कृषि निदेशक कार्यालय, जौनपुर को उपलब्ध कराये, ताकि जिला स्तरीय निगरानी समिति द्वारा चयन कराकर क्लस्टर में शामिल कृषको को प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराते हुये मिशन मोड में प्राकृतिक खेती का क्रियान्वयन कराया जा सकें।

# भारतीय ज्ञान परंपरा का वैज्ञानिक अध्ययन करेगा पूर्वांचल विश्वविद्यालय

**अवधनामा संवाददाता**

- **भारतीय परंपराओं की वैज्ञानिक पुनर्परिभाषित की ओर एक ठोस कदम**
- **अध्ययन के लिए कुलपति ने किया समिति का गठन**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में पुनः स्थापित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय शोध समिति का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषित कर उसे जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करना है। भारत का इतिहास वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, नाट्यशास्त्र, ज्योतिष, वास्तु शास्त्र, और दर्शन जैसे ज्ञान के विविध क्षेत्रों से समृद्ध रहा है। यह परंपराएं न केवल आध्यात्मिकता की प्रतीक रही हैं, बल्कि इनके पीछे वैज्ञानिक तर्क, अनुभव और प्रयोग आधारित आधार भी मौजूद हैं। किंतु आधुनिक काल में इन विषयों को प्रायः केवल आस्था या पौराणिक संदर्भों से जोड़कर देखा गया, जिससे इनकी वैज्ञानिकता जनसामान्य की दृष्टि से ओझल हो गई। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सिर्फ संस्कृति का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का वैज्ञानिक मार्गदर्शन भी करती है। हमारा प्रयास है कि हम इन परंपराओं की वैज्ञानिक बुनियाद को पुनः खोजें, उसका विश्लेषण करें, और शोध आधारित प्रमाणों के साथ उसे शैक्षणिक व सामाजिक पटल पर प्रस्तुत करें। इस नवगठित समिति में विविध विषयों के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है, जिसमें प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. प्रताप मिश्रा डॉ. धीरेंद्र चौधरी और डॉ. पवन कुमार पाण्डेय हैं। समिति की अध्यक्ष कुलपति प्रो. वंदना सिंह है जिससे प्रगति की सम्यक निगरानी की जा सके। समिति न केवल भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक विश्लेषण पर कार्य करेगी, बल्कि विश्वविद्यालय स्तर पर नवाचार, शोध परियोजनाओं, शोधार्थियों के प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम विकास में भी योगदान देगी। इसके अतिरिक्त समिति का उद्देश्य विभिन्न भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय योग, आयुर्वेद एवं भारतीय जीवनशैली के वैज्ञानिक प्रभावों पर शोध प्रारंभ कर रहा है और इस दिशा में कई राष्ट्रीय संस्थानों से एमओयू भी किए जा रहे हैं। इस प्रयास के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप शोध प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप और सेमिनार में सहभागिता का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

### उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रिंयका मौर्या द्वारा जनपद

**आजमगढ़।** जनपद के पुलिस लाइन सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जनसुनवाई के अन्तर्गत कुल 42 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें घरेलू हिंसा से सम्बन्धित प्रकरण, छेडखानी, जमीनी विवाद, साइबर क्राइम आदि से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुए द्वारा 03 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, तथा 01 घरेलू हिंसा से सम्बन्धित प्रकरण पति-पत्नी के बीच सुलह-समझौता कराया गया, द्वारा मिठाई खिलाकर उन्हे खुशी-खुशी घर भेज दिया गया, द्वारा समस्त पीड़ित महिलाओं को यह आश्वासन दिया गया कि आपको डरने की जरूरत नही है आप सभी को एक सशक्त, मजबूत स्वालम्बी और आत्मनिर्भर बनना है।

नोडल अधिकारी डीसी त्रिपाठी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुंख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेन्टर योजना के बारे में जानकारी दी गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### निराश्रित पशु पक्षियों के लिए रखा गया पानी का पात्र



**प्रयागराज।** निराश्रित पशु, पक्षियों हेतु शुद्ध पेयजल पशु कल्याण विभाग नगर निगम प्रयागराज के द्वारा आज मीरापुर हर्षवर्धन नगर, मुट्ठीगंज छोटा चौराहा, हटिया पुलिस चौकी, अशोक नगर क्षेत्र में पानी का पात्र रखा गया। इस अवसर अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी, रॉबिन हुड आर्मी के अभिलाष केसरवानी (क्रांति), एडवोकेट महक सिंह, खुशी केसरवानी, शिवानी कनौजिया, गंगेश शर्मा, अवनीश पांडे, रेखा प्रकाश, देविका मिश्रा, नगर निगम टीम विवेक यादव, कमलेश कुमार, नीलू सोनकर, आदि रहे।

### मोदी सरकार का जातीय जनगणना का फ़ैसला ऐतिहासिक है : संजय गुप्ता



**प्रयागराज।** मोदी सरकार के द्वारा जाति जनगणना का एतिहासिक फैसला है जो समूचा दलित आदिवासी पिछड़ा समाज उनके इस फ़ैसले का तहेदिल से स्वागत करती है। और दशकों से इसका इंतज़ार था। यह उन नेताओं के लिए भी एक सबक है जो जातीय जनगणना का राग तो बहुत अलापते थे, लेकिन दशकों तक सत्ता में रहने पर उनके दल इस मुद्दे पर कंबल ओढ़कर सो जाते थे।

### जाति जनगणना से लोकतंत्र मजबूत होगा : महापौर



**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा जाति जनगणना का फैसला स्वागत योग्य है और आगे कहा कि जाति भारतीय राजनीति की सच्चाई है और जातीय जनगणना इसकी धुरी। लोकतंत्र इससे मज़बूत होगा। ज़मीनी राजनीति के धुरंधर नेता मोदी जी इस ज़मीनी सच्चाई से वाक़िफ़ हैं। उन्होंने अपने इस फ़ैसले से देशवासियों का हृदय छू लिया है। उनको हृदय से आभार।

### गोल्डन केसरिया की जीत में मानस चमके



**प्रयागराज।** गोल्डन केसरिया ने हिंदुस्तान इंजीनियरिंग को 38 रन से हराकर फखरुद्दीन अली स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में मानस पांडेय के बहुमुखी खेल (19 रन एवं 26 रन देकर चार विकेट) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गये मैच में गोल्डन केसरिया ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन (तौहीद 56 नाबाद, मोहम्मद यूसुफ 51, मानस पांडेय 19, तनिष्क केसरवानी 2/20, आराध्य टंडन व शौर्य पांडेय एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में हिंदुस्तान इंजीनियरिंग की टीम 26 ओवर में 151 रन (आरव 57, शुभांकित जायसवाल 35, मानस पांडेय 4/26, संस्कार श्रीवास्तव 2/10) पर सिमट गई। मानस को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### यशब रिज़वी ने आईएससी बोर्ड में 95 प्रतिशत से उत्तीर्ण की परीक्षा

**प्रयागराज।** सेन्ट मैरी कान्वेंट स्कूल की छात्रा यशब रिज़वी ने आई एस सी बोर्ड में 95 प्रतिशत मार्क्स लाकर जहां अपने कालेज में पांचवां स्थान प्राप्त किया। यशब के पिता बिसौना गांव के पूर्व प्रधान शाहिद अब्बास रिज़वी व मां शबीह फात्मा के बेटी के सेन्ट मैरी कान्वेंट में पांचवां स्थान ग्रहण करने पर खुशी में आंखों से आंसू छलक पड़े। आज सेन्ट मैरी कान्वेंट इंटर कॉलेज में समारोह आयोजित कर पांचों टॉपर्स को सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों को दी पोषण और स्वास्थ्यवर्धक भोजन की जानकारी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका में बुधवार को फायरलेस कुकिंग के साथ फूड एण्ड न्यूट्रिशियन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नर्सरी से मिडिल सेक्शन तक के छात्रों के लिए रोचक और शैक्षणिक अनुभव देने के उद्देश्य से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पोषण और स्वास्थ्यवर्धक भोजन की जानकारी देने के साथ ही उन्हें रचनात्मकता, टीम वर्क और व्यावहारिक कौशल के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा पांडेय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा फायरलेस कुकिंग जैसी गतिविधियां न केवल बच्चों के लिए सीखने को रोचक बनाती हैं, बल्कि उनमें जीवन के उपयोगी कौशल भी विकसित करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विजय नारायण पांडेय प्रबंधक मधु पांडेय, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रामजी लाल सुमन पर हमले को लेकर सपा का प्रदर्शन एवं ज्ञापन आज

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के सांसद राज्य सभा श्री रामजी लाल सुमन पर करणी सेना द्वारा लगातार जान से मरने की धमकी देते हुए जानलेवा हमला करने के बाद भी प्रदेश सरकार द्वारा उनकी जानमाल की विशेष सुरक्षा का बंदोबस्त नहीं किये जाने तथा हमलावारों पर किसी ठोस कानूनी कर जेल में बंद कर ऐसे संगठन पर पाबन्दी नहीं लगाने को लेकर आगामी एक मई को सुबह 11 बजे से सपा जिला कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेगी।

# चिल्ड्रेन कॉलेज आईसीएसई कक्षा 10 व कक्षा 12 के परीक्षाफल धोषित

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** चिल्ड्रेन कॉलेज आजमगढ़ के आई.सी.एस.ई. (कक्षा 10) एवं आई.एस.सी. (कक्षा 12) 2025 का परीक्षाफल शत-प्रतिशत ज्ञात हो कि चिल्ड्रेन कॉलेज के कक्षा 10 तथा कक्षा 12 का परीक्षाफल विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। आई.एस.सी. (कक्षा 12) में समृद्धि वर्मा ने सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दृष्टि सिंह ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शुभ कुमार सिंह एवं अभय गुप्ता दोनों ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किये। आई.एस.सी. कक्षा 12 की परीक्षा में 86 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 17 छात्रों ने 98.25 से 90.25 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये। 23 छात्रों ने 89.00 से 80.25 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये तथा 28 छात्रों ने 79.75 से 70.00 प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त किये है। शेष सभी छात्रों ने 69.00 से 62.00 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये।कक्षा 12 की परीक्षा में अधिकतम अंक अंग्रेजी 98, हिन्दी 99, कम्प्यूटर साइंस 98, फिजिक्स 100, बायोलोजी 98, कैमिस्ट्री 94, मैथ 93, कामर्स 98, इकोनोमिक्स 99 तथा एकाउण्ट 92 अंक प्राप्त किये है। आई.सी.एस.ई. (कक्षा 10) अविरल सरोज ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेयांश यादव ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, गरिमा यादव, चन्द्र शेखर सिंह एवं प्रवीन यादव तीनों ने 97.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किये हैं। ज्ञात हो कि कक्षा 10 की परीक्षा में 151 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 32 छात्र छात्राओं ने 97.40 से 90.20 प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त किये। 46 छात्रों ने 89.80 से 80.00 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये है। 40 छात्रों ने 79.80 से लेकर 70.00 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये। 24 छात्रों ने 69.80 से 60.00 प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त किये है। शेष 9 छात्र उच्च द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 की परीक्षा में अधिकतम अंक अंग्रेजी साहित्य में 100, अंग्रेजी भाषा में 94, हिन्दी में 100, भौतिक विज्ञान में 98, रसायन विज्ञान में 100, जीव विज्ञान में 100, गणित में 99, कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 99, कामर्शियल एप्लीकेशन में 99, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र 100 तथा भूगोल 97 हैं।

# शहीद बीएसएफ जवान सम्मान के साथ हुए सुपर्दे खाक

- **बांग्लादेश बॉर्डर पर हुए थे शहीद, सपा प्रदेश अध्यक्ष ने जनाजे को दिया कंधा**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ जवान गुलाम मोहम्मद का पार्थिव शरीर बुधवार सुबह प्रयागराज के हंडिया में पैतृक गांव बरौत पहुंचा। पार्थिव शरीर के पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सैकड़ों ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए एकत्र हुए। शहीद गुलाम मोहम्मद के जनाजे में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने शामिल होकर कन्धा दिया। पूरे सम्मान के साथ उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। बीएसएफ अधिकारियों की निगरानी में पार्थिव शरीर को गांव लाया गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लोगों ने भारत माता की जय और शहीद गुलाम मोहम्मद अमर रहें के नारे लगाए। ग्रामीणों ने सरकार से शहीद के परिवार को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंच रहे हैं। 45 वर्षीय गुलाम मोहम्मद पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। सोमवार को ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। वे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके पीछे बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी और तीन बच्चे हैं।

### शहीद को सपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया कन्धा

जनपद के बरौत निवासी बी एस एफ के जवान शहीद गुलाम मोहम्मद के जनाजे में आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने शामिल होकर कन्धा दिया। प्रयागराज जिले के बरौत निवासी बी एस एफ के जवान गुलाम मोहमद भारत बांग्लादेश बार्डर पर तैनाती के दौरान शहीद हो गए थे जिन्हें आज उनके पैतृक गाँव बरौत में पूरे सम्मान के साथ सुपुर्दे खाक किया गया। शहीद गुलाम मोहम्मद के जनाजे में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के साथ हंडिया विधायक हाकिम लाल बिन्द, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, डॉ सुरेश मौर्य, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, नाटे चौधरी, अरविन्द वर्मा, दिलशाद खां, सुरेश यादव, संजय मौर्य, सुमित विश्वकर्मा, बृज लाल यादव, अतर सिंह, रवि यादव, असगर अली अंसारी, अकमल इमाम,पवन यादव, विजय यादव सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता, समाजसेवी एवं भारी संख्या में क्षेत्र की जनता मौजूद रही।

# परम तेजस्वी, ओजस्वी, पराक्रमी और शौर्यवान थे भगवान परशुराम

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** अक्षय तृतीया के मौके पर परशुराम सेना द्वारा चन्द्रमा ऋषि के आश्रम पर स्थित भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सर्वप्रथम परशुराम सेना के लोगों ने आश्रम पर स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन अर्चन कर जयंती को धूमधाम से मनाया। प्रदेश अध्यक्ष संजय दूबे ने कहाकि भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर हुआ था। मान्यता है कि भगवान परशुराम की जन्म स्थली वर्तमान में मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के मानपुर ग्राम में जानापाव नामक पर्वत पर है। परशुराम ब्राह्मण वंश के जनक और सप्तऋषियों में से एक हैं, इन्हें भगवान विष्णु का आवेशावतार कहा जाता है। उन्होंने यह भी कहाकि भगवान परशुराम का जन्म छह उच्च ग्रहों के संयोग में हुआ था जिस कारण वे परम तेजस्वी, ओजस्वी, पराक्रमी और शौर्यवान थे। कठिन तपस्या के बाद सर्वशक्तिमान शिव ने परशुराम को मृत्युलोक के कल्याण के लिए परशु अस्त्र प्रदान किया था इसलिए वह बाद में वे परशुराम कहलाए। भगवान परशुराम के जीवन से हमें अन्याय का विरोध करने की प्रेरणा मिलती है। परशुराम सेना के प्रदेश महासचिव सुधीर राय ने भगवान परशुराम को शस्त्र और शास्त्र का पुरोधा बताते हुए कहाकि भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जी ने त्रेतायुग में अत्याचारी सम्राट सहस्त्रार्जुन और अनेक विधर्मी राजाओं का नाश करके जनता में व्याप्त भय व असुरक्षा के माहौल को समाप्त कर धर्म की स्थापना की।

# भारतीय प्रदर्शन कलाओं की ऑनलाइन कक्षाएं होंगी शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



- **सांस्कृतिक संबंधों के विकास के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने आईसीसीआर से मिलाया हाथ**
- **त्रिपक्षीय समझौते में रूट्स 2 रूट्स भी शामिल**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नई दिल्ली और रूट्स 2 रूट्स ने ऑनलाइन भारतीय प्रदर्शन कलाओं की कक्षाएं शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है। आईसीसीआर, रूट्स 2 रूट्स और यूपीआरटीओयू ने बुधवार को आईसीसीआर मुख्यालय, आज़ाद भवन, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की उपस्थिति में इस समझौते पर आईसीसीआर की कार्यक्रम निदेशक अर्चना शर्मा; रूट्स 2 रूट्स के संस्थापक राकेश गुप्ता और यूपीआरटीओयू के रजिस्ट्रार, कर्नल विनय कुमार द्वारा हस्ताक्षर किए गए। मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्य काम ने बताया कि इस ऐतिहासिक सहयोग का उद्देश्य भारत की महान संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय छात्रों और दुनिया भर के भारतीय प्रवासियों के लिए भारतीय प्रदर्शन अथवा निष्पादन कलाओं की लाइव, इंटरएक्टिव ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह समझौता भारत के नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से वैश्विक सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रस्तावित कला विधाएँ कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, तबला, हारमोनियम, हिंदुस्तानी वोकल, कठपुतली निर्माण, रंगोली, मधुबनी कला, मेंहदी और बॉलीवुड (लोकप्रिय) नृत्य आदि हैं। आईसीसीआर (भारत सरकार के विदेश मंत्रालय का स्वायत्त निकाय) के सहयोग से विगत वर्षों में रूट्स 2 रूट्स (एनजीओ) ने कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, कठपुतली निर्माण, रंगोली, और मधुबनी कला में प्रायोगिक कक्षाएं संचालित कीं। इन कक्षाओं के लिए दुनिया भर में मिले उत्साह और प्रतिक्रिया ने इस पहल को दिशा दी है। इस अवसर पर आईसीसीआर की कार्यक्रम निदेशक अर्चना शर्मा ने कहा कि यह पहल भारत की अनोखी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है और यह दुनिया के साथ साझा करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यूपीआरटीओयू के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में विश्वविद्यालय की भूमिका पर प्रसन्नता व्यक्त की। रूट्स 2 रूट्स के संस्थापक राकेश गुप्ता ने आईसीसीआर और यूपीआरटीओयू को इस उल्लेखनीय पहल में उनके अमूल्य समर्थन और योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

# सशक्तिकरण की दिशा में एक कदमः प्रयागराज में एक्सिस बैंक की आत्मरक्षा कार्यशाला, छात्राओं को मिला प्रशिक्षण

**प्रयागराज।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने प्रयागराज के प्रतिष्ठित विद्यालय जगत तरण गोल्डन जुबली स्कूल में महिला आत्मरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। यह पहल यूपी पुलिस महिला सम्मान प्रकोष्ठ (1090) के सहयोग से शुरू की गई, जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा की मूलभूत तकनीकों से लैस करना था, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़े और वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक हो सकें।

यह कार्यशाला एशिया के सबसे युवा ग्रैंड मास्टर टाइटल प्राप्त मार्शल आर्ट विशेषज्ञ श्री गौरव चौहान द्वारा संचालित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुष्मिता कानुंगो, एक्सिस बैंक जॉर्ज टाउन शाखा के प्रमुख श्री राम खन्ना एवं अन्य वरिष्ठ बैंक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में लगभग 350 छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीकें सिखाई गईं और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें संभावित खतरों की पहचान करना, प्रभावी प्रतिक्रिया देना तथा 1090 हेल्पलाइन जैसे सुरक्षा संसाधनों का उपयोग करना भी सिखाया गया। कार्यशाला में इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था, जिससे छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा और सशक्तिकरण




पर सार्थक चर्चा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर श्री श्रीकेश पी., क्षेत्रीय शाखा बैंकिंग प्रमुख - उत्तर 3, एक्सिस बैंक ने कहा, एक्सिस बैंक में हम मानते हैं कि महिलाओं को उनकी सुरक्षा और कल्याण की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है।

## जवां और चमकदार त्वचा के लिये खाईये ये 5 एंटी-एजिंग सुपरफूड्स

त्वचा की इन समस्याओं से निपटना कई बार थोड़ा मुश्किल लग सकता है, लेकिन इसका समाधान हमारी अंदरूनी सेहत को बेहतर बनाने से ही शुरू होता है। त्वचा विशेषज्ञ और कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका मित्तल का मानना है कि हमारी त्वचा का स्वास्थ्य पूरी तरह से हमारे खानपान पर निर्भर करता है। त्वचा पर झुर्रियां और महीन रेखाएं रोकने के लिए वे रोज़मर्रा के भोजन में बादाम, दही और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह देती हैं। आइए जानते हैं वे कौन से फूड्स हैं जिन्हें अपनाकर आप भी अपनी त्वचा को लंबे समय तक जवां और खूबसूरत बनाए रख सकते हैं।ये हैं एक्सपर्ट द्वारा सुझाए गये पांच सुपरफूड्स बादाम, सैल्मन, शकरकंद, खट्टे फल और दही।

**बादाम-** बादाम को रोज़ाना के आहार में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद हेल्दी फैट्स और विटामिन ई त्वचा के टोन और टेक्सचर को बनाए रखने में बेहद मददगार होते हैं। नियमित रूप से भुने हुए बादाम स्नैक के रूप में खाने से त्वचा में झुर्रियों की संभावना कम होती है और यह सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव करता है। पोषक तत्वों से भरपूर आहार में बादाम को शामिल करना त्वचा को स्वस्थ और दमकता बनाए रखने का एक आसान और प्रभावी तरीका है।सैल्मन ~ सैल्मन मछली भी त्वचा की सेहत के लिए बेहतरीन मानी जाती है।शकरकंद ~ शकरकंद में विटामिन ई और सी जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भरपूर होते हैं, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं और समय से पहले उम्र के असर को रोकने में मदद करते हैं।

# अक्षय तृतीया पर सोने की चमक के साथ, गोल्ड ईटीएफ हैं आपका स्मार्ट निवेश विकल्प

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया यानी परंपरा के अनुसार सोने की खरीदारी के लिए बहुत ही शुभ माना जाने वाला पर्व करीब आ रहा है। पीली धातु की तेज़ी में भाग लेने के लिए निवेशकों के लिए गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) एक आकर्षक तरीका हो सकता है। इस महीने की शुरूआत में, वैश्विक सोने की कीमतें 3,245 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गईं, क्योंकि मुद्रास्फीति की चिंताओं, कमजोर डॉलर और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने इस सुरक्षित परिसंपत्ति में निवेश करना उचित समझा।

गोल्ड ईटीएफ कीमती कमोडिटी में निवेश बढ़ाने के लिए एक कुशल और पारदर्शी निवेश मार्ग के रूप में उभरे हैं। ये पैसिवली मैनेज किए जाने वाले फंड घरेलू सोने की कीमतों को ट्रैक करते हैं और बेहतर लिक्विडिटी और प्राइसिंग स्पष्टता प्रदान करते हैं।

हाल के महीनों में गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की रूचि बढ़ी है, जो उनके एयूएम में वृद्धि में दिखाई देती है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में गोल्ड ईटीएफ का औसत एयूएम रु. 31 मार्च, 2025 तक 57,101 करोड़ रुपये हो जाएगा, यानी साल-दर-साल 90त्न की मज़बूत वृद्धि, जो दर्शाती है कि निवेशक बाज़ार की अनिश्चितता के बीच सोने को रणनीतिक बचाव के रूप में देख रहे हैं।

टाटा एसेट मैनेजमेंट का गोल्ड ईटीएफ, दूसरे प्रचलित गोल्ड ईटीएफ में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक है, इसने पिछले साल 31.3त्न वार्षिक रिटर्न दिया है, और इसका एयूएम 31 मार्च, 2025 तक कई गुना बढ़कर 3,087 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 192 करोड़ रुपये था (स्रोत आंतरिक डेटा)। यह फंड निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने और मुद्रास्फीति और मुद्रा जोखिमों के खिलाफ बचाव करने का एक सुविधाजनक तरीका देता है।

टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी श्री आनंद वरदराजन ने कहा, गोल्ड ईटीएफ निवेशकों को लागत प्रभावी और सुविधाजनक तरीके से सोने की दीर्घकालिक क्षमता का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है।

## सीओपी11 की चर्चा से विदेशी दखलंदाजी पर उठे सवाल

**लखनऊ।** भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन के तंबाकू नियंत्रण फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) सीओपी11 की तैयारी कर रहा है, स्वास्थ्य नीति निर्धारण में विदेशी प्रभाव को लेकर चिंताएं प्रमुखता प्राप्त कर रही हैं। एफ.सी.टी.सी. प्रक्रिया को लेकर आशंकाएं बढ़ती जा रही हैं, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि इसे विज्ञान द्वारा नहीं, बल्कि कुछ शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा आकार दिया जा रहा है, जिन्हें प्रायः निजी परोपकारी निधियों से समर्थन प्राप्त होता है। यद्यपि भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक ढांचे को स्थानीय बनाने के अपने अधिकार पर लगातार जोर दिया है, लेकिन तम्बाकू विनियमन के मामले में यह मुद्दा विशेष रूप से गंभीर हो जाता है। भारत विश्व में तम्बाकू की सबसे गंभीर समस्या से जूझ रहा है, जहां 300 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता हैं तथा तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण प्रतिवर्ष 1.35 मिलियन से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता स्पष्ट है - लेकिन साथ ही ऐसे विनियमन की भी आवश्यकता है जो भारतीय उपभोग पैटर्न, सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को प्रतिबिंबित करे।इंटीग्रेटेड हार्म रिडक्शन से जुड़े रेज़िडेंट सीनियर फेलो जेफ्री स्मिथ ने हाल ही में एक शोधपत्र में लिखा, ÷यह एक कड़वी सच्चाई है कि मौजूदा तंबाकू नीतियां लोगों को तंबाकू छोड़ने के लक्ष्य को पूरा करने में विफल रही हैं। अगर तंबाकू उपयोगकर्ताओं को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने वाली नीतियां नहीं बनाई गईं, तो भारत में तंबाकू से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना बेहद मुश्किल होगा।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कौशल उत्सव 2025 का समापन किया

**बैंगलोर।** भारत के कुशल कार्यबल के भविष्य को आकार देने के लिए अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने बहुप्रतीक्षित कौशल उत्सव 2025 का आयोजन किया। बिदादी इकाई में आयोजित इस उत्सव में व्यावसायिक उत्कृष्टता, नवाचार और युवा सशक्तिकरण की भावना का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम भारत के भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा पूल को पोषित करने के उद्देश्य से महीनों तक चले गहन कौशल विकास कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का समापन था।

समारोह में कर्नाटक सरकार के औद्योगिक प्रशिक्षण एवं रोजगार विभाग (डीआईटीई) की आयुक्त डॉ. रागप्रिया आर (आईएएस) और टीकेएम के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत टीकेएम की कौशल विकास यात्रा के प्रदर्शन से हुई। इसमें प्रमुख उपलब्धियों या मील के पत्थर और भविष्य के लिए प्रतिभा को आकार देने के लिए नए जमाने की तकनीक को अपनाने पर प्रकाश डाला गया। एक समर्पित कौशल प्रदर्शनी और वीडियो वॉक-थ्रू ने टीकेएम की प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के तहत पोषित प्रतिभा की गहराई और विविधता की झलकियाँ पेश कीं।

कर्नाटक भर के साझेदार आईटीआई के छात्रों ने भी मेक्ट्रोनिक्स, ऑटो बॉडी रिपेयर और प्रोटोटाइप मॉडलिंग जैसे विषयों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके जरिये जमीनी स्तर से प्रतिभा को पोषित करने में टीकेएम के गहन निवेश पर जोर दिया गया।

## रिन्यूबाय ने आरबी व्हील्ज़ के साथ ऑटो लोन सेगमेंट में कदम रखने की घोषणा की



**नई दिल्ली।** देश की जानीमानी इंश्योरटैक् कंपनी रिन्यूबाय ने आरबी व्हील्ज़ के साथ ऑटो लोन सेगमेंट में कदम रखने की आधिकारिक घोषणा की है। आरबी व्हील्ज़ रिन्यूबाय के ऑटो लोन ऑफरिंग के लिए एक समर्पित ब्रांड के रूप में काम करेगा। कंपनी ने अपने अत्याधुनिक डिजिटल बीमा प्लैटफॉर्म को अपग्रेड किया है- एक इंटीग्रेटिड यूनिफाइड ईकोसिस्टम का निर्माण किया है, जहां उपभोक्ता एक स्थान पर नए वाहन की फाइनेंसिंग, बैलेंस ट्रांसफर, टॉप-अप लोन और बीमा समाधान सभी कुछ सहजता से प्राप्त कर सकते हैं।10 साल से ज्यादा पुरानी डीजल कारों और 15 साल से ज्यादा पुरानी पेट्रोल कारों को अनिवार्य रूप से स्क्रैप करने और वाहन स्वामित्व के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती प्राथमिकताओं के साथ ऑटो लोन बाज़ार 15-16 प्रतिशत की कम्पाउंड ऐनुअल ग्रोथ रेट-सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) से बढ़ रहा है। आरबी व्हील्ज़ के साथ, रिन्यूबाय का लक्ष्य फाइनेंसिंग से लेकर बीमा तक, संपूर्ण वाहन स्वामित्व प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित करके इस बढ़ते बाज़ार का लाभ उठाना है, जिससे ग्राहकों को तेज़, अधिक कुशल और डिजिटल अनुभव मिल सके।रिन्यूबाय ने वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में करीब 100 करोड़ रुपये का ऑटो लोन वितरित किया है। कंपनी की योजना करीब 10 हजार उपभोक्ताओं को जोड़ने और वित्त वर्ष 2025-26 में लोन वितरण को बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये करने की है। पहले चरण में लोन की पेशकश चार पहिया वाहनों और फ्लीट वाहनों के लिए की जा रही है। इस अवसर पर रिन्यूबाय के सह-संस्थापक इंद्रनील चटर्जी ने कहा, ''बीमा क्षेत्र में लगभग एक दशक से उपभोक्ताओं की सेवा करने के बाद, अब हम वित्तीय सेवा ईकोसिस्टम में अपना विस्तार कर रहे हैं।

# सैमसंग ने गैलेक्सी A सीरीज़ पर साइड बटन के साथ AI असिस्टेंट तक डायरेक्ट एक्सेस की सुविधा दी

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने घोषणा की है कि अब उसकी चुनिंदा गैलेक्सी A सीरीज़ के स्मार्टफोनों में गूगल के एआई असिस्टेंट Gemini तक साइड बटन के ज़रिए सीधी पहुंच मिल सकेगी। यह फीचर पहले गैलेक्सी S सीरीज़ के लिए उपलब्ध था, जिसे अब और ज्यादा उपयोगकर्ताओं के लिए लाया जा रहा है। हाल ही में लॉन्च हुए गैलेक्सी A56 5G, गैलेक्सी A36 5G और गैलेक्सी A26 5G में सैमसंग ने ऑसम इंटेलिजेंस की शुरुआत की थी, जिसके ज़रिए उपभोक्ताओं को कुछ खास एआई आधारित सुविधाएं दी गई थीं। इस नए अपडेट के बाद, उपयोगकर्ता केवल साइड बटन को दबाकर और थामकर सीधे गूगल के एआई असिस्टेंट Gemini को सक्रिय कर सकेंगे। सैमसंग और गूगल का यह सहयोग मोबाइल में



एआई अनुभव को अधिक आसान, सहज और ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। सैमसंग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एआई की नई तकनीक सिर्फ प्रीमियम डिवाइसेज़ तक सीमित न रहे, बल्कि आम उपयोगकर्ता भी इसका फायदा उठा सकें।

## सीएमएफ बाय नथिंग ने लॉन्च किए सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स2, बड्स 2 प्लस, और बड्स 2ए



**नई दिल्ली।** लंदन आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्राण्ड सीएमएफ ने आज चार नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं- सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स 2, बड्स 2 प्लस, बड्स 2ए। नथिंग साल की शानदार शुरूआत को जारी रखे हुए है। काउंटरपॉइन्ट रीसर्च क्वार्टर 1 2025 इंडिया स्मार्टफोन शिपमेन्ट रिपोर्ट के अनुसार ब्राण्ड को इस तिमाही सबसे तेज़ी से विकसित होते स्मार्टफोन ब्राण्ड का दर्जा दिया गया है, जिसने 156 फीसदी सालाना की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। लगातार पांचवी तिमाही के लिए नथिंग ने सबसे तेज़ी से विकसित होते ब्राण्ड के रूप में अपनी स्थिति को बरक़रार रखा है। नथिंग पिछली तिमाही के दौरान भारतीय बाज़ार में इस उपलब्धि को हासिल करने वाला एकमात्र ब्राण्ड बन गया है। कई कीमतों में उपलब्ध सीएमएफ बड्स 2025 रेंज सभी के लिए सुलभ है। इस रेंज में रोज़मर्रा की ऑडियो ज़रूरतों से लेकर पर्सनलाइज़्ड साउण्ड तक, हर ज़रूरत और म्युज़िक प्रोफाइल के मुताबिक सीएमएफ बड्स उपलब्ध हैं। सीएमएफ फोन 2 प्रो व्हाईट, ब्लैक, ओरेंज और लाईट ग्रीन कलर में उपलब्ध होगा।

## सेनहाइज़र ने प्रीमियम ऑडियो गियर पर 58 प्रतिशत तक की छूट की घोषणा




**लखनऊ।** सेनहाइज़र, ऑडियो इनोवेशन में ग्लोबल पायोनियर ब्रांड इस सीज़न में अमेज़न की समर सेल 2025 के दौरान बेहतरीन डील्स के साथ ग्राहकों को अच्छी खासी बचत का मौका दे रही है 1 मई से शुरू होने वाले इस सेल में ग्राहक सेनहाइज़र के टॉप-रेटेड प्रोडक्ट्स, जैसे हेडफ़ोन्स, माइक्रोफ़ोन्स और कई अन्य एसेसरीज आदि पर 58प्रतिशत तक की अच्छी खासी छूट और बचत का आनंद ले सकते हैं। भारी छूट के अलावा, ग्राहक 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं और चुनिंदा बैंक कार्ड ऑफ़र के साथ एडीशनल बचत का आनंद भी ले सकते हैं। प्रोफ़ाइल स्ट्रीमिंग सेट (बूम आर्म के साथ) यूएसबी माइक्रोफ़ोन, ई-945 माइक्रोफ़ोन, एचडी-25 प्लस हेडफ़ोन, मोमेंटम 4 (कॉपर) हेडफ़ोन्स, एसेंटम प्लस हेडफ़ोन्स और मोमेंटम टू वायरलेस 4 जैसे उत्पादों के साथ शानदार साउंड की दुनिया का आनंद लें। साथ में बेहद किफायती कीमतों पर खरीद कर अच्छी खासी बचत भी करें। यहां देखें की क्या ऑफर किया जा रहा हैः सेनहाइज़र प्रोफ़ाइल स्ट्रीमिंग सेट (बूम आर्म के साथ) यूएसबी माइक्रोफ़ोन ~ पॉडकास्टर्स और स्ट्रीमर्स के लिए तैयार, प्रोफ़ाइल यूएसबी माइक्रोफ़ोन बेहतरीन ऑडियो क्वालिटी को आसान यूजेज के साथ जोड़ता है। गेन, मिक्स और वॉल्यूम कंट्रोल जैसे फीचर्स साथ, यह टेबल स्टैंड या बूम आर्म जैसे फ्लेक्सिबल माउंटिंग ऑप्शंस के साथ किसी भी सेटअप के लिए पूरी तरह से अनुकूल है। यूएसबी-सी द्वारा ऑपरेटेड, ये प्रोफेशनल-क्वालिटी वाली स्ट्रीमिंग के लिए आइडियल कम्पेनियन हैं। समर सेल प्राइसः 9,790 मोमेंटम 4 (कॉपर) हेडफ़ोन्स ~ अवॉर्ड विजेता मोमेंटम 4 के साथ बेमिसाल साउंड क्वालिटी का अनुभव करें। स्टाइलिश कॉपर फ़िनिश के साथ डिज़ाइन किए गए, इन हेडफ़ोन्स में अडैप्टिव नॉइज़ कैंसिलेशन, 60 घंटे तक की बैटरी लाइफ़ और एक इमर्सिव साउंडस्टेज है, जो उन्हें फोर्ब्स द्वारा मान्यता प्राप्त आपका आइडियल ट्रेवल पाटर्नर बनाता है। समर सेल प्राइसः 18,900 सेनहाइज़र एचडी 25 प्लस ऑन-ईयर मॉनिटरिंग हेडफ़ोन्स डीजे, कैमरामैन और ऑडियो प्रोफेशनल्स के लिए एक शानदार विकल्प, एचडी 25 प्लस बेहतरीन साउंड क्वालिटी, हाई नॉइज़ आइसोलेशन और बहुत ज़्यादा साउंड प्रेशर लेवल को संभालने की क्षमता प्रदान करता है।

## चांदी में आसान निवेश के लिए डीएसपी म्यूचुअल फंडव्दारा

**मुंबई।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने अपनी नई ओपन-एंडेड स्कीम, डीएसपी सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड का शुभारंभ करणे की घोषणा की है। यह फंड निवेशकों को म्यूचुअल फंड के माध्यम से बहुत लचीले और सुनियोजित तरीके से बहुमूल्य धातु चांदी में निवेश करने का आसान तरीका प्रदान कर रहा है। यह नई फंड ऑफ फंड प्रकार की योजना डीएसपी सिल्वर ईटीएफ की इकाइयों में निवेश करेगी और इस प्रकार से स्थानीय बाजार में भौतिक चांदी के प्रदर्शन के अनुरूप रिटर्न प्रदान करेगी। योजना का एनएफओ प्रारंभिक निवेश के लिए खुल गया है और 9 मई 2025 को बंद होगा। नए फंड के लॉन्च पर बोलते हुए, डीएसपी म्यूचुअल फंड के सीएफए और पैसिव इन्वेस्टमेंट एंड प्रोडक्ट्स के प्रमुख अनिल घेलानी ने कहा, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और अनिश्चितता के समय में चांदी और सोने जैसी कीमती धातुएं निवेशकों के लिए सुरक्षित पनाहगाह हैं। उन निवेशकों के लिए मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव के रूप में भी यह धातू काम करते हैं, जिन्हें डर है कि मौजूदा व्यापार युद्ध और व्यापार शुल्क तनाव मुद्रास्फीति में उछाल लाएंगे। लेकिन निवेश की मांग के साथ-साथ, चांदी की वार्षिक मांग का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा औद्योगिक इस्तेमाल से जुडा है। जैसे-जैसे दुनिया भर के कई देश स्वच्छ ऊर्जा और नई प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ रहे हैं, भविष्य में ईवी वाहनों, सौर पैनलों और 5जी नेटवर्क में चांदी का औद्योगिक उपयोग बढ़ता रहेगा। यदि हम वर्तमान सोना/चांदी अनुपात की जांच करें और इसकी तुलना दीर्घकालिक आंकड़ों से करें तो यह स्पष्ट है कि, चांदी की कीमतें अपेक्षाकृत कम हैं और भविष्य में चांदी का प्रदर्शन और भी बेहतर होने की संभावना है। हालांकि, निवेशकों को रिटर्न में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव की संभावना पर भी विचार करना होगा।

डीएसपी सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड्स के फंड मैनेजर दीपेश शाह ने कहा, डीएसपी सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड के शुभारंभ के साथ, हम निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड के माध्यम से चांदी जैसी परिसंपत्तियों तक पहुंच को और भी आसान बना रहे हैं।

# अमेज़न इंडिया ने गुरुग्राम में 'आश्रय' रेस्ट सेंटर नेटवर्क का किया विस्तारः मेयर ने किया नए सेंटर का उद्घाटन

**गुरुग्राम।** अमेज़न इंडिया ने गुरुग्राम के सेक्टर 66 में एक नए 'आश्रय' सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुरुग्राम की मेयर राज रानी मल्होत्रा, अमेज़न इंडिया की नॉर्थ रीजन डायरेक्टर नितुमणि गोस्वामी, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस नए केंद्र के साथ, अब गुरुग्राम में कुल 6 आश्रय सेंटर सक्रिय रूप से डिलीवरी सहयोगियों को सेवा प्रदान कर रहे हैं।

उद्घाटन के अवसर पर, मेयर राज रानी मल्होत्रा ने कहा, मैं अमेज़न को डिलीवरी सहयोगियों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देने के लिए बधाई देती हूँ। गर्मी के इस मौसम में यह आश्रय सेंटर राहत और सुरक्षित कार्यस्थल का एक बेहतरीन उदाहरण हैं। यह हमारे शहर के लिए एक सराहनीय कदम है।

डॉ. करुणा शंकर पांडे, वाइस प्रेसिडेंट, अमेज़न लॉजिस्टिक्स, अमेज़न इंडिया ने कहा, अमेज़न में हम डिलीवरी सहयोगियों के अनुभव



को बेहतर बनाने के लिए अग्रणी बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'प्रोजेक्ट आश्रय' के तहत डिलीवरी सहयोगियों की भलाई में लगातार सुधार हुआ है। गुरुग्राम में यह नया सेंटर उसी दिशा में एक और मजबूत कदम है। हम मेयर महोदया के सहयोग के लिए आभारी हैं। अमेज़न इंडिया का लक्ष्य है कि 2025 तक देशभर में 100 आश्रय सेंटर शुरू किए जाएं। इस नए केंद्र के साथ, दिल्ली-गुरुग्राम क्षेत्र में अब कुल 11 आश्रय सेंटर काम कर रहे हैं, जो डिलीवरी सहयोगियों को आवश्यक सुविधाओं की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। आश्रय केंद्र विशेष विश्राम स्थल हैं, जो डिलीवरी सहयोगियों के लिए एयर कंडीशन्ड बैठने की सुविधा, साफ पीने का पानी, इलेक्ट्रोलाइट्स, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, वॉशरूम, फर्स्ट-एड किट और ताज़गी के साधन उपलब्ध कराते हैं। यह एक अनोखी पहल है, जिसका उद्देश्य है भीड़भाड़ वाले इलाकों में डिलीवरी सहयोगियों और लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स के लिए विशिष्ट विश्राम केंद्र उपलब्ध कराना। ये केंद्र पेट्रोल पंपों और कमर्शियल रेंटल स्पेस में बनाए गए हैं और सभी जरूरी सुविधाओं से सुसज्जित हैं। आश्रय केंद्र हर दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक खुले रहते हैं और डिलीवरी सहयोगी हर विजिट में 30 मिनट तक इन सुविधाओं का मुफ्त में लाभ उठा सकते हैं।

## बेंगलुरु और कोच्चि में जर्मन वीज़ा आवेदकों के लिए वीएफएस ग्लोबल की सीएसपी सेवा शुरू

लखनऊ दुनिया भर में सरकारों और राजनयिक मिशनों के लिए दुनिया की अग्रणी आउटसोर्सिंग और प्रौद्योगिकी सेवा विशेषज्ञ, वी एफ़ एस ग्लोबल ने भारत के बेंगलुरु और कोच्चि में जर्मनी के छात्र और व्यावसायिक प्रशिक्षण वीज़ा आवेदकों के लिए अपनी वैकल्पिक कांसुलर सेवा प्रक्रिया सहायता सेवा शुरू की है, ताकि कांसुलर सेवा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और सबमिशन के लिये आसानी से सहायता प्रदान की जा सके। बेंगलुरु और कोच्चि में जर्मनी के दीर्घकालिक लांग टर्म वीज़ा आवेदक अब अपने कांसुलर सेवा पोर्टल सबमिशन को ठीक तरह और आसानी से पूरा करने के लिए विशेष मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं

**इस खास सेवा के मुख्य बिंदु निम्न हैं**

वैकल्पिक सेवा केवल बेंगलुरु और कोच्चि में छात्र और व्यावसायिक प्रशिक्षण वीज़ा आवेदकों के लिए उपलब्ध है।

वी एफ़ एस ग्लोबल वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर के समर्पित कर्मचारियों से चरण-दर-चरण ( मरहले वार) मार्गदर्शन, जिसमें ष्टस्क्क( सी एस पी) पर VIDEX फ़ॉर्म को गलती के बिना पूरा करना और सी एस पी पर आवश्यक दस्तावेज़ों को स्कैन करके अपलोड करना शामिल है।

सी एस पी)पर संपूर्ण पंजीकरण और दस्तावेज़ अपलोड प्रक्रिया केंद्र पर एक ही बार में पूरी हो जाती है, जिससे बार बार प्रयास करने की ज़रूरत नहीं पड़ती, आवेदकों से अधिक शुल्क लेने वाली अनधिकृत तृतीय-पक्ष एजेंसियों पर निर्भरता समाप्त हो जाती है जर्मन और अंग्रेज़ी भाषाएं न जान ने वाले आवेदकों की मदद के लिए ये सेवाएँ कई भाषाओं में उपलब्ध हैं आवेदक की जानकारी को सुरक्षित करने के लिए डेटा सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये गए हैं।

# एल.पी.एस. के बच्चों ने बढ़ाया मान

**लखनऊ।** आई. सी. एस. ई. (कक्षा 10) व आई. एस. सी. (कक्षा 12) के वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम जारी किये गए, जिसमें आई. सी. एस. ई. के 227 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक तथा आई. एस. सी. के 151 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये आई. एस. सी. में एल.पी.सी. ए-ब्लाक शाखा के अथर्व रस्तोगी 98.75%, अभिनव तिवारी 98.5%, शीजान तारिक 98.5%, खुशी सिंह 97.5% तथा सहारा स्टेट्स शाखा के मो. साकिब 97.75%, अविशी श्रीवास्तव 97.50%, तथा अर्याही सिंह ने 97.25% अंक प्राप्त किये आई. सी. एस. ई. में सहारा स्टेट्स की पूर्वी पाण्डेय 98.2%, कनिक कटियार 98%, वंशिका श्रीवास्तव 97.8% तथा ए-ब्लॉक शाखा की रिद्धिमा शुक्ला 98%, कार्तिकेय तिवारी 97.4% तथा संगम पटेल ने 97.2त्न अंक अर्जित किये

बानी चावला के जज़्बे को सलाम - दृष्टिबाधित होते हुए भी ICSE 2025 में 95.4% अंक हासिल किए हौसले अगर बुलंद हों तो कोई भी



SHEEZAN TARIQ
98.50% - ISC
S/O Mr. TARIQ JAMAL
Mob. 9598927401



SANGAM PATEL
97.20% - ICSE
D/o Mr. FANENDRA PAL SINGH
LPC, A-BLOCK RJPM

बाधा रास्ता नहीं रोक सकती - इस कथन को सच कर दिखाया है लखनऊ पब्लिक कॉलेज सहारा स्टेट्स शाखा की दृष्टिबाधित छात्रा बानी चावला ने। बानी ने ICSE 2025 बोर्ड परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

बानी जन्म से नेत्रहीन हैं, लेकिन उन्होंने कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और माता-पिता व शिक्षकों के सहयोग से उन्होंने ये असाधारण उपलब्धि प्राप्त की। उनकी लगन और संघर्ष की यह कहानी उन लाखों छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो किसी न किसी रूप में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

विद्यालय प्रशासन और शहर के कई प्रतिष्ठित लोगों ने बानी चावला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बानी जैसी छात्राएं समाज को यह सिखाती हैं कि सच्ची ताकत आँखों में नहीं, आत्मा और संकल्प में होती है, एक शिक्षक ने कहा।

बानी की यह उपलब्धि दिखाती है कि अगर जज्बा हो तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं होती।

इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के चेयरमैन सांसद डॉ. एस.पी. सिंह ने सभी प्रतिभाशाली छात्रों को बधाई दी और कहा कि, ÷इन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है। यह न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है।÷डॉ. सिंह ने प्रधानाचार्यों,शिक्षकों और अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में उनके मार्गदर्शन और सहयोग की अहम भूमिका रही है।

## मैग्नम ओपस प्ले हमारे राम के नाट्य मंचन की प्रस्तुति आगरा में की जाएगी

भारत की अग्रणी थिएटर कंपनी, फेलिसिटी थिएटर द्वारा इस महाकाव्यात्मक हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति सगर्व आपके समक्ष प्रस्तुत की जा रही है। गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया। बॉलीवुड के प्रमुख दिग्गज आशुतोष राणा ने रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई है, भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर भूचर, भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरूण खन्ना भगवान शिव की भूमिका में, हरलीन कौर रेखी ने माता सीता की, और करण शर्मा सूर्यदेव की भूमिका में दिखाई देंगे। इस समूह में थिएटर की दुनिया के अन्य अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं। अब आगरा में होगा बॉलीवुड और रंगमंच की दुनिया के प्रसिद्ध सितारों की इस शानदार कृति का प्रीमियर! इस नाट्य नाटक हमारे राम का प्रीमियर



3 और 4 मई को सुरसदन में किया जाएगा।

पार्श्व गायक कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम ने विशेष रूप से ''हमारे राम'' के लिए बनाई गई मूल रचनाओं में अपनी आवाज दी है,जो श्रवण अनुभव को बढ़ाता है। यह शानदार नाटकीय अनुभव असाधारण प्रदर्शन, शक्तिशाली संवाद, आत्मा-उत्तेजक संगीत, जीवंत कोरियोग्राफी, उत्कृष्ट वेशभूषा और अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था और विशेष प्रभाव प्रदान करता है।

''हमारे राम'' की विशिष्ट विशेषताएं पहले से न कही गई रामायण कहानियों की अंतर्दृष्टि में निहित हैं।

### कुशीनगर में 450वें पासपोर्ट केंद्र का उद्घाटन, बोले केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री

# पहले दलालों के जेब में पैसा डालने से मिलता था: कीर्ति

**शकील अहमद**

**कुशीनगर।** केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि कुशीनगर में पासपोर्ट सेवा का शुभारंभ होने से यहां के लोगों को पासपोर्ट बनवाने में आसानी होगी। इतना ही नहीं इस केंद्र से विदेशों में रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले दलालों के जेब में पैसा डालने से पासपोर्ट मिलता था लेकिन अब भाजपा सरकार में सब कुछ आसानी से मिल रहा है। वे बुधवार को रविंद्र नगर धुस स्थित पासपोर्ट केंद्र का उद्घाटन करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल के अंत्योदय की विचारधारा पर कार्य भाजपा कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत को इतनी मजबूती से खड़ा किया है कि, अन्य देशों में हमारा मान-सम्मान बढ़ा है। इसमें दुनिया में कार्य करने वाले भारतीयों का भी बड़ा योगदान है। कहा कि अपने कार्य व्यवहार से पूरे विश्व में अलग परचम पहचान बनाए हैं। आज



कुशीनगर में पासपोर्ट केंद्र उद्घाटन करने के बाद संबोधित करते केंद्रीय विदेश मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

दुनिया का दरवाजा खुला है तो उसका लाभ उठाने के लिए हमें बाहर भी अपना वर्चस्व बनाना होगा। शिक्षा व नई तकनीक से और मजबूत होना होगा। इस पर सरकार पूरे मनोयोग से कार्य कर रही है। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डा. चंद्र शेखर ने कहा कि, आज हम जो विकास का नया दौर देख रहे हैं, यह केवल तकनीक नहीं सोच का बदलाव है यह। आज डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र के शुरू होने से देश दुनिया से और मजबूती से जुड़ेगा कुशीनगर। संयुक्त संसदीय कमेटी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने कहा कि, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर से उड़ान सेवा शुरु करने को लेकर पहल करूंगा। पर्यटन विकास के लिए यह जरूरी है। राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की सोच की ही देन है कुशीनगर में खुला यह डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र। प्रधान डाक घर के भवन के लिए साढ़े सात करोड़ रुपए भी अवमुक्त हो गए हैं। सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे, सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। **केवल पासपोर्ट ही नहीं विदेशों में रोजगार भी देगा केंद्र**- उन्होंने कहा कि हवाई सेवा के

- **पासपोर्ट सेवा केंद्र से देश दुनिया से और मजबूती से जुड़ेगा कुशीनगर : डॉ चंद्र शेखर**
- **पर्यटन विकास के लिए कुशीनगर से हवाई सेवा शुरू करने का होगा प्रयास : जगदंबिका**

लिए मैं अपने स्तर से पूरा प्रयास करूंगा। आज से शुरू डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र की बात करें तो यह कार्यालय केवल पासपोर्ट ही नहीं देगा, यहां के लोगों को विदेश में आसानी से रोजगार भी देगा।

पासपोर्ट बनवाने को लेकर आम आदमी की दिक्कत दूर करेगा यह केंद्र। सबकुछ आनलाइन है, सीधे आवेदन किया जा सकता है। अंत में कहा कि, मोदी सरकार में बिना भेदभाव के विकास योजनाएं और सुविधाएं आम आदमी के दरवाजे तक पहुंच रही हैं। तकनीक का लाभ उठाकर आमजन को राहत देने का कार्य सरकार कर रही है।

## राहुल के अमेठी पहुंचने के पहले विरोधियों ने चलाया पोस्टर वॉर

**अमेठी।** राहुल गांधी के अमेठी पहुंचने के पहले से कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन के लिए अज्ञात लोगों ने पोस्टर वॉर चलाया। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाने वाले लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस हवा में तीर मारती देखी गई। पुलिस की सारी नाकेबंदी को फेल करते हुए भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला भी फूंक दिया। कांग्रेस के बड़े नेताओं की ओर से देश विरोधी कथित बयानबाजी और राहुल गांधी की चुप्पी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बुधवार को प्रदर्शन किया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। राहुल गांधी के संजय गांधी अतिथि गृह मुंशीगंज आगमन पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष विषुव मिश्र के साथ युवा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं के बयान के विरोध में असंतोष को सार्वजनिक करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका। विषुव मिश्र ने कहा कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और महाराष्ट्र के विधायक विजय नामदेव राय आदि लोगों के बयान से दुनिया में भारत की छवि धूमिल हो रही है।

# अमेठी की धरती से दिया विरोधियों को जबाब, देश रक्षा में हम पीछे नहीं: राहुल

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी/मुंशीगंज।** लोक सभा चुनाव के बाद राहुल गांधी का अमेठी का दौरा ऐसे समय हुआ है जब देश में आतंकी संगठनों और पाकिस्तान के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश है। देश की जनता आतंकवादी संगठनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए केंद्र सरकार और सेना की कार्रवाई का इंतजार कर रही है।भाजपाई राहुल गांधी को आतंक का साथी साबित करने के पूरे देश में पोस्टर वार चलाए हुए हैं।

विरोध की चिंता किए बगैर राहुल गांधी बुधवार को अमेठी के सांसद के एल शर्मा को साथ लेकर अमेठी पहुंचे। पहले उन्होंने आर्डिनेंस फैक्ट्री का निरीक्षण किया।इस आर्डिनेंस फैक्ट्री का शिलान्यास उन्होंने 2 दिसम्बर 2007 को किया था। उस समय राहुल गांधी सांसद थे। केन्द्र में यू पी ए की सरकार थी। तत्कालीन रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत



सिंह के साथ उन्होंने आयुध निर्माणी इकाई कोरवा का शिलान्यास किया था। फैक्ट्री की ओर से उत्पादन शुरू हो गया है।

यहां तैयार ए के -203राइफलें भारतीय सेना को मिल चुकी हैं। 7.62 एम एम असाल्ट राइफलों की पहली खेप 2019-20में ही सेना को भेजी जा चुकी है। आर्डिनेंस फैक्ट्री में राहुल गांधी के विजिट कार्यक्रम के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। राहुल के दौरे के बाद आर्डिनेंस फैक्ट्री और राइफलें एक बार फिर सुर्खियों में है। लोगों का कहना है कि राहुल गांधी केंद्र सरकार और भाजपा के नेताओं को जबाब देने के लिए यहां आए थे। एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने कहा कि राहुल गांधी को पाकिस्तान का सहयोगी बताकर भारतीय जनता पार्टी गलत छवि बनाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी देश रक्षा में आगे रहे हैं।

गांधी परिवार ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए बड़ी कुर्बानियां दीं हैं। अपने सांसद काल में उन्होंने अमेठी को एक ऐसी आर्डिनेंस फैक्ट्री दी है,जिसकी ए के -203राइफलें सीमा पर दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए पर्याप्त हैं।

# राहुल गांधी ने की आर्डिनेंस फैक्ट्री की विजिट

- **संजय गांधी अस्पताल में किया ओपेन हार्ट सर्जरी आपरेशन थियेटर का उद्घाटन**

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** दो दिवसीय दौरे पर आए राहुल गांधी बुधवार को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इसके बाद संजय गांधी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया। राहुल के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की ओर बढ़ रहे थे, उन्हें पुलिस ने रोक लिया। इस पर भाजपाई भड़क गए। उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की हुई।

बुधवार की सुबह राहुल के खिलाफ जिला कांग्रेस ऑफिस, बस अड्डे समेत 20 जगहों पर 3 तरह के पोस्टर लगाए



गए। पहले में राहुल की फोटो के साथ लिखा है- आतंक का साथी राहुल गांधी। दूसरे में राहुल, पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार की फोटो लगी है। इसमें लिखा है- इंडी गठबंधन का हाथ पाकिस्तान के साथ। तीसरे पोस्टर में गुलाम नबी आजाद, लश्कर आतंकी हाफिज सईद और सैफुद्दीन सोज की फोटो लगी है। इसमें लिखा है-कांग्रेस आतंकियों और पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। क्या राहुल और उनकी पार्टी पाकिस्तान और आतंकवादियों का एजेंडा आगे बढ़ा रही। यह पोस्टर किसने लगवाए। यह अब तक स्पष्ट नहीं है। अमेठी पुलिस ने सभी पोस्टर्स को हटा दिया है। सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं कि ये पोस्टर किसने और कब लगाए हैं। अमेठी से राहुल पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर जाएंगे। यहां उनके परिजन से मुलाकात करेंगे। राहुल ने दौरे के पहले दिन रायबरेली में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। आपका काम चुनाव लड़ने का है, आपका काम पार्टी को जिताने का है। अगर नहीं कर पा रहे हैं, तो या तो आप शादी के घोड़े हैं या लंगड़े घोड़े। जो भी हैं, खड़े हो जाइए और एकसाथ आ जाइए।

**राहुल ने की मरीजों से मुलाकात**

संजय गांधी अस्पताल में ओपेन हार्ट सर्जरी आपरेशन थियेटर के उद्घाटन के बाद राहुल गांधी ने चिकित्सकों के साथ मरीजों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी ली। राहुल गांधी के साथ सांसद के एल शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल और अस्पताल के सी ई ओ अवधेश शर्मा एवं अन्य प्रमुख स्टाफ मौजूद रहा।

# सुशासन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में पासपोर्ट सेवा केंद्र एक महत्वपूर्ण कदम


शिलापट्ट का अनावरण करते केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह व अन्य



उद्घाटन के दौरान मंचासिन विदेश मंत्री व अन्य

**जिले में पासपोर्ट केंद्र खुल जाने से आम लोगों में खुशी, होगी आसानी**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इतिहास और अध्यात्म की दृष्टि से समृद्ध भूमि तथा भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थलीय कुशीनगर में इस सुविधा का उद्घाटन करते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि, यह महज एक उपलब्धि नहीं है, यह एक नए भारत के उस विजन को दर्शाता है जहां पर सुशासन एक कल्पना मात्र नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए एक जीवंत सच्चाई है। मंत्री ने कहा कि काफी लम्बे समय तक पासपोर्ट प्राप्त करना अपने आप में एक यात्रा करने जैसा था लेकिन आज, कुशीनगर का कोई भी किसान, मजदूर या छात्र अपनी एक दिन की मजदूरी या मानसिक शांति को गंवाए बिना इन सेवाओं का लाभ ले सकता है। मंत्री ने विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के बीच की इस महत्वपूर्ण साझेदारी को जनकल्याण के लिए सरकार के दो अंगों के एकजुट होने का जीता जागता उदाहरण बताया।

**क्षेत्रीय पासपोर्ट सेवा केंद्र का 33वां डॉकघर होगा कुशीनगर केंद्र**-पीओपीएसके विदेश मंत्रालय और डाक विभाग के बीच साझेदारी का परिणाम है जिसका उद्देश्य पासपोर्ट सेवाओं को शहरी केंद्रों की सीमाओं से निकालकर आम नागरिकों तक पहुंचाना है। 37 पासपोर्ट कार्यालयों के अंतर्गत कुल 450 पीओपीएसके एवं 93 पासपोर्ट सेवा केंद्रों के साथ अब देशभर में 543 पासपोर्ट सर्विस पॉइंट्स का नेटवर्क है, जिसमें से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ के क्षेत्राधिकार में कुल 4 पासपोर्ट सेवा केंद्र एवं 33 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित होते हैं। कुशीनगर का यह क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अंतर्गत 33वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र होगा। वह पीओपीएसके प्रत्येक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा पॉइंट स्थापित करने के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। महामारी जैसी चुनौतियों के बावजूद 543 निर्वाचन क्षेत्रों में विदेश मंत्रालय ने यह लक्ष्य हासिल कर लिया है।

# शस्त्र और शास्त्र के महान ज्ञाता थे भगवान परशुराम : शशांक मणि

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** सोन्दा स्थित शहर के एक मैरेज हाल में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गोष्ठी के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समस्त समाज के मंगल की कामना की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री मणि ने कहा कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के ब्राह्मण योद्धा अवतार के रूप में पूजे जाते हैं, उनकी जयंती प्रार्थनाओं, धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था



किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाए। वे पुरुषों के लिये आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। उन्होंने अत्रि की पत्नी अनसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवण के सहयोग से विराट नारी-जागृति-अभियान का संचालन भी किया था। उन्होंने कहा कि सहस्त्रार्जुन ने परशुराम के पिता जमदग्नि के आश्रम में एक कपिला कामधेनु गाय को देखा और उसे पाने की लालसा से वह कामधेनु को बलपूर्वक आश्रम से ले गया। जब परशुराम को यह बात पता चली तो उन्होंने पिता के सम्मान के खातिर कामधेनु वापस लाने की सोची और सहस्त्रार्जुन से उन्होंने युद्ध किया। युद्ध में सहस्त्रार्जुन की सभी भुजाएँ कट गईं और वह मारा गया। तब सहस्त्रार्जुन के पुत्रों ने प्रतिशोधवश परशुराम की अनुपस्थिति में उनके पिता जमदग्नि को मार डाला।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी मानसून के दृष्टिगत बाढ़ से निपटने के लिए सभी विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

उन्होंने नाव मालिकों, नाविकों और गोताखोरों की सूची तैयार करने को कहा। बाढ़ के दौरान पेयजल संकट से बचाव के लिए इंडिया मार्का हैंडपंपों को ऊंचे प्लेटफार्म पर स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को पूर्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में




गर्भवती महिलाओं और टीकाकरणरत बच्चों की सूची तैयार करने को कहा गया। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए टीकाकरण, दवा एवं चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सभी प्रमुख नालों की सफाई जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल का निकास बाधित न हो। सीएमओ को एंटी स्नेक वेनम सहित सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों को गत वर्षों के अनुभवों के आधार पर माइक्रो प्लान तैयार करने को कहा गया, ताकि संभावित समस्याओं से निपटने के लिए पहले से ही तैयारी की जा सके। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि इस वर्ष जनपद में कुल 13 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिन्हें 15 जून से पूर्व हर हाल में पूर्ण कर लिया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 4000 पूर्व सैनिक हैं, जो आपात स्थिति में सेवाएं देने के लिए तत्पर रहेंगे।

## परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को भगवान परशुराम की जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गायत्री मंदिर से अम्बेडकर तिराहा, हनुमानगढ़ी मंदिर, गाँधी चौक होते हुए सगरा तिराहे तक गई। फिर वहाँ से गुड़ मंडी, गाँधी चौक, राजर्षि तिराहा, रामलीला मैदान, अम्बेडकर तिराहा होते हुए गायत्री मंदिर में ही शोभायात्रा का समापन हुआ। सगरा आश्रम पीठाधीश्वर मौनी महाराज ने कहा कि अक्षय तृतीया सनातन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महापर्व है। महाभारत के युद्ध का समापन हुआ था, सृष्टि की रचना का प्रारंभ हुआ था, भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दिनेश तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम हिन्दुत्व की शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने सदैव अन्याय के दमन हेतु शस्त्र उठाए थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, काशी तिवारी, आरएसएस जिला प्रचारक पवन कुमार, अजय यादव, अभिषेक सिंह, सुरेश ओझा, अनिरुद्ध मिश्र, विवेक मिश्र, डॉ त्रिवेणी सिंह, नवीन मिश्र, मनोज तिवारी, सुनील यादव, दीपेन्द्र सरोज , अभिजित त्रिपाठी आदि रहे।

## नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं से मिले राहुल गांधी



**मुंशीगंज/अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को सांसद राहुल गांधी ने संजय गांधी अस्पताल स्थित इंदिरा गांधी नर्सिंग कालेज में छात्राओं से मुलाकात की।छात्राएं राहुल गांधी से मिलकर काफी खुश नजर आई। राहुल गांधी ने छात्राओं को सेल्फी दी, उनके साथ समूह फोटो भी खिंचवाई।

## जिलाधिकारी के आदेश पर जर्जर मकान किया गया ध्वस्त

**बछरावां, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बीते दिवस बाईपास रास्ते पर सकरा मार्ग होने के चलते एक अनियंत्रित ट्रक एक मकान में घुस गया था, जिसमें संचालित हो रही कांच की दुकान समेत मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसको दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो जिसके तहत जिला अधिकारी के आदेश पर बुधवार को उस मकान को ध्वस्त करा दिया गया। जानकारी के



अनुसार आपको बताते चले की बीते 27 अप्रैल रविवार की रात बछरावां कस्बे से शिवगढ़ मार्ग पर जाने के लिए बने हुए बाईपास पर एक ट्रक एक मकान में घुस गया था जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान के क्षतिग्रस्त होने के बाद भविष्य में अग्रिम हादसे को दृष्टिगत रखते हुए जिला अधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर के निर्देशन में तहसीलदार महाराजगंज मंजुला मिश्रा की अगुवाई में एक राजस्व टीम का गठन किया गया। जिसने मौकाए घटना स्थल पर पहुंचकर मौजूद राजस्व टीम एवं लोक निर्माण विभाग की एई अनीता ने क्षतिग्रस्त मकान को ध्वस्त करा दिया। इस मौके पर राजस्व विभाग की समस्त टीम एवं बछरावां थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी व स्थानीय थाने की पुलिस टीम मौजूद रही।

## नि:शुल्क पापकार्न मशीन प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**रायबरेली।** जिला ग्रामोउद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि विभाग द्वारा भुर्जी समाज के कारीगरों हेतु पापकार्न मेकिंग का वित्तीय वर्ष 2025-26 में नि:शुल्क वितरण किया जाना है, मशीनों के वितरण हेतु पराम्पराागत कारीगरों, स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों को विभाग द्वारा पूर्व में गठित चयन समिति के माध्यम से चयन किया जायेगा।

## डॉ कन्हैयालाल गुप्त और धीरेन्द्र मिश्र राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनिंग हेतु चयनित

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना के 13 अप्रैल के आलोक में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनिंग का प्रशिक्षण सारण प्रमण्डल अंतर्गत जिला सिवान के गुठनी प्रखण्ड से डॉ कन्हैयालाल गुप्त और धीरेन्द्र कुमार मिश्र दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण लेने चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना जाएंगे। उक्त बातें एक पत्रकार वार्ता में शिक्षक द्वय द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ कन्हैयालाल गुप्त राजकीय कृत मध्य विद्यालय सोहगरा, गुठनी, सीवान, बिहार में प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ ही साथ अंतराष्ट्रीय कवि, साहित्यकार एवं स्वतंत्र पत्रकारिता से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कई दर्जन पुस्तकों का प्रणयन भी किया है। जिसमें काव्य निर्झर,मेरी श्रेष्ठ कविताएं,धूल धूसरित फूल, धरती, माता



पिता आदि बहुचर्चित एवं पुरस्कृत भी है। धीरेन्द्र कुमार मिश्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिसवार में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक एवं सामाजिक पैरोकार के पुरोधा भी है।बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना का बहुचर्चित एवं प्रसंशित मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम वर्षों में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत बिहार के विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित किया जाता है। जिसमें बाढ़, भूकंप, ओलावृष्टि, अतिवृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने हेतु विद्यालय के शिक्षकों और छात्र छात्राओं के जानकारी और माक ड्रील कराया जाता है। जिससे कि प्राकृतिक आपदाओं को न्यूनतम किया जा सके।

## वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आईटीआई कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके नि:शुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने आज जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से जेल परिसर का भ्रमण करते हुए एक-एक बैरक की स्थिति का अवलोकन किया और वहां रह रहे बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने आश्वस्त किया कि बंदियों की जायज़ समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने जेल में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष जताया और दवाओं की उपलब्धता व ओपीडी से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल मैनुअल के अनुसार उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की। इसके अतिरिक्त, डीएम ने पाकशाला का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली और बंदियों को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील मिले। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला सहित कारागार प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने आज अपराह्न जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।

## अमरेन्द्र सिंह ने किया टॉपर छात्रा पूर्णिमा का सम्मान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में टाप टेन की सूची में स्थान हासिल करने वाली छात्रा पूर्णिमा यादव पुत्री राम अधीन यादव की हौसला अफजाई का क्रम जारी है। बुधवार को पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने डेढपसार में रोजगार सेवक राम अधीन के घर पहुंच कर छात्रा को मां सरस्वती की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। बेटी की शानदार सफलता के लिए पूर्व प्रमुख ने परिवार को भी बधाई दी। पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, ग्राम प्रधान रज्जू उपाध्याय, सुभाष गुप्ता, अमित मिश्रा, संजय कोरी, अमरनाथ यादव, शिवपूजन श्रीवास्तव, विष्णु प्रसाद,राम अवतार यादव, विजय पाल उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



# नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस लश्करे पाकिस्तान बन जाती है : प्रेम शुक्ला

■ समाजवादी पार्टी पर प्रेम शुक्ला का बयान

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** कांग्रेस पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शंकर शुक्ला का ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस लश्करे पाकिस्तान बन बैठी है।पाकिस्तान का पूर्व मंत्री, राहुल गांधी के ट्वीट को तत्काल ट्वीट करता है।उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने नगर के पयागी पुर स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी के बयानों का दुरुपयोग पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में करता है।कांग्रेसी भारत की संप्रभुता को चुनौती देने वाले पाकिस्तान का समर्थन क्यों करते है,ये समझ से परे है। पहलगाम में लश्करे तैयबा के पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंक वादियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की निर्माण हत्या की, उनका धर्म पूछकर, उनकी पेंट उतारकर उनकी सुन्नत की शिनाख्त कर उनकी हत्या की।इसकी गवाही स्वयं उनके परिजन दे रहे हैं,इसमें किसी रामगोपाल, किसी राबर्ट वाड्रा,किसी सिद्धारमैया की कोई प्रमाणिकता नहीं चाहिए। समाजवादी पार्टी हिंदू द्रोही पार्टी है, हिंदुओं ने हिंदुओं को मारने का काम एक ही बार हुआ था, जब रामगोपाल यादव के बड़े भाई मुलायम सिंह यादव हिन्दू थे।अयोध्या में कारसेवकों को निर्ममता से गोली मारकर हत्या करने का काम मुलायम सिंह यादव के निर्देश पर की गई थी। अयोध्या में सैकड़ों कारसेवकों की हत्या तत्कालीन मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी की सरकार में की गई थी।

# एंटी लारवा का कराया छिड़काव



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन के नेतृत्व में नगर की आवास विकास कॉलोनी में एंटीलार्वा का छिड़काव किया गया। नगर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से आम जनता परेशान है। मच्छरों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए प्रत्येक वार्ड में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आवास विकास कॉलोनी वार्ड संख्या 19 में सभासद पंचम यादव के नेतृत्व में छिड़काव कराया गया। इस अवसर पर चेयमरैन रानी गुप्ता व चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान मंगलवार को वार्ड नंबर 19 आवास विकास कॉलोनी, रुकनपुर, काशीराम कॉलोनी में नगर पालिका टीम द्वारा चलाया गया। एंटी लारवा का छिड़काव हर गली जल भराव जैसी जगह करवाया गया। इस मौके पर सभासद पंचम यादव उर्फ पंछी, कुलदीप सिंह, रजनीश कुमार और फ़िरोज खान उपस्थित रहे।

# बाल विवाह के खिलाफ उठी बुलंद आवाज

■ आओ मिलकर इसे जड़ से मिटाएँ

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध जनजागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया गया।

इस अवसर पर मदरसा नुरुल हुदा में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने, शिक्षित होने एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसे सामाजिक बुराई बताया, जिसे जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता है।

राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को बताया कि कई स्थानों पर आज भी अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों पर लड़के एवं लड़कियों के विवाह न्यूनतम वैधानिक आयु लड़कों के लिए 21 वर्ष एवं लड़कियों के लिए 18 वर्ष से पूर्व कर दिए जाते हैं, जो बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसके अंतर्गत दोषी को दो वर्ष की सजा, 1,00,000 जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। अमृता दीक्षित द्वारा सभी विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही यह अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल विवाह की घटना हो रही हो तो तुरंत 1098 चाइल्ड लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन अथवा वन स्टॉप सेंटर को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना प्रमुख हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री अनिल कुमार, अध्यापकगण महेंद्र कुमार सिंह, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार अवस्थी, प्रेम शंकर सक्सेना, निधि प्रज्ञा, सुनीता मिश्रा सहित विद्यालय का समस्त छात्र-शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

## हत्या के आरोपी को मिली जमानत

**सुलतानपुर।** थानाक्षेत्र पीपरपुर के खरगपुर में दो माह पूर्व शिवप्रकाश कोरी की हुई हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध पीपरपुर थाने के ग्राम डड़वा मजरे भेवई निवासी आरोपी शिवा पांडेय को राहत देते हुए न्यायाधीश राकेश पांडेय ने जमानत मंजूर कर ली है। आरोपी के वकील जय?त मिश्र ने अपनी दलील पेश करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष बताया कि पुलिस ने आरोपी को फ़र्जी तरीके से केस में फंसाया है केस मे आरोपी नामजद नही था , विवेचना मे पुलिस ने आरोपी बना दिया। मृतक शिवप्रकाश कोरी की पत्नी संगीता ने बीती 18 फरवरी को हत्या करने के आरोप में संजय यादव समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# जनता का ध्यान विकास कार्यों से हटाने का प्रयास है हिंदू मुस्लिम: रामहर्ष

■ उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार को लगातार जुमले बाजी में उलझी होने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में आज समाजवादी पार्टी के ज़िला अध्यक्ष रामहर्ष यादव ने सपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन करके भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोलते हुए समाजवादी पार्टी की सरकार के समय होने वाले विकास कार्यों को अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए हिंदू मुस्लिम करके विकास कार्यों से भटकाने वाली पार्टी बताया।

सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष ने बताया कि जनता की मूलभूत सुविधाए रोटी कपड़ा और मकान के साथ साथ बीमारी के समय बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की जरूरत पड़ती है लेकिन इस सरकार में बैठे लोगों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के प्रयास से मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनपद को मिले ढाई करोड़ रुपए ट्रामा सेंटर के निर्माण के लिए मिले थे जिसके सापेक्ष दो हजार उन्नीस में भवन बनकर तैयार हो जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग को बाकायदा सौंप दिया गया था लेकिन उन्नीस से अभी तक यानी लगभग सात साल हो गए ट्रामा सेंटर नहीं चल पाया जिसके विषय में एक समाजसेवी अकरम आजाद द्वार दायर की गई जनहित याचिका में बड़ा खुलासा सामने आया है जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा काउंटर दाखिल करके बताया गया है कि ट्रामा सेंटर चल रहा है उसमें चिकित्सकों के साथ हमारे कर्मचारी तैनात हैं जबकि मिली जानकारी के अनुसार ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज के अधीन आता है जिसपर कोई भी वक्तव्य मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य दे सकते हैं सीएमओ के द्वारा दाखिल किया गया जवाब समझ से परे है जिससे यह साफ प्रतीत होता है कि यह सरकार विकास का कोई कार्य नहीं कर रही है बल्कि हिंदू मुस्लिम करके लोगों के दिमाग को विकास कार्यों के बारे में सोचने से दूर करने का प्रयास कर रही है।इस दौरान जफरउल्लाह बंटी नंदेश्वर सहित मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी अर्जुन गुप्ता मौजूद रहे।

## वृद्धावस्था पेंशन की सत्यापन में तेजी लाएं

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने सभी उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों और समस्त अधिशासी अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित किया है, कि वृद्धावस्था पेंशन की सत्यापन में तेजी लाएं, अभी तक जिलें में केवल 41.96 प्रतिशत ही सत्यापन हुआ है, शासन के निर्देश है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों हेतु संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित संबंधित उप जिलाधिकारी या अधिशासी अधिकारी सत्यापन का कार्य करेंगे, जैसा कि विदित है कि वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के ऐसे समस्त वृद्धजन जिनकी आय सीमा ग्रामीण क्षेत्र में रुपए 46080 एवं शहरी क्षेत्र में रुपए 56460 तक होती है।

# महिलाओं के प्रति अपराध पारिवारिक विघटन पर किया जागरूक

ऑपरेशन जागृति 4.0

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जॉन आगरा के निर्देशन में चलाया जा रहा ''ऑपरेशन जागृति 4.0'' ओसियन गार्डन थाना रामगढ़ क्षेत्र में चिराग सोसायटी एवं इकरा कान्वेंट स्कूल के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैहराज अब्बास ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ दीक्षित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभा किया तथा विशेष अतिथि के रूप में रविशंकर प्रसाद पुलिस अधीक्षक नगर मौजूद रहे। सौरभ दीक्षित वरिष्ठ पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन जागृति 4.0 कार्यक्रम 6 बिंदुओं पर आयोजित किया जा रहा है उसमें महिलाओं के प्रति अपराध, झूठे प्रकरण, नशे का सेवन, साइबर क्राइम, प्रेम प्रसंग एवं पारिवारिक विघटन जो समाज में लगातार बढ़ रहे हैं उनके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ऑपरेशन जागृति 4.0 चलाया जा रहा है हमें सतर्तक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सभागार में बड़ी संख्या में पिछड़े इलाकों से लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कई पार्षद उपस्थित है यही इस कार्यक्रम की सफलता है। रविशंकर प्रसाद पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि हम सभी थानों में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं तथा ऑपरेशन जागृति के सभी बिंदुओं को और हेल्पलाइन के बारे में लगातार प्रचार प्रचार किया जा रहा है और इससे बड़ी संख्या में लोग जागरुक भी हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चिराग सोसायटी ने इस कार्यक्रम को ऑर्गेनाइज किया हम संस्था की प्रशंसा करते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ जफ़र आलम डीआरसी यूनिसेफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चिराग सोसायटी के सदस्यों में मुख्तार आलम, दिलीप कुमार शर्मा, मोहम्मद परवेज, समरीन खान, शाहनवाज, पार्षद रिजवान तमन्ना, फैरन सिंह, पूर्व पार्षद हाजी हबीब फैजी, शान मोहम्मद, सचिन सक्सेना, रवि कुमार कुशवाहा, शिवकुमार, इमरान, मोहम्मद शाहिद अजमेरी भाई, असलम अब्बास, आदि के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

# आज से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जी.एफ.कॉलेज के कॉमर्स और बी.बी.ए विभाग तथा गेडू कॉलेज आफ बिजनेस स्टडीज़ भूटान और नॉवेल एकेडमी पोखरा नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 1-2 मई को 'आर्टिफिशियल इंटलीजेंस एंड ग्लोबल डेवलपमेंट' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खाँ ने बताया कि सेमिनार में नेपाल, भूटान नाइजीरिया, साउथ कोरिया व भारत के लगभग 500 विद्वान, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ प्रतिभाग करेंगे और ए.आई के उपयोग एवं संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। सेमिनार में विभिन्न देशों के साथ जी.एफ.कॉलेज द्वारा एम.ओ.यू हस्ताक्षर किए जाएंगे जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों को शिक्षा के वैश्विक अवसर प्राप्त हो सकेगे।

सेमिनार के संयोजक वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ पुनीत मनीषी ने बताया कि पहले सत्र में नेपाल से श्री विशेश्वर आचार्य, भूटान से डॉ0 शेवांग फुंशो, अयोध्या से डॉ0 मिर्ज़ा शाह साहब, एस.एस. कॉलेज, शाहजहाँपुर से प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. अनमोल सक्सेना ने बताया कि सेमिनार में प्रस्तुत किए जानवाले शोधपत्रों की पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

# बच्चों के विवाद में तीन भाइयों को मारी गोली, एक की मौत

■ परिजनों ने लगाया जाम, अंतिम संस्कार से किया इन्कार

■ हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** थाना चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज में बच्चों से हुए विवाद के तीन भाइयों को गोली मार दी गई थी। इसमें एक भाई की मौत होने के बाद आक्रोशित परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और रोड पर जाम लगा दिया। परिजनों की मांग है कि हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

दरअसल, सोमवार को थाना चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज में कमलेश के बच्चों का मोहल्ले के ही रहने वाले हिस्ट्रीशीटर शेरू के बच्चों से विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर रात में कमलेश का शेरू से विवाद हो गया। जिसके बाद शेरू ने तलवार से कमलेश पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर कमलेश के भाई अखिलेश और जितेन्द्र घर से निकल आए। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर शेरू ने तीनों भाइयों को गोली मार दी और खुद की पिकअप में भी आग लगा दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल तीनों भाइयों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने कमलेश और जितेन्द्र की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया था। इधर सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पिकअप में लगी आग को बुझाया। वहीं, एसपी ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। साथ ही अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उधर लखनऊ में कमलेश की मौत हो गई और वहीं उसका पोस्टमार्टम कराया गया। देर रात कमलेश का शव शाहजहांपुर पहुंचा। आज कमलेश की मौत के बाद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजनों ने बरेली मोड़ से राजघाट चौकी जाने वाले मार्ग पर जाम लगा दिया। परिजनों ने मुख्य आरोपी का घर बुलडोजर से गिराए जाने और आरोपियों के एनकाउंटर करने की मांग की। मांगें न माने जाने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। बता दें कि अखिलेश की तहरीर पर पुलिस ने शेरू, रामकिशोर, रामनिवास, सुमित व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी, लेकिन अभी तक पुलिस की गिरफ्त से आरोपी दूर हैं। खबर लिखे जाने तक जाम लगा हुआ था और पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही थी।

## जनपद में 70 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, इस बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी विकास नायक ने बताया कि वर्षाकाल 2025 हेतु वृक्षारोपण का लक्ष्य जनपद में कुल 70 लाख निर्धारित किया गया है, जिसमें शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य 39 16580 है जबकि जिलाधिकारी ने इस लक्ष्य में 3083420 की बढ़ोतरी करते हुए कुल लक्ष्य पौध रोपण हेतु जनपद को 70 लाख निर्धारित किया है, वन विभाग को 16 लाख और अन्य विभाग को 54 लाख वृक्षारोपण करना है।

## चार कर्मचारी मिले अनुपस्थित जारी किया कारण बताओं नोटिस

**सुल्तानपुर।** स्वशासी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव ने बुधवार की सुबह 9 बजे अचानक ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया।उपस्थिति रजिस्टर चेक करने पर उन्हें चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।साथ ही वार्ड में स्वच्छता की कमी होने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। लगभग 1 घंटे तक रहकर उन्होंने ओ टी ,प्लास्टर रूम, ऑर्थो रूम का भी निरीक्षण कर भर्ती मरीजों को समुचित इलाज देने का निर्देश भी दिया। प्रधानाचार्य के लगातार औचक निरीक्षण से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।वहीं तीमारदार और मरीज उनके निरीक्षण से काफी खुश नजर आये।

# पुकारी गांव में जल जीवन मिशन की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश

■ ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से की हस्तक्षेप की मांग, कं. के खिलाफ करें कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**नरैनी (बांदा)** जल जीवन मिशन के तहत पुकारी गांव में चल रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य के दौरान आठ माह पूर्व तोड़ी गई सड़क आज तक नहीं बनाई गई, जिससे लोगों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब-जब वे सड़क निर्माण की मांग लेकर एल एंड टी कंपनी से संपर्क करते हैं, तब उन्हें अभद्र व्यवहार और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि बात हाथापाई तक पहुंच गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठेकेदार और उनके कर्मचारियों का रवैया लगातार तानाशाही भरा रहा है। शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे रहा है। अब गांववासियों ने इस मामले में जिलाधिकारी जे. रीभा से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने एल एंड टी कंपनी तथा उसके ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि जब तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं होता और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रबुद्ध जन परिचर्चा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**बांदा।** बांदा सदर विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी जी द्वारा 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विषय पर प्रबुद्ध जन परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की राय लेकर इस विचार को व्यापक जनसमर्थन प्रदान करना था। शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर, अधिवक्ता, इंजीनियर, शिक्षक, समाजसेवी, व्यापारी, साहित्यकार, कलाकार व पत्रकार कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव गांधी डीएवी महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रामभरत सिंह तोमर रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के पक्ष में ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि 1967 तक भारत में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग समय पर चुनाव कराने से सरकार पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है और प्रशासनिक कार्य बाधित होते हैं। एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद सिन्हा ने कहा कि बार-बार चुनावों के कारण लागू होने वाली आचार संहिता से विकास कार्य बाधित होते हैं। एक साथ चुनाव होने से इस समस्या से मुक्ति मिलेगी। वरिष्ठ पत्रकार बसंत गुप्ता ने इसे आर्थिक दृष्टिकोण से उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे चुनावी खर्च में भारी कटौती संभव है।

महिला डिग्री कॉलेज की प्रो. डा. सबिहा रहमानी ने कहा कि बार-बार चुनाव से जो नीतिगत अनिश्चितता पैदा होती है, वह खत्म होगी और शासन अधिक स्थिर तथा सुदृढ़ होगा। वरिष्ठ व्यापारी नेता मनोज जैन ने इसे पूंजी निवेश और परिसंपत्ति सृजन के लिए लाभकारी बताया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इस परिकल्पना को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक मजबूत और सरल बनाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे शासन में स्थिरता आएगी, चुनावी खर्च घटेगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कल्लू सिंह राजपूत ने की। सभी प्रतिभागियों के लिखित विचार पोस्टकार्ड के माध्यम से एकत्र किए गए और उन्हें भारत माता का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। परिचर्चा का संचालन पंकज रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर अशोक अवस्थी, अमर दत्त शर्मा, ज्योत्सना पुरवार, संतोष गुप्ता, आशुतोष मिश्रा, अशोक त्रिपाठी जीतू, लवलेश सिंह, संतोष सिंह, चारूचन्द्र खरे, विनोद ओमर, मोतीलाल पुरूषवानी, सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नहोरा, वि.ख. जलालपुर, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 30/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 01-05-2025 से 07-05-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 08-05-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ऋषिराज यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. नहोरा वि.ख. जलालपुर, जौनपुर**

**सरला गौंड**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. नहोरा वि.ख. जलालपुर, जौनपुर**

# हमीरपुर में 1000 करोड़ का जमीन घोटाला

**हिफजुर्रहमान**

**डीएम आवास सहित सरकारी संपत्ति पर सेंध, ऐसडीएम समेत 13 पर एफआईआर**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक सनसनीखेज जमीन घोटाले ने प्रशासनिक और राजनैतिक हलकों में खलबली मचा दी है। जिलाधिकारी आवास सहित 58.14 एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन, जिसकी अनुमानित कीमत 1000 करोड़ रुपये से अधिक है, को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी व्यक्तियों के नाम करने का मामला उजागर हुआ है। इस घोटाले में तत्कालीन सदर एसडीएम विजय कुमार गुप्ता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल सहित 13 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद अभिलेखों में हेराफेरी का यह खेल चौंकाने वाला है।

**घोटाले का खुलासा: षड्यंत्र और कूटरचित अभिलेख:** सदर एसडीएम सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर खुलासा किया कि 2004 से 2007 के बीच तत्कालीन अधिकारियों ने मिलीभगत कर डीएम आवास और उससे सटी 58.14 एकड़ नजूल भूमि के अभिलेखों में हेराफेरी की। फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी संपत्ति को विपक्षियों के नाम दर्ज करने की कोशिश की गई। इस साजिश में शामिल प्रमुख आरोपी हैं तत्कालीन एसडीएम विजय कुमार गुप्ता, तत्कालीन तहसीलदार अहमद सईद, तत्कालीन नायब तहसीलदार जैनेंद्र सिंह, सदर लेखपाल राजकिशोर और अन्य नौ व्यक्ति, जिनमें हमीरपुर और कानपुर के निवासी शामिल हैं। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि यह मामला लंबे समय से हाईकोर्ट में विचाराधीन है। अक्टूबर 2024 में गठित जांच समिति ने अभिलेखों में गड़बड़ी का खुलासा किया, जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू हुई। आरोपियों पर धोखाधड़ी, जालसाजी, भ्रष्टाचार और लोक सेवक होते हुए सरकारी संपत्ति को गलत तरीके से हस्तांतरित करने की कोशिश के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।






**1857 से जुड़ा ऐतिहासिक विवाद:** इस जमीन का विवाद 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, ब्रिटिश सरकार ने क्रांतिकारियों माधवराव और नारायनराव की कोठी व उससे संबद्ध जमीन को बगावत के आरोप में जब्त कर लिया था। यह संपत्ति नजूल भूमि के रूप में दर्ज हुई और 1932 में राजस्व विभाग को हस्तांतरित कर दी गई। तब से यह जमीन सरकारी कब्जे में है और वर्तमान में डीएम आवास व खेतिहर भूमि के रूप में उपयोग हो रही है। आरोपियों का दावा है कि यह जमीन उनके पूर्वजों की थी, लेकिन जांच में उनके दावे को खारिज करते हुए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल पाया गया। कोर्ट में सही अभिलेख प्रस्तुत न करने और गलत दस्तावेजों के जरिए विपक्षियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश इस घोटाले का आधार बनी। कानूनी और सामाजिक प्रभावयह मामला लंबे समय से हाईकोर्ट में विचाराधीन है, लेकिन कमजोर पैरवी और फर्जी दस्तावेजों के कारण सरकारी पक्ष कमजोर पड़ता रहा। डीएम द्वारा गठित जांच समिति के खुलासे ने नए सिरे से कार्रवाई को गति दी है। लोक सेवकों द्वारा इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का यह मामला प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठाता है। हमीरपुर के स्थानीय निवासियों में इस घोटाले को लेकर गुस्सा है, और सोशल मीडिया पर लोग इसे सरकारी संपत्ति की लूट करार दे रहे हैं।

**आरोपियों की दलील और जांच की स्थिति:** आरोपियों का कहना है कि जमीन उनके पूर्वजों की थी और मामला कोर्ट में है। हालांकि, जांच में उनके दावे को गलत पाया गया। डीएम घनश्याम मीना ने साफ किया कि यह सरकारी संपत्ति है और किसी भी तरह की हेराफेरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने सभी 13 आरोपियों के खिलाफ गहन जांच शुरू कर दी है। हमीरपुर और कानपुर में आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

**नजूल भूमि का महत्व:** नजूल भूमि वह सरकारी संपत्ति होती है, जो ऐतिहासिक रूप से राजस्व या प्रशासनिक उपयोग के लिए रखी जाती है। यह जमीन आमतौर पर सरकार के कब्जे में रहती है और इसका निजी हस्तांतरण सख्त कानूनी प्रक्रिया के अधीन होता है। इस मामले में नजूल भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी व्यक्तियों के नाम करने की कोशिश घोर अनियमितता को दर्शाती है। आगे की कार्रवाई

सदर कोतवाली में दर्ज स्नद्धक्र के आधार पर पुलिस आरोपियों से पूछताछ और सबूत जुटाने में जुटी है। हाईकोर्ट के निर्देश पर मामले की सुनवाई तेज होने की संभावना है। डीएम ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अभिलेखों की डिजिटाइजेशन और कड़ी निगरानी का आश्वासन दिया है।

**क्यों है यह खबर खास?** यह मामला 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान तक के इतिहास को जोड़ता है। एसडीएम जैसे वरिष्ठ अधिकारी का शामिल होना इस घोटाले को और गंभीर बनाता है। 1000 करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी संपत्ति पर सेंध का यह मामला उत्तर प्रदेश में हाल के सबसे बड़े घोटालों में से एक है। हाईकोर्ट की निगरानी में होने के बावजूद घोटाले का उजागर होना प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है।

# बाल विवाह के खिलाफ धर्म गुरुओं का संकल्प




**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर साई ज्योति संस्थान ने बाल विवाह मुक्त हमीरपुर अभियान को धर्म गुरुओं के साथ मिलकर जोरदार शुरुआत की। संस्था के स्वयंसेवकों ने पोथिया, सुमेरपुर, कुरारा सहित विभिन्न मंदिरों, मस्जिदों और निरंकारी आश्रम में जाकर संतों, महंतों और मौलवियों से बाल विवाह समाप्त करने का संकल्प कराया। पातालेश्वर मंदिर के महंत गार्गी मिश्रा ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध बताते हुए इसके खिलाफ आवाज बुलंद करने की बात कही। मां काली मंदिर के महंत धीरेंद्र शुक्ला ने इसे बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने वाला कृत्य बताया। हवेली मस्जिद के मौलाना मोहम्मद हफीज ने कहा कि इस्लाम बाल विवाह की इजाजत नहीं देता और मुस्लिम समुदाय को जागरूक करने का आश्वासन दिया। निरंकारी आश्रम के क्रांति कुमार और संत रविदास मंदिर के भगतानंद ने भी अभियान को पूर्ण समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई।साई ज्योति संस्था के जिला समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने बताया कि यह अभियान जनपद के सभी विकासखंडों तक पहुंचेगा। संस्था निदेशक अजय श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता इस मुहिम में सक्रिय हैं।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई, पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें ज्यादातर थानों से संबंधित थीं। अनीता गुप्ता ने इन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से जरूरतमंद महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को बताया कि प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क और आगंतुक कक्ष स्थापित किए गए हैं, जहां महिला आरक्षी तैनात हैं। कोई भी महिला या बालिका अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है, जिसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन) और 102 (स्वास्थ्य सेवा) जैसी आपातकालीन सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।इस अवसर पर सीएमओ गीतम सिंह, डिप्टी कलेक्टर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के बाद अनीता गुप्ता ने वन स्टॉप सेंटर, महिला जिला चिकित्सालय और जेल में महिला बैरक का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए: डीएम

**इटावा।** जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए एवं इनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि यह भूतपूर्व सैनिक जिनकी वजह से आज हम सभी यहां पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा अपने देश के नाम अपनी जान को न्योछावर कर दिया गया। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में इनके आने पर इनका सम्मान किया जाए। उन्होंने कहा कि इनका काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाए एवं उनके कार्य में किसी भी तरीके का विलंब ना किया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सीओ सिटी, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा भूतपूर्व सैनिक बंधु आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराई गई



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पीएम श्री विद्यालय धर्मपुर के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक अशोक राजपूत के नेतृत्व में समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं सहित पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड ग्वालियर बायपास पर एक्सपोजर विजिट कर विद्यालय के बारे में जाना एवं नई-नई चीज सीख कर अपने जीवन में अपनाने का निर्णय लिया। शासन की मंशा के अनुरूप सीडीओ के दिशा निर्देशन में पीएम श्री धनपुरा के विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराई गई इस एक्स्पोज़र विजिट में बच्चों ने पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल स्कूल की समस्त लैबोरेट्रीज जिसमें कंप्यूटर लैब, फिजिक्स लैब, बायो लैब, केमिस्ट्री लैब, मैथ्स लैब, सोशल स्टडी लैब एवं लाइब्रेरी सहित संगीत कक्ष और मल्टीपरपज हॉल के साथ-साथ समस्त कक्षाओं का भ्रमण किया। बच्चों ने चिल्ड्रन पार्क में लगे झूलों का उपयोग किया। बच्चों ने विद्यालय में बने पार्क एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत रोपे गए पौधों का अवलोकन किया। इस अवसर पर अध्यापक मुकेश राजपूत एवं उनके समस्त स्टाफ ने प्रधानाचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव का सम्मान एवं कम समय में विद्यालय को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए धन्यवाद किया।

## विद्युत तार बदलने के कारण 1-2 मई को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मौदहा, हमीरपुर।** विद्युत उपखंड क्षेत्र में 33 केवी लाइन के पुराने तारों को बदलने के लिए आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते 1 मई और 2 मई 2025 को सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सुबह-शाम की नियमित रोस्टिंग भी नहीं होगी।उपखंड अधिकारी ने बताया कि यदि कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा हो जाता है, तो बिजली आपूर्ति शाम 4:00 बजे से पहले बहाल की जा सकती है। उन्होंने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग करने की अपील की है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण



**सोनभद्र,अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा आज जिला कारागार चुर्क (घुर्मा), सोनभद्र का निरीक्षण किया गया, इस दौरान पाकशाला में बन्दियों हेतु शाम के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था, तैयार किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु जेलर को निर्देशित किया गया, निरीक्षण के दौरान कारागार में बन्दियों की बीमारी आदि के सम्बन्ध में जेल के बंदियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा बन्दियों के स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान कारागार की बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था दिन एवं रत्रि शौचालय, स्नान व्यवस्था आदि का अवलोकन किया गया और जेलर को निर्देशित किया गया कि बन्दियों हेतु बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बन्दियों को कारागार में वकील की व्यवस्था है कि नहीं, के सम्बन्ध में भी बन्दियों से जानकारी ली गयी, जिन बन्दियों के पास वकील की व्यवस्था न होने की बात संज्ञान में आयी, उन बन्दियों के लिए विधिक सेवा के माध्यम से अधिवक्ता की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। कारागार में कार्य करने के बदले मिलने वाली पारिश्रमिक आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। इस दौरान बन्दियों से सीधा संवाद कर जेल में मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित जेलर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर राजेश कुमार वर्मा जेलर, गौरव कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एवं अन्य कारागार कार्मियों सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# तीन कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 30.04.2025 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 03 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं - राधेश्याम दूबे, वरिष्ठ प्रबंधक(ईधन प्रबंधन), कारूलाल खारोल, वरिष्ठ सहायक अभियंता (प्रचालन) एवं फ्लोरेन्टीउस लकरा अभियंता/ एसएलपीएस(प्रचालन)। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल)ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा । उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत होने वाले विभाग के कर्मचारीगणों के साथ-साथ एवं उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबन्धक(मानव संसाधन) पुर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में सदर विधायका के साथ दिया ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने कचहरी परिसर में सपा द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के अपमान के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में बाबा साहेब का किया अपमान, समाजवादी पार्टी का घिनौना काम बाबा साहेब का अपमान बंद करो बंद करो जिसने दिया देश का संविधान, सपा कर रही उसका अपमान गुस्से में है सारा देश, माफी मांगो तुम अखिलेश के नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने सम्बोधन कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करती रही है और दलित उत्पीड़न का भी सपा का पुराना इतिहास रहा है। बाबा साहब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब के चेहरे के साथ अपना चेहरा जोड़ने वाले अखिलेश यादव दलित समाज का सम्मान नहीं सिर्फ वोट बैंक देख रहें है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का अपनी तस्वीर को डॉक्टर अंबेडकर के बराबर लगाना न सिर्फ अहंकार है बल्कि दलित समाज की भावनाओं के साथ किया गया एक निंदनीय खिलवाड़ है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने कहा कि दलित समाज जानता है कि अखिलेश को सिर्फ दो चीजों की चिंता है मुस्लिम वोट बैंक और अपने परिवार की विरासत। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, जिला उपाध्यक्ष विवेक भदौरिया, हरनाथ कुशवाह, रामशरण गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू चौधरी, सार्थक सक्सेना, मृतियुंजय चौधरी, विरला शाक्य, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष उदयवीर दोहरे, विकास भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, बासु चौधरी, मोनू चौहान, सतेंद्र राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## रश्मिता झा ने किया एक दिवसीय दौरा

**सोनभद्र/बीजपुर।** जिसका मूल उद्देश्य सतर्कता तंत्र को मजबूत करना और संगठन के भीतर ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस दौरे के दौरान, रश्मिता झा ने कंट्रोल रूम का भ्रमण किया और सीसीआर कार्यकारी से सतर्कता एवं उत्पादन से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इसी कड़ी में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी जिसमें मुख्य सतर्कता अधिकारी ने एनटीपीसी के मौजूदा कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की और सुशासन के लिए एक उपकरण के रूप में सक्रिय सतर्कता के महत्व पर भी जोर दिया। तत्पश्चात् एनटीपीसी रिहंद द्वारा कंपनी की सतर्कता पहलुओं, निवारक उपायों और जागरूकता गतिविधियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात उन्होंने स्थानीय स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी संवाद किया। रश्मिता झा ने अपने सम्बोधन में सभी कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने और नैतिक आचरण को बनाए रखने में प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# नारायन कालेज में 'इण्टरनेशनल डांस डे' पर डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के सभागार में डांस प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती सोना ठाकुर, माडल एवं डांस कोरियोग्राफर, सम्मानित अतिथि के.के.मिश्रा, थियेटर आर्टिस्ट एवं संस्कार भारती इटावा के सदस्य एवं एडवोकेट व विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा, के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर परशुराम जयन्ती होने के कारण प्रभु परशुराम का माल्यार्पण करके उनका भी आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नृत्य कला कौशल का एक बहुत ही पवित्र हिस्सा है। नृत्य के द्वारा बिना बोले ही किसी कहानी या अपनी बात को प्रदर्शित किया जा सकता है। नृत्य प्रतियोगिता का विषय गोल्डन 'डिकेड्स आफ वालीवुड' था। प्रतियोगिता का आयोजन प्राइमरी, जूनियर एवं सीनियर तीन वर्गों में किया गया। प्राइमरी में प्रथम स्थान अर्पिता, द्वितीय स्थान दृश्कि तृतीय स्थान आन्या तिवारी जूनियर में प्रथम स्थान नैना, द्वितीय स्थान मानसी तथा तृतीय स्थान आरोही व सीनियर में प्रथम स्थान अगम तथा अर्पिता, द्वितीय स्थान ओजस्वी तथा तृतीय स्थान मिलन का रहा। नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के निर्णायक मण्डल समिति में श्रीमती सोना ठाकुर, माडल एवं डांस कोरियोग्राफर, श्री के. के.मिश्रा, थियेटर आर्टिस्ट निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा तथा अन्य अतिथिगणों ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करके सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कोर्डिनेटर श्रीमती उरूसा रिज़वान, सी.सी.ए. इंचार्ज प्रियल अग्रवाल, ऋतु कनौजिया एवं सन्दीप यादव डांस टीचर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एनटीपीसी सिंगरौली में मुख्य सतर्कता अधिकारी का दौरा



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में दिनांक 29 अप्रैल 2025 को एनटीपीसी लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), रश्मिता झा, भा. रा. से. ने अपना एक दिवसीय दौरा किया जिसका मूल उद्देश्य सतर्कता तंत्र को मजबूत करना और संगठन के भीतर ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस दौरे के दौरान, रश्मिता झा द्वारा सीएसआर के अंतर्गत स्थानीय परसवार राजा और कोटा के सरकारी स्कूलों के छात्राओं के अध्ययन की सुविधा हेतु साइकिल का वितरण किया तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने हेतु ग्रामीण जनों के लिए मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेनिंग के आयोजन का उद्घाटन भी किया। इसी कड़ी में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी जिसमें मुख्य सतर्कता अधिकारी ने एनटीपीसी के मौजूदा कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की और सुशासन के लिए एक उपकरण के रूप में सक्रिय सतर्कता के महत्व पर भी जोर दिया। तत्पश्चात् एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा कंपनी की सतर्कता पहलुओं, निवारक उपायों और जागरूकता गतिविधियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। रश्मिता झा ने अपने सम्बोधन में सभी कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने और नैतिक आचरण को बनाए रखने में प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुख्य कार्य क्षेत्रों की प्रक्रियाओं का सरलीकरण, नियमों का पालन और बिना किसी डर या पक्षपात के अनियमितताओं की रिपोर्ट दर्ज करने पर भी विशेष महत्व दिया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक, राजीव अकोटकर ने परियोजना की नैतिक प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा परियोजना के हित में बताए गए तमाम मार्गदर्शन का आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के जोसेफ बास्टीयन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सभी विभाग के अपर महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबन्धक, एवं अन्य कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# समस्या का समाधान कराएंगे, घर जाने का किराया भी देंगे: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

- 200 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश
- कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को दिखाएं सबक मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर/लखनऊ।** 'चिंता मत करिए। आपकी समस्या का समाधान कराएंगे और यहां से वापस घर जाने का किराया भी देंगे।' संवेदना के पुट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस आत्मीय संबल ने जमीनी विवाद की समस्या लेकर जनता दर्शन में आई महिला कृतज्ञता के भाव में करबद्ध हो गई।

हुआ यूं कि गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन सीएम योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी।

बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित किए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। हर बार की भांति इस बार के जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।



### सीएम ने बतखों को खिलाया चारा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। बुधवार प्रातःकाल शिवावतार गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंश के बीच समय बिताया और गोसेवा की। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान सीएम योगी जब भीम सरोवर पर पहुंचे तो वहां बतखों का समूह विचरण कर रहा था। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से चारा खिलाकर बतखों पर भी स्नेह बरसाया।

### बच्चों को पास बुलाकर सीएम योगी ने की मुलाकात, दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में अपने परिजनों के साथ गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने आए बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें की, हंसी-ठिठोली के बीच उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और फिर चॉकलेट देते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह सीएम योगी मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले थे। भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। सबको चॉकलेट देकर और सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार, आशीर्वाद दिया। कुछ छोटे बच्चों को उन्होंने अपने हाथ से चॉकलेट खिलाया। सीएम योगी ने चार माह के जुड़वा बच्चों (भाई-बहन) को अपनी गोद में लेकर दुलार किया और आशीर्वाद दिया।

# साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह वितरण समारोह ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में 29 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह साइकिल यात्रा दिनांक 23 मार्च 2025 को भाषा विश्वविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुई थी। इस यात्रा के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों एवं आमजन को शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री श्री कौशल किशोर तथा वर्तमान विधायक जय देवी कौशल ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और समाज सेवा एवं जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। यह यात्रा शारीरिक शिक्षा विभाग के मोहम्मद शारिक के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. हसन मेहंदी, सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# रोजगार मेले में 88 अभ्यर्थियों का चयन

- 6 प्रतिष्ठित कंपनियों ने लिया भाग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0), अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु रायल इनफील्ड प्रा0 लि0, भगवती प्रोडक्ट्स लि0, सिगटफ प्रा0 लि0, जी 4एस, वारी एनर्जीस प्रा0 लि0 एवं सुजुकी मोटर्स (लर्न एवं अर्न) जैसी 6 प्रतिष्ठित कम्पनियाँ उपस्थित रहीं। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक प्रतिभागियों को चयनित करने का अनुरोध किया।

ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0ए0 खाँ ने बताया कि उपरोक्त 6 कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त कुल 88 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी की ओर से 10,000 रुपये प्रतिमाह से 20,000 रुपये प्रतिमाह तक का वेतनमान एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। रोजगार मेले के आयोजन में निर्भय कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यदेशक, ज़ेड रहमान, अनुदेशक एवं ग्रे सिम फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग कर विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

## उप मुख्यमंत्री ने मजदूर दिवस पर दी बधाई और शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मई दिवस पर प्रदेश के, मजदूरों, कामगारों और श्रमिकों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि देश व प्रदेश के नव निर्माण में श्रमिक बन्धुओं का महत्वपूर्ण योगदान हमेशा रहा है। हम सबको श्रम व श्रमिकों के महत्व व महत्ता को समझना चाहिए और उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए। श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।



# पति ने डाक से भेजा तीन तलाक, पत्नी ने दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** कैसरबाग इलाके में रहने वाली विवाहिता ने पति के खिलाफ दहेज न मिलने पर मारने पीटने, धक्का देकर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा कि मायके में रह रही थी, पति ने डाक से पत्र भेजकर तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। कैसरबाग निवासी महिला का निकाह दिसंबर 2023 को दतिया निवासी शहबाज सिद्दीकी से हुआ था। कुछ दिन बाद पति के आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का पता चला। शहबाज के खिलाफ उसकी भाभी ने भी मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के मुताबिक शादी के बाद शहबाज ग्रेटर नोएडा चला गया था। उसके साथ एक महिला भी रहती थी। शहबाज ने 26 अप्रैल 2024 को गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट की। पत्नी को बस में बैठा कर मायके भेज दिया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी के पास उसकी कुछ निजी तस्वीरें है। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा है। महिला ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर 2024 में पति ने स्पीड पोस्ट भेज कर तीन तलाक दे दिया। इसके बाद भी परिवार वाले बेटी का घर बचाने के लिए प्रयास करते रहे। पीड़िता ने रविवार देर शाम को कैसरबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 02 मई को

**लखनऊ।** कृषि उन्नति के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 02 मई, 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर के मार्स ऑडिटोरियम में होगा। प्रदेश में इस खरीफ सीजन में दलहन उत्पादन में अरहर और उर्द के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयासों पर बल दिया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश के सभी जनपदों से ऐसे कृषकों को आमंत्रित किया जा रहा है जो उन्नत पद्धतियों से कृषि विविधीकरण की प्रणाली को अपनाकर खेती को व्यवसाय के रूप में विकसित कर रहे हैं। विभिन्न विभागों जैसे पशुपालन, सिंचाई एवं विद्युत आदि विभागों के समन्वित सहयोग के दृष्टिगत् इन विभागों के माननीय मंत्रीगण, प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

## प्रदेश के सभी जनपदों में श्रमिक पंजीकरण शिविर लगाये जायेंगे

**लखनऊ।** शासन के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में श्रमिक पंजीकरण शिविर लगाये जायेंगे, श्रमिकों के कल्यार्थ कार्य करने वाले लोगों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही श्रमिकों हेतु हित लाभ कार्यक्रमों का आयोजन एवं उनके लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित कर निःशुल्क दवा का वितरण भी किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डा0 एम0के0 शन्मुगा सुन्दरम ने बताया कि श्रमिकों के सम्मान, उनके अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के उददेश्य से प्रत्येक वर्ष 01 मई को अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा वर्ष 2025 में विशेष रूप से कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के संबंध में श्रमिकों पर डिजिटलाइजेशन और आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स से पड़ने वाले प्रभाव के अध्यन के रूप में फोकस किया जा रहा है।

# पर्यटन नीति 2022: 15 मई तक कैंप लगाकर जानकारी दी जायेगी : जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



- प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निवेशकों को जागरूक करेंगे

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 का लाभ प्रत्येक निवेशकों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव उपाय किया जा रहा है। इसके लिए वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले में कैंप लगाया जाएगा, जिसे प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

इस बारे में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बहुत ही तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष यहां लगभग 65 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य स्थलों पर प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। इसको देखते हुए बड़ी संख्या में पर्यटक सुविधाओं की आवश्यकता है। इसके दृष्टिगत पर्यटन विभाग का प्रयास है कि गंतव्यस्थलों के साथ-साथ एनएच, एसएच सहित अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वे साइड एमिनिटीज जैसे ढाबा, होटल, मोटल में भव्य पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि मार्ग में पड़ने वाली इन इकाइयों में पर्यटक उच्चस्तरीय सुविधाओं का लाभ ले सकें।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन उद्योगों को चिन्हित करते हुए 33 विभिन्न पर्यटन इकाइयों को नवीन पर्यटन नीति 2022 में सम्मिलित किया गया है। नवीन पर्यटन नीति 2022 में पर्यटन उद्यमियों को पूंजीगत व्यय पर 30 प्रतिशत तक का अनुदान अनुमन्य किया गया है।

सिंह ने बताया कि पर्यटन नीति का प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम पूरे प्रदेश में 15 मई तक कैंप लगाया जाएगा। इसका शुभारंभ 28 अप्रैल से हो चुका है। कैंप में राजस्व अधिकारी, जीएसटी अधिकारी, व्यापार एवं उद्योग मंडल के अध्यक्ष सहित होटल मालिक, मोटल मालिक, ढाबा संचालक सहित अन्य निवेशक हिस्सा लेंगे। इन्हें पर्यटन नीति-2022 के लाभों से अवगत कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि घरेलू पर्यटन के मामले में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। विदेशी पर्यटकों के मामले में भी प्रदेश को देश में प्रथम स्थान पर स्थापित करने के लिए सभी पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

## मुठभेड़ में लुटेरे के लगी पैर में गोली, साथी फरार

**लखनऊ।** बीकेटी आउटर रिंग रोड के पास मंगलवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से एक बदमाश घायल हुआ। वहीं, दूसरा मौके से भाग गए। घायल हुए बदमाश ने सोमवार को बीकेटी इंदौराबाग में बिजली उपकेंद्र से घर लौट रहे किसान से पांच हजार रुपये लूटे थे। पुलिस फरार साथी की तलाश में कांबिंग कर रही है। पुलिस को मौके से लूट में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, कारतूस और खोखा बरामद किया है। डीसीपी उत्तरी गोपाल चौधरी ने बताया कि सोमवार को इंदौराबाग के पास लूट की वारदात हुई थी। सीसी फुटेज में बाइक सवार बदमाश कैद हुए थे। जिनकी तलाश पुलिस कर रही थी। मंगलवार को आउटर रिंग रोड मामपुर बाना के पास क्राइम ब्रांच और बीकेटी पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो बदमाश आते दिखाई पड़े। सिपाहियों ने बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया। जिस पर बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल होकर गिर पड़ा। वहीं, दूसरा मौके से भाग गया। लुटेरे की पहचान हजरतगंज निवासी सचिन नायर के तौर पर हुई।

# पीजीआई के एडवांस डायबिटीज सेंटर में ओपीडी शुरू, 40 बेडों पर होगी भर्ती

- मधुमेह रोगियों की ओपीडी हफ्ते में पांच दिन चलेगी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में बने प्रदेश के पहले एडवांस डायबिटीज सेंटर में अब एक ही छत के नीचे डायबिटीज और डायबिटीज से संबंधित सभी बीमारियों का उपचार शुरू हो गया है। इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने सोमवार से ही ओपीडी में डायबिटीज रोगियों को देखना शुरू कर दिया है।

यहां पर मधुमेह रोगियों की ओपीडी हफ्ते में पांच दिन चलेगी। जबकि नेत्र रोग, नेफ्रोलॉजी और एंडोक्राइन सर्जरी विभाग की ओपीडी अगले माह तक शुरू कर दी जायेगी। यही नहीं अब इस सेंटर के डॉक्टर शुगर जनित बीमारियों की रिसर्च भी करेंगे। सेंटर में जांच से लेकर ओटी तक की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

इंडोक्राइनोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ प्रीति, डॉ सुभाष यादव समेत अन्य संकाय सदस्यों की मौजूदगी में सोमवार को एडवांस डायबिटीज सेंटर में ओपीडी की शुरुआत हुई। निदेशक प्रो आर के धीमन ने बताया कि सेंटर में सोमवार से शुक्रवार तक पांच दिन ओपीडी रोगी देखे जाएंगे। जबकि थायराइड, हार्मोन व अन्य दिक्कतों वाले रोगी नवीन ओपीडी में देखे जा रहे हैं। वर्तमान समय डायबिटीज की ओपीडी में नए और पुराने रोगी करीब 200 देखे जाते हैं। इसमें दूसरे विभागों के कंसल्टेशन वाले रोगी भी शामिल हैं। हालांकि अभी रोगियों की भर्ती पुराने बिल्डिंग के वार्ड में की जा रही है। जल्द ही सेंटर में दूसरे विभाग की ओपीडी शुरू की जाएगी। डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होते ही सेंटर में रोगियों की भर्ती शुरू कर ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू समेत सभी सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। करीब 70 करोड़ की लागत वाले सेंटर में 40 बेड पर शुगर जनित सभी रोगों का इलाज एक छत के नीचे मिलेगा।

रोगियों के उपचार के साथ शोध का भी दायरा बढ़ेगा। सेंटर में ओपीडी से लेकर सामान्य वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर व पैथोलॉजी की सुविधा होगी। यहां डायबिटीज के साथ ही गुर्दा, आंख, पैरों के जख्म (डायबिटिक फुट) समेत अन्य रोगों का उपचार मिलेगा।

# रेरा एजेन्टस का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

- भू-सम्पदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण सर्वोपरि: अध्यक्ष रेरा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भू-सम्पदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हितों एवं भू-सम्पदा सेक्टर के संवर्धन एवं सुनियोजित पारदर्शी पक्रिया के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा (रेरा) द्वारा रेरा एजेन्टस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। सफल प्रशिक्षणर्थियों को रेरा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उ. प्र. रेरा में पंजीकृत कराये जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, भू-समपदा क्षेत्र में होमवायर्स के हितों के दृष्टिगत यह महत्वपूर्ण पहल है। जिसके क्रम में ही आज अध्यक्ष उ. प्र. रेरा द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अध्यक्ष उ. प्र. रेरा की प्रेरणा एवं उनके सफल मार्ग दर्शन मे भू-सम्पदा के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण पहल है।

चार दिवसीय रेरा एजेन्टस प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारम्भ के दौरान अध्यक्ष उ.प्र. रेरा, संजय आर भूसरेडडी ने कहा कि पहले यूपी रेरा एजेंट एजेंसी के लिए कोई भी व्यक्ति अप्लाई करता था और उसको एजेंट बना दिया जाता था, बिना उसके ज्ञान हुनर को देखें, खास करके रेरा के लॉ पर। अब रेरा द्वारा नई व्यवस्था के तहत अब एजेंटस को चार दिन का अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए रेरा द्वारा दो प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किये जा रहे है। एक लखनऊ दूसरा गौतमबुद्ध नगर में है। अभी तक रेरा द्वारा नौ बैचेस का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। यह दसवॉ बैच की में ट्रेनिंग प्रारम्भ हुई।

अध्यक्ष रेरा ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरान्त परीक्षा में उत्तीर्ण पशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, तब वह प्रमाणिक एजेन्ट हो जाता है। क्योंकि प्रशिक्षण में रेरा के लॉ, अधिकार एजेन्ट की जिम्मेदारियां व उनके दायित्वों आदि का बोध कराया जाता है।

उन्होने बताया कि सफल अभ्यर्थी रेरा पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन एजेन्सी के लिए कर सकता है। पहले यह पंजीकरण पॉच वर्ष के लिए होगा। फिर एजेन्टस के कार्य के दृष्टिगत आगे नवीनीकरण किया जायेगा।

अध्यक्ष रेरा ने बताया कि होम बायर जो परेशान रहता है उसे अब परेशानी से नही गुजरना पड़ेगा। क्योकि एजेन्टस का संपूर्ण ब्योरा उसके पास उपलब्ध रहेगा। शिकायते अब कम से कम होगी।

इस अवसर पर सचिव उ. प्र. रेरा, महेन्द्र वर्मा, प्रमुख सलाहकार अबरार अहमद, वित्त परामर्शदाता सुधांशु त्रिपाठी, सयुक्त सचिव उमाशंकर सिंह, सहायक निदेशक सिस्टम अम्बरीस सहित रेरा के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# निजी नर्सिंग कॉलेज की 26 छात्राएं हुईं फूड प्वाइजनिंग की शिकार

- जांच शुरू, एफएसडीए की टीम ने लिया भोजन के नमूने

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित एक निजी नर्सिंग कॉलेज की 26 छात्राएं फूड प्वाइजनिंग की शिकार हो गईं। उल्टी-दस्त व पेट दर्द होने पर सभी को निजी अस्पताल में ले जाया गया। 7 को भर्ती कर लिया गया जबकि 19 छात्राओं को दवा देकर भेज दिया गया। एफएसडीए की टीम ने भोजन व पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। गोमतीनगर विराज खंड हैनीमैन चौराहा स्थित निजी अस्पताल में नर्सिंग कॉलेज का संचालन हो रहा है। सोमवार दोपहर करीब 26 छात्राएं भोजन के बाद बीमार हो गईं। अचानक एक के बाद एक छात्रा ने पेट में दर्द की शिकायत की। फिर छात्राओं को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। कुछ छात्राओं की सांस फूलने लगी। आनन-फानन छात्राओं को परिसर स्थित अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने सभी मरीजों को देखा। 19 छात्राओं को ओपीडी में दवाएं दी गईं। आराम करने की सलाह दी गई। जबकि 7 छात्राओं की डिहाईड्रेशन व पेट में दर्द के कारण भर्ती किया गया। अब सभी बीमार छात्राओं की तबीयत स्थिर है।

नर्सिंग कॉलेज प्रशासन का कहना है कि छात्राओं ने अस्पताल में मौजूद 200 से अधिक लोगों के साथ भोजन किया था। छात्राओं के अलावा सामान्य लोगों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई। दूसरी तरफ अस्पताल प्रशासन ने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए खाने और पानी के नमूनों की जांच के लिए भेजा है। सभी छात्राएं अब सामान्य हैं।

## पोस्टरबाजी और बयानबाजी की आड़ में घिनौनी राजनीति बर्दाश्त नहीं: मायावती

**लखनऊ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश में गुस्से का माहौल है। इसको लेकर लगातार ये मांग की जा रही है कि आतंकियों और पाकिस्तान पर कड़ा एक्शन हो। इसी बीच अब राजनैतिक दलों में भी इसकी बहस शुरू हो गयी है। ऐसे में अब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने राजनीतिक एकजुटता का आह्वान किया है। उन्होंने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सभी पार्टियों को एकजुट होकर सरकार के हर कदम के साथ खड़े होना चाहिए ना कि इसकी आड़ में पोस्टरबाजी व बयानबाजी कर घिनौनी राजनीति की जानी चाहिए क्योंकि लोगों में भ्रम पैदा हो रहा है जोकि देशहित में ठीक नहीं है।' बसपा प्रमुख ने एक अन्य पोस्ट में इस मुद्दे में डॉक्टर क्क्र आंबेडकर का नाम घसीटे जाने के खिलाफ पार्टियों को चेताया।